# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 28 नवंबर 2025


भारतीय शेयर बाजार का नया कीर्तिमान

## सेंसेक्स पहली बार 86,000 के पार, निफ्टी भी ऑल-टाइम 'शिखर' पर



ग्लोबल बाजारों से मजबूत संकेत, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और विदेशी निवेशकों की जबरदस्त खरीदारी से बाजार का जोश हाई दिखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजारों ने गुरुवार को नया कीर्तिमान रच दिया। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए। ग्लोबल बाजारों से मजबूत संकेत, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और विदेशी निवेशकों की जबरदस्त खरीदारी से बाजार का जोश हाई दिखा। निफ्टी ने 26,306.95 का अपना नया ऑल-टाइम हाई छुआ। निफ्टी का पिछला रिकॉर्ड 26,306.95 का था, जो इसके ने 14 महीने 27 सितंबर 2024 को छुआ था। सेंसेक्स ने भी पहली बार 86,000 का आंकड़ा पार करते हुए 86,026.18 का नया ऑलटाइम हाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तेजी की वजहें

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने लगातार दूसरे दिन भारतीय शेयर बाजारों में तगड़ी खरीदारी की। विदेशी निवेशकों की इस लगातार खरीदारी से बाजार को बड़ा सपोर्ट मिला।
- अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक ने दिसंबर में ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं, जिससे शेयर बाजारों में तेजी लौटी है।
- अमेरिकी में ब्याज दरें घटने की उम्मीद
- ब्रेंट क्रूड का भाव गुरुवार को ▶▶ शेष पेज 4 पर


Ninh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



### खबर संक्षेप

#### ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसंबर से, भव्य तैयारियां



**ग्वालियर।** ग्वालियर में हर वर्ष के प्रति इस वर्ष भी श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा 25 दिसंबर से व्यापार मिलेगा आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी मेला 25 दिसंबर से लेकर 25 फरवरी तक चलेगा। ग्वालियर व्यापार मेले में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी समय रहते तय करने के निर्देश दिए गए।

#### एपल पर लग सकता है 3.20 हज़ार करोड़ का जुर्माना



**नई दिल्ली।** अमेरिकी टेक कंपनी एपल की मुश्किलें भारत में बढ़ सकती हैं। यही वजह है कि कंपनी नए नियम का विरोध कर रही है और इसे चैलेंज करने के लिए कोर्ट तक चली गई है। हालांकि ऐपल पर भारत में अभी तक कोई तय जुर्माना नहीं लगा है। लेकिन एंटी कम्पटीशन कानून में बदलाव की वजह से उस पर 38 अरब डॉलर्स की पेनाल्टी खतरा हो गया है।

विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पहली मेगा नीलामी में बेटियों की मेहनत के मूल्य को पहचाना गया


# बेटियों की 'धाक'

## मप्र से 12 खिलाड़ी, क्रांति 50 लाख रुपए में यूपी की हुईं पूजा 85 लाख में आरसीबी की

ऑक्शन में रेलवे और दिल्ली की सबसे ज्यादा 15-15 खिलाड़ी, मुंबई की 14 खिलाड़ी और मप्र, यूपी और महाराष्ट्र की 12-12 खिलाड़ी शामिल की गईं



दीप्ति शर्मा ने बिखेरी अपनी 'दीप्ति'....सबसे महंगा मूल्य... यूपी ने 3.20 करोड़ में अपने से जोड़ा




◀ भोपाल की राहिला फिरदौस को मुंबई ने 10 लाख रुपए में खरीदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पहली मेगा नीलामी गुरुवार को नई दिल्ली के एयरोसिटी स्थित होटल में हुई। इस नीलामी में मध्य प्रदेश की कुल 12 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। शहडोल की पूजा वस्त्रकार को आरसीबी (रॉयल चेलेंजर्स बेंगलुरु) ने 85 लाख रुपए में खरीदा।

उनका बेस प्राइज 50 लाख था। वहीं, छतरपुर की क्रांति गौड़ को यूपी वॉरियर्स ने 50 लाख रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइज 50 लाख रुपए ही था। ग्वालियर की अनुष्का शर्मा को गुजरात टीम ने 45 लाख रुपए में चुना। सीधी की संस्कृति गुप्ता को मुंबई ने 20 लाख रुपए में खरीदा। भोपाल की राहिला फिरदौस को मुंबई ने 10 लाख रुपए में खरीदा। इंदौर की प्रियंका कौशल ऑक्शन में अनसोल्ड रहीं। इन खिलाड़ियों का बेस प्राइज 10 से 50 लाख रुपए रखा गया है।

### सीजन नवी मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घोषणा की कि 2026 का सीजन नवी मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा। 9 जनवरी से शुरू होने वाली यह लीग 5 फरवरी को वडोदरा में होने वाले फाइनल के साथ समाप्त होगी। डब्ल्यूपीएल के अब तक तीन चरण खेले गए हैं, जिसमें मुंबई इंडियंस मौजूदा चैंपियन है। इस बार शेड्यूल में बड़ा बदलाव हुआ है। आमतौर पर फरवरी-मार्च की अवधि में आयोजित होने वाली डब्ल्यूपीएल को एक महीने पहले शिफ्ट किया गया है। वजह है पुरुषों का टी20 विश्व कप, जिसकी शुरुआत 7 फरवरी से हो रही है।

## न्यूजीलैंड की अमीलिया केर 3 करोड़ में मुंबई इंडियंस की हुईं

ऑक्शन में रेलवे और दिल्ली की सबसे ज्यादा 15-15 खिलाड़ी, मुंबई की 14 खिलाड़ी और मप्र, यूपी और महाराष्ट्र की 12-12 खिलाड़ी शामिल की गई हैं। भारत की दीप्ति शर्मा पर सबसे बड़ी बोली लगी, उन्हें 3.20 करोड़ रुपए में यूपी वॉरियर्स ने खरीदा। पिछले सीजन तक उनकी सैलरी 2.6 करोड़ रुपए थी, जो कि अगले सीजन से 3.20 करोड़ रुपए हो जाएगी। मुंबई इंडियंस ने न्यूजीलैंड की अमीलिया केर को 3 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी



### डब्ल्यूपीएल इतिहास की दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी

इस बोली के साथ दीप्ति, स्मृति मंधाना के बाद डब्ल्यूपीएल इतिहास की दूसरी सबसे महंगी खिलाड़ी बन गईं, और महिला क्रिकेट में अपनी छवि एक कंप्लीट और प्रभावी खिलाड़ी के रूप में और मजबूत कर ली।






व्हाइट हाउस के पास 2 नेशनल गार्ड को गोली मारी

# ट्रंप आगबबूला-ये आतंकी हमला हमलावर को कीमत चुकानी होगी

वॉशिंगटन में 500 अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती करने के निर्देश

## अफगान नागरिकों की होगी सख्त जांच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

व्हाइट हाउस के निकट 2 नेशनल गार्ड को गोली मार दी गई, जिसके बाद दोनों की हालत गंभीर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए इसे जघन्य हमला और आतंकवादी कृत्य करार दिया है। इसके अलावा ट्रंप ने पेंटागन को अमेरिकी राजधानी वॉशिंगटन में 500 अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं।

वेस्ट वर्जीनिया नेशनल गार्ड के इन सैनिकों पर बुधवार दोपहर को व्हाइट हाउस से कुछ ही ब्लॉक की दूरी पर घात लगाकर हमला किया गया। हमले के बाद परिसर को तुरंत बंद कर दिया गया और कानून प्रवर्तन एजेंसियां इलाके में जांच पड़ताल कर रही हैं। इस घटना के समय ट्रंप फ्लोरिडा स्थित अपने मार-ए-लागो ▶▶ शेष पेज 4 पर



बाएं से ट्रंप... बगल में गिरफ्तार अफगान नागरिक

### अमेरिका में घुसे हर एक एलियन की फिर से जांच

ट्रंप ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के राज में अफगानिस्तान से अमेरिका में घुसे हर एक एलियन की फिर से जांच की जाएगी। नेशनल गार्ड मेंबर्स पर गोलीबारी पर ट्रंप ने कहा कि डीएएचएस को यकीन है कि संदिग्ध 2021 में अफ़गानिस्तान से अमेरिका में घुसा था। ट्रंप के इस ऐलान से अब अमेरिका में रह रहे अफगान नागरिकों की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी, क्योंकि उन्हें अब सख्त जांच से गुजरना होगा।











गुना में यूरिया वितरण पर सवाल



मृतक भुरिया बाई



विलाप करते परिजन

# खाद के लिए दो दिन लाइन में खड़ी रही महिला की गई जान

▶▶ कलेक्टर का दावा- महिला की मौत ब्लड शुगर लेवल बढ़ने से हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के बमोरी विधानसभा क्षेत्र में खाद वितरण में अव्यवस्था की अफरा-तफरी बुधवार रात एक दर्दनाक मोड़ ले गई। कुशेपुर गांव की आदिवासी महिला किसान भुरिया बाई की मौत ने पूरे जिले को झकझोर दिया है।

दो दिनों से बागेरी खाद केंद्र पर लाइन में लगी भुरिया बाई ठंड, भूख-प्यास और थकान से कमजोर हो गई थीं। अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि लंबी कतार और ठंड में इंतजार ने उनकी हालत खराब कर दी। घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया। कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि महिला की मौत ब्लड शुगर लेवल बढ़ने और स्वास्थ्य खराब होने के कारण हुई। उन्होंने किसानों से अपील की कि जिले में खाद की पर्याप्त आपूर्ति है, इसलिए अनावश्यक भीड़ न लगाएं। कांग्रेस विधायक ऋषि अग्रवाल ने सवाल उठाए अगर खाद पर्याप्त है तो किसान लाइन में क्यों खड़े हैं? घटना की जानकारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

ट्रोलिंग के बाद डिप्टी सीएम और पूर्व मंत्री का आईएएस वर्मा पर पलटवार

# बहन-बेटियों पर ऐसी टिप्पणी विकृत मानसिकता का लक्षण, जवाब सही न मिलने पर होगा एक्शन

### भार्गव बोले - कर्मचारी संगठन ने अब तक कार्रवाई न करने पर सरकार की नीयत पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अजाक्स के प्रांताध्यक्ष और आईएएस अफसर संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहू लाने वाले बयान पर सरकार ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। वहीं, आईएएस के इस बयान पर भाजपा के मंत्रियों, विधायकों और सीनियर नेताओं की चुप्पी को लेकर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल और पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा सोशल मीडिया पर ट्रोल किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के बाद डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने चुप्पी तोड़ी है।

डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल ने फेसबुक पर लिखा- एक आईएएस अधिकारी द्वारा बहन एवं बेटियों को लेकर की गई टिप्पणी अत्यंत आपत्तिजनक, असंवेदनशील और समाज में अनावश्यक विभाजन पैदा करने वाली है।


आईएएस संतोष वर्मा और डॉ नरोत्तम मिश्रा

किसी भी समाज की बहन एवं बेटियों के विरुद्ध ऐसी टिप्पणी विकृत मानसिकता का परिलक्षण है। डिप्टी सीएम ने लिखा- एक उच्च पद पर बैठे अधिकारी के ऐसे विचार न केवल सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाते हैं बल्कि प्रशासनिक गरिमा पर भी प्रश्न उठाते हैं। सरकार की स्पष्ट मान्यता है कि किसी भी जिम्मेदार पद पर बैठे अधिकारी द्वारा मातृ शक्ति के विरुद्ध ऐसी टिप्पणी करना सामाजिक समरसता और संवैधानिक मयार्दा दोनों के विरुद्ध है।

### सही जवाब न मिलने पर कार्रवाई भी होगी


डिप्टी सीएम शुक्ल।

राजेन्द्र शुक्ल ने लिखा- इस प्रकार की सोच भारतीय संस्कृति और हमारी परंपराओं का भी अपमान करती है। सभी वर्गों का सम्मान हमारी परंपरा का मूल है और किसी भी समुदाय विशेष को लक्षित कर की गई टिप्पणी स्वीकार नहीं की जा सकती। इसी आधार पर सरकार द्वारा उनसे बयान पर स्पष्टीकरण मांगा गया है जो संतुष्टि प्रदायक न होने पर आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के तमाम लोग डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल और नरोत्तम मिश्रा को आईएएस संतोष वर्मा के मामले में चुप रहने पर घेर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से मिलेंगे भार्गव


गोपाल भार्गव

अजाक्स के नव निर्वाचित अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष कुमार वर्मा के खिलाफ कार्रवाई के लिए पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव जल्दी ही मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से मिलेंगे। उधर अजाक्स अध्यक्ष के ब्राह्मणों की बेटियों को लेकर दिए बयान पर अब तक सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर मंत्रालय अधिकारी कर्मचारी संघ ने सरकारी की नीयत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संघ ने कहा है कि अजाक्स को लाड़ला बनाकर काम कर रही सरकार बेखौफ होकर बहन बेटियों के बारे में गंदी बयानबाजी करने का दुस्साहस करने की छूट दे रही है।

### 'ब्राह्मण की बेटी' बयान के विरोध में उग्र प्रदर्शन



ब्राह्मण समाज ने किया प्रदर्शन।

आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की महिलाओं और बेटियों को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर गुरुवार को भी विरोध प्रदर्शन हुआ। ब्राह्मण समाज के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने रोशनपुरा चौराहे पर जमकर नारेबाजी की और संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग को बुलंद किया। समाज के लोगों की भारी मौजूदगी के बीच संतोष वर्मा का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि मध्य प्रदेश कैडर के इस आईएएस अधिकारी ने पहले भी ऐसे विवादित और समाज विशेष को आहत करने वाले बयान दिए हैं, लेकिन उनके खिलाफ अब तक सख्त कार्रवाई नहीं की गई।

#### कई प्रमुख नेता हिरासत में

प्रदर्शन उग्र होता देख पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और कई ब्राह्मण समाज के नेताओं को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार होने वालों में कर्मचारी नेता सुधीर नायक, निगम भोपाल के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मिश्र आदि शामिल हैं।

---

सर्दी से हार्ट अटैक और पैरालिसिस की ओपीडी भी 25 प्रतिशत बढ़ी

# सर्दी ने बिगाड़ी सेहत: सर्दी-खांसी हो या वायरल फीवर, ठीक होने में लग रहे 12 से लेकर 15 दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में नवंबर में पड़ रही सर्दी ने लोगों की सेहत पर अटैक करना शुरू कर दिया है। शहर जेपी हो हमीदिया अस्पताल में पहुंचने वाला हर दूसरा मरीज वायरल फीवर, सर्दी-खांसी से पीड़ित है। चार से पांच दिन में ठीक होने वाले सर्दी-खांसी, अब 12 से 15 दिन में ठीक हो रही है। जेपी, हमीदिया हो या फिर एम्स अस्पताल की ओपीडी में हर रोज 800 से 900 मरीज वायरल फीवर, बुखार, सर्दी, जुकाम से पीड़ति मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं।

इसमें सबसे ज्यादा करीब 30 प्रतिशत सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार आदि का इलाज करवाने आए। शहर के निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एक हफ्ते में ओपीडी में 35 फीसदी मरीजों का इजाफा हो गया है। जो मरीज बढ़े हैं, उनमें ज्यादातर सर्दी-खांसी और वायरल इंफेक्शन के हैं।


जेपी अस्पताल में उपचार कराने आए मरीज पर्चा बनावाने के लिए लाइन में खड़े हुए।

### हार्टअटैक और पैरालिसिस के मरीज बढ़े

कड़ाके की ठंड के बीच भोपाल में एक नई चुनौती आ गई है। शहर में अचानक हार्टअटैक और पैरालिसिस के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। पिछले 24 घंटे में राजधानी में हार्ट अटैक के 36 मरीज और पैरालिसिस के 19 मरीज अलग-अलग अस्पतालों में पहुंचे हैं। सबसे ज्यादा 24 मरीज निजी अस्पताल में भर्ती किए गए हैं।

### जेपी में दोगुना हुई मरीजों की संख्या

गुरूवार को रात का तापमान 15 डिग्री पर था, वहीं बुधवार को 16 डिग्री पर पहुंच गया। रात के तापमान में इस उतार-चढ़ाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। अस्पतालों की ओपीडी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा मरीज सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार और एलर्जी के हैं। पहले जहां जेपी अस्पताल में इन बीमारियों के दिनभर में करीब 350 मरीज आते थे, वहीं, अब इनकी संख्या बढ़कर 700 के पार पहुंच गई है। हमीदिया में भी इन बीमारियों के मरीजों की संख्या 600 से बढ़कर 900 के पार पहुंच गई है।

### न मास्क और न ही डिस्टेंसिंग का ख्याल

जेपी अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ योगेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पिछले साल इन्हीं दिनों में मरीजों की संख्या बेहद कम थी। इसकी वजह रही कि लोगों ने मास्क का उपयोग किया। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही इम्युनिटी का भी खूब ख्याल रखा। अब लोग न तो मास्क का उपयोग कर रहे हैं और न डिस्टेंसिंग का पालन हो रहा है।

### जेपी अस्पताल: मरीजों की सुधरेगी सेहत, दाल-चावल, सब्जी-रोटी के साथ मिलेंगे

**भोपाल।** मरीजों की सेहत सुधारने के लिए राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में अब दाल-चालव, सब्जी-रोटी के आलावा मरीजों को ड्रायफूड भी दिए जाएंगे। इतना ही नहीं मरीजों को सुबह के नाश्ते में चाय बिस्किट की बजाए अब पोहा इटली-डोसा और उपमा भी दिया जाएगा। यह सुविधा भर्ती मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी मिलेगी। हालांकि मरीजों के लिए यह सुविधा पहले की तरह मुफ्त होगी लेकिन परिजनों को भोजन के लिए तय शुल्क का भुगतान करना होगा।

#### हर दिन मिलेगा अलग-अलग भोजन

नए मैन्यू के अनुसार मरीजों को उपमा, मिठाइयां और दूध से लेकर पनीर, सलाद, अचार और पापड़ आदि भोजन दिया जाएगा। अभी अस्पतालों में मरीजों को दूध-ब्रेड के साथ दाल, रोटी और चावल ही दिया जाता है। नए मैन्यु के अनुसार मरीजों को हर दिन नया खाना दिया जाएगा।

---

कलश यात्रा के साथ राम कथा का श्रीगणेश

# गुरुदेव का काम जीव को ईश्वर से जोड़ना: मुरलीधर


कलश यात्रा का दृश्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सकल समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, भोपाल द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव के प्रथम दिवस जंबूरी मैदान श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। प्रथम दिवस अंतर्राष्ट्रीय संत कथा वाचक मुरलीधर महाराज ने अपने दिव्य प्रवचनों में गुरुतत्त्व का महात्म्य बताते हुए कहा कि माता-पिता और शिक्षक हमें जगत से जोड़ते हैं, व्यवहार और जीविकोपार्जन की शिक्षा देते हैं। इससे पूर्व कलश यात्रा में भक्तों की भारी भीड़ एकत्रित हुई।

#### भक्ति की धूम

संगीतमयी प्रस्तुति के बीच जब महाराजश्री ने गुरुदेव दया करके मुझे अपना लो और मन सीताराम सीताराम रट रे के भजनों का गायन किया तो पूरा पंडाल भक्तिरस से झूम उठा और श्रोता नृत्य करने लगे।

---

केंद्रीय मंत्री ने दिल्ली में किया सम्मानित

# सामाजिक कार्यों में निभाई गई मीणा की भूमिका सराहनीय


जगदीश मीणा (फाइल फोटो)

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**गरीबों के उत्थान, शिक्षा सहित कई काम प्रशंसनीय**

राष्ट्रीय सर्व मीणा समाज का विशेष सम्मेलन दिल्ली में आयोजित किया गया। जहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीणा को समाज सेवा, शिक्षा, गरीबों के उत्थान और मीणा समाज के संगठन को मजबूत करने के योगदान के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया गया। जगदीश मीणा न केवल निर्धन परिवारों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराने में लगातार अग्रणी रहे हैं, बल्कि मीणा समाज में युवा वर्ग को शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष अभियान भी संचालित कर रहे हैं। इस अवसर पर श्री मीणा ने कहा हमारा उद्देश्य सिर्फ सम्मान पाना नहीं, बल्कि समाज को आगे बढ़ाना है। हम सबको मिलकर मध्य प्रदेश और मीणा समाज दोनों के विकास में योगदान देना है तथा जरूरतमंदों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना है। इस मौके पर भोपाल जिला अध्यक्ष भैयालाल रांछी, डॉक्टर लक्ष्मी मीणा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्राम सिंह मीणा ,बनवारी मीणा रामबाबू मीना रामस्वरूप मीणा हरि सिंह मीणा आदि सामाजिक शामिल हुए।

---

मुख्य समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

# अभाविप: वीआईटी मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग


मंत्री को ज्ञापन सौंपता छात्र संगठन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अभाविप ने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि वीआईटी भोपाल में पिछले दिनों सामने आए गंभीर स्वास्थ्य संकट, भोजन-पेयजल की अव्यवस्था, विवि प्रबंधन की निरंतर लापरवाही, पारदर्शिता के अभाव और भ्रामक संस्थागत नाम जैसी गंभीर अनियमितताएं हैं। सीहोर के प्रांत कार्य समिति सदस्य हर्षित मेवाड़ा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में यह भी बताया कि वीआईटी परिसर में सत्रह हजार से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन स्वास्थ्य, सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, स्वच्छ भोजन-पानी और प्रशासनिक जवाबदेही जैसी बुनियादी आवश्यकताएं तक उपलब्ध नहीं हैं। छात्रों को उनकी इच्छा के विरुद्ध कमरों में बंद करना, आवाज़ उठाने पर दबाव बनाना और प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा कर्मियों द्वारा बल प्रयोग करना अत्यंत गंभीर मामले हैं, जिन्हें अब तक किसी भी स्तर पर उचित रूप से नहीं लिया गया है। प्रांत कार्यसमिति सदस्य हर्षित मेवाड़ा ने बताया कि अभाविप ने इन समस्याओं को विवि प्रशासन, जिला प्रशासन, निजी विवि आयोग और तकनीकी शिक्षा विभाग तक पूर्व में भी ज्ञापन सौंपे, लेकिन आज तक एक भी ठोस और निर्णायक कार्यवाही नहीं सकी है।

---

जादूगर प्रिंस दिखा रहे हैरतअंगेज व जादुई कारनामे

# भोजपाल महोत्सव मेला: मेले में लगाई गई केंद्र-राज्य सरकार की प्रदर्शनी दे रही योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भोपाल। भेल दशहरा मैदान पर चल रहे प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव मेले में जादूगर प्रिंस अपने जादुई करतब से लोगों को दांतों तले अंगुलिया दबाने को मजबूर कर रहे हैं। उनकी एक-एक प्रस्तुति पर लोगों के दिल से आह निकल पड़ती है। जादूगर प्रिंस मेले में रोजाना दो शो शाम 5 से 7 और रात 8 से 10 बजे तक शो दिखा रहे हैं। रविवार को तीन शो दिखाया जा रहा है। पहला शो दोपहर 2 से 4 बजे तक चलता है।

बता दें कि जादूगर प्रिंस अपने हैरतअंगेज कारनामों के लिए काफी मशहूर हैं। इनमें पलक झपकते ही ड्रेस बदलना, यह उनका एक रिकॉर्ड-तोड़ कारनामा है, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। लडक़ी को बीच से काटकर दो टुकड़े कर देना और फिर जिंदा कर देना, नोटों की बारिश, मंच पर अचानक नोटों की बारिश करना भी उनके मशहूर शोज में से एक है।


भोजपाल महोत्सव का फाइल फोटो।

### प्रिंस ऑफ एशिया

जादूगर प्रिंस को भारत के सबसे कम उम्र के जादूगरों में से एक माना जाता है। उन्होंने अपने पिता वीडी बैरागी बड़े जादूगरों में से एक थे। प्रिंस 7 साल की उम्र से पिता की तालीम के साथ जादू का करतब दिखाना शुरू किया था। बीते 16 सालों से एक से बढ़कर एक करतब दिखा रहे हैं। उनके शो में न केवल जादू के हैरतअंगेज कारनामे होते हैं, बल्कि कॉमेडी, डांस और मनमोहक इल्यूजन भी शामिल होते हैं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।

#### ट्रेडिशनल सेल्फी जोन

मेले में ट्रेडिशनल सेल्फी जोन बनाया गया है, जिसमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं को बखूबी दर्शाया गया है। यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग परिवार और दोस्तों के साथ पहुंच कर सेल्फी लेकर मेले में बिताए गए पलों को यादगार बना रहे हैं।

मेले में लगाई गई मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की प्रदर्शनी लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है। मेले में पहुंचने वाले लोग भक्ति भाव, मनोरंजन, खरीदारी के साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल कर रहे हैं।



भोपाल
शुक्रवार, 28 नवंबर 2025
अगहन मास शुक्ल पक्ष-08
वर्ष : 12, अंक : 238
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 14

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



इन्हीं मुस्लिम युवकों ने सलमान को पकड़कर पुलिस को सौंपा

गांधीनगर इलाके में आरोपी सलमान ढूंढ रहा था किराए का मकान, मुस्लिम बस्ती में मिला

# छह दिन बाद आधी रात को भोपाल से दबोचा गया छह साल की मासूम बच्ची का गुनहगार



गांधी नगर थाने के बाहर जुटी भीड़



आरोपी सलमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

21 नवंबर को 6 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी करने वाला आरोपी सलमान अंततः गुरुवार देर रात भोपाल से दबोच लिया गया। लगातार पुलिस पर बढ़ते दबाव के कारण राजधानी पुलिस भी सक्रिय थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली की आरोपी सलमान गांधीनगर स्थित वार्ड नंबर 11 एक चाय की दुकान में खड़ा है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आरोपी पूछताछ में बोला- जंगल के रास्ते पैदल आया, गौहरगंज पुलिस साथ ले गई**

**जय मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंचे**

### 21 नवंबर को हुई थी वारदात

जिले के गौहरगंज इलाके में 21 नवंबर को पंजारा गांव की एक 6 साल की बच्ची शाम को अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाला 23 साल का आरोपी सलमान उर्फ नजर ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आक्रोशित लोग कर रहे प्रदर्शन फांसी और एनकाउंटर की मांग

दुष्कर्म की घटना सामने आते ही इलाके में सनसनी फैल गई। बीते छह दिन से स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। लोग आरोपी सलमान को फांसी देने और उसका एनकाउंटर करने की मांग शुरू कर दी। रायसेन, मंडीदीप, सीहोर और ओबेदुल्लागंज जैसे इलाकों ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सलमान की तलाश में लगे थे 300 पुलिसकर्मी

आरोपी सलमान की तलाश में 15 से 18 टीमें जुटी हुई थीं, कुल 300 पुलिसकर्मी जमीनी स्तर पर उसे ढूंढ रहे थे। पहले उसपर 10 हजार रुपए का इनाम था, बाद बढ़ाकर 30 हजार रुपए कर दिया गया। गुरुवार को सलमान के दो वीडियो भी सामने आए थे। वहीं सुल्तानपुर रायसेन के निवासी रॉबी सिंह ने सलमान की सूचना बताने वालों को एक लाख ईनाम देने की घोषणा की थी। साथ ही पीड़ित बच्ची के शिक्षा का दायित्व उठाने की भी जिम्मेदारी ली है।

### सीएम ने रायसेन एसपी को हटाया था

बीते दिनों सीएम डॉ. मोहन यादव ने रात सवा 8 बजे पीएचक्यू में सीएस, डीजीपी, एडीजी इंटेलिजेंस , पुलिस कमिश्नर भोपाल समेत उच्च अधिकारियों की बैठक ली थी। इस दौरान रायसेन में बच्ची से रेप के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर उन्होंने नाखुशी जताई। साथ ही चक्काजाम पर पुलिस की ढीली कार्रवाई से भी नाराज दिखे। उन्होंने रायसेन एसपी पंकज पांडेय को हटाकर मुख्यालय अटैच करने के निर्देश दिए। उनकी जगह आशुतोष को रायसेन का नया एसपी बनाया गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मुंबई में व्यापारी को लगाया 35 करोड़ का चूना

**मुंबई।** माटुंगा वेस्ट के 72 वर्षीय बुजुर्ग कारोबारी भरत हरकचंद शहा के साथ 35 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है। उन्होंने गोरेगांव (पूर्व) स्थित ग्लोब कैपिटल मार्केट लिमिटेड पर उनके और उनकी पत्नी के डीमेट खातों में हेरफेर का आरोप कर ठगी का आरोप लगाया। कहा कि कंपनी ने धोखे से ट्रेडिंग में फंसाकी करोड़ों रुपए के शेयर बेचे।



### खड़े ट्रक में जा घुसी कार, दो की मौत

**सीहोर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर गुरुवार की सुबह दरबार ढाबे के पास महू का एक परिवार दुर्घटना का शिकार हो गया। पांच लोग एक विवाह समारोह के लिए भोपाल जा रहे थे। दरबार ढाबे के पास उनकी कार खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हैं। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए।



### हर हिंदू पैदा करे कम से कम 4 बच्चे: शास्त्री

**शिवपुरी।** धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदुओं को कम से कम 4 बच्चे पैदा करने की नसीहत दी है। उन्होंने हिंदुओं की घटती आबादी पर चिंता भी जताई है। शिवपुरी में शास्त्री ने कहा कि जब चच्चे के तीस बच्चे हो सकते हैं, तो हिंदुओं के चार क्यों नहीं? देश को गजवा-ए-हिंद नहीं होने देंगे। हमें इसे 'भगवा हिंद' बनाना है। इसके लिए संसद में जाने की जरूरत नहीं है।



वीआईटी छात्रों का गंभीर आरोप... कॉलेज में जेल के कैदियों जैसा बर्ताव

# सीएम ने लिया संज्ञान, मंत्री गौर पहुंचीं सीहोर कॉलेज का दौरा कर कहा-प्रबंधन की स्पष्ट चूक

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित की है। प्रभारी मंत्री गौर को तत्काल सीहोर भेजा*



वीआईटी कॉलेज में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर/भोपाल

कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज परिसर में भोजन और पेयजल की गुणवत्ता को लेकर छात्रों के उग्र विरोध प्रदर्शन और तोड़फोड़ के बाद से परिसर का माहौल गरमाया हुआ है। इस घटना ने कॉलेज प्रबंधन पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रबंधन के छुट्टी के फरमान के बाद घर जा रहे छात्रों ने मीडिया के सामने जेल के कैदियों जैसा बर्ताव किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। वीआईटी में पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि वे 7 से 10 लाख रुपए की भारी-भरकम फीस जमा करते हैं, लेकिन उन्हें जो भोजन परोसा जाता है, उसकी गुणवत्ता बेहद खराब होती है और उसका मैन्यू भी प्रबंधन द्वारा फिक्स रखा जाता है। एक छात्र ने आरोप लगाया जब हम कॉलेज प्रबंधन से शिकायत करते हैं तो हमें तुरंत कॉलेज ▶▶ शेष पेज 4 पर

**घटिया भोजन की आवाज उठाने पर सस्पेंड या नंबर कम करने की धमकी**



मंत्री कृष्णा गौर ने वीआईटी कॉलेज में पहुंचकर छात्राओं से बात की



नेहा साहूकार (मृतक)

*पिता के भावुक मेल ने खोली हॉस्टल अव्यवस्था की पोल*

*खराब भोजन और संस्थान प्रबंधन की लापरवाही ने ली जान*

## प्रशासन का डबल एक्शन... दो एफआईआर दर्ज

उधर, जिला पुलिस और प्रशासन ने तोड़फोड़ और मारपीट की घटना पर डबल एक्शन लिया है। पुलिस ने दो अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज किए हैं। कॉलेज प्रबंधन द्वारा परिसर में हुए लाखों के नुकसान की शिकायत पर पुलिस ने थाना आष्टा में अज्ञात छात्रों के खिलाफ बलवा, आगजनी, तोड़फोड़ एवं अन्य सुसंगत धाराओं में मामला ▶▶ शेष पेज 4 पर

### खाद्य सैंपल जांच के लिए भेजे गए

पीएचई एवं खाद्य सुरक्षा विभाग ने तत्काल भोजन और पेयजल के सैंपल जांच के लिए ले लिए हैं। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने कॉलेज प्रबंधन से विस्तृत चर्चा कर घटना के मूल कारण जाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुधारों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### बेटी 10 दिन आईसीयू में लड़ती रही और फिर हुई मौत

वीआईटी में पढ़ने वाली 19 वर्षीय छात्रा नेहा साहूकार की मौत के बाद कैंपस में लगातार तनाव बना हुआ है। नेहा के बिलासपुर निवासी पिता सुनील साहूकार का एक भावुक ईमेल सामने आया है, जिसने वीआईटी में अव्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। सुनील कुमार साहुकार ने कॉलेज प्रबंधन को भेजे मेल में लिखा कि उनकी बेटी का 24 नवंबर को बिलासपुर में निधन हो गया था। वह आईसीयू में 10 दिन तक लड़ती रही। उसकी ट्यूशन और हॉस्टल फीस वापस करने पर विचार करें। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### 8 दिसंबर तक छुट्टी कैंपस में सन्नाटा

कॉलेज प्रशासन ने 8 दिसंबर तक अवकाश घोषित कर दिया है। जिसके चलते लगभग 70% छात्राएं अपने-अपने घर रवाना हो चुकी हैं फिलहाल कैंपस में केवल वही कुछ छात्राएं मौजूद हैं जिनके पास घर जाने का कोई साधन उपलब्ध नहीं है।

भगवान श्रीराम की कांस्य मूर्ति



गोवा में दुनिया की सबसे ऊंची श्रीराम प्रतिमा का आज अनावरण करेंगे पीएम

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार ने ही बनाई 77 फीट लंबी प्रतिमा

**दक्षिण गोवा जिले में श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगेगी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण गोवा जिले में शुक्रवार को श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में भगवान राम की 77 फुट ऊंची कांस्य की मूर्ति का अनावरण करेंगे। मठ की केंद्रीय समिति के अध्यक्ष श्रीनिवास डेंपो ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 3.45 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। मठ परिसर में एक विशेष हेलीपैड बनाया गया है। गोवा लोक निर्माण विभाग के मंत्री दिगंबर कामत ने कहा कि गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का डिजाइन तैयार करने वाले मूर्तिकार राम सुतार ने ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कलेक्टर और जिला टीम को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दी शुभकामनाएं**

मध्यप्रदेश के अशोकनगर ने रचा इतिहास

# एसआईआर में 100% डिजिटाइजेशन पूरा करने वाला पहला जिला बना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के अशोकनगर ने इतिहास रच दिया है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूरा करने वाला प्रदेश का पहला जिला बनकर अशोकनगर ने पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया है।

खासतौर पर एसआईआर के दूसरे चरण में 100 प्रतिशत डिजिटल कार्य करने में यह जिला अव्वल साबित हुआ। यह उपलब्धि राज्य में चुनावी तैयारियों



और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह सहित पूरी जिला टीम को बधाई दी। उन्होंने लिखा कि अशोकनगर ने इतिहास रचा। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में 100 फ़ीसदी डिजिटाइजेशन पूरा करने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह और पूरे ज़िले की टीम को हार्दिक बधाई। झा ने इसे निर्वाचन प्रबंधन में तकनीकी दक्षता, डिजिटल नवाचार और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जिले में कुल 6 लाख 45 हजार मतदाता

अशोकनगर में एसआईआर का काम 4 नवंबर से शुरू हुआ था। जिले में कुल 6 लाख 45 हजार मतदाता हैं। अब इन मतदाताओं के फॉर्म का डिजिटाइजेशन हो चुका है। खास बात ये कि अशोकनगर में मतदाता सूची के लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर है, लेकिन, 100% काम 27 नवंबर को ही पूरा हो गया।

# युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस ने चलाई वाटर कैनन

पानी के प्रेशर से बेरिकेड से गिरे कई कार्यकर्ता



पुलिस ने 80 कार्यकर्ताओं को पकड़ा और पुरानी जेल के पास ले जाकर छोड़ दिया

**चुनाव आयोग दफ्तर घेरने जा रहे थे**

**भोपाल।** मप्र यूथ कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेशभर से भोपाल आए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर एसआईआर का विरोध किया। वे जुलूस की शक्ल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ऑफिस का ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नायब तहसीलदार ज्योति का आरोप गार्ड अनर्गल बात करता था**

नायब तहसीलदार ने गार्ड को पीटा

# थप्पड़ के बाद डंडों की बरसात 'मैडम' की हरकत कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मुरैना तहसील में पदस्थ महिला नायब तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार ने एक निजी बिल्डिंग के सुरक्षा गार्ड की डंडे से पिटाई कर दी।

घटना बुधवार शाम की है, जो बिल्डिंग के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। पीड़ित 50 वर्षीय गार्ड ने सिटी कोतवाली पहुंचकर तहसीलदार के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया है। चूंकि मामला एक प्रशासनिक अधिकारी से जुड़ा है, पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की



ज्योति लाक्षाकार

बात कह रही है। गार्ड मोहरमन शर्मा ने आवेदन में बताया कि बिल्डिंग में रहने वाली ज्योति मैडम ने ड्राइवर अल्ली के जरिए मुझे बुलाया। उन्होंने पूछा कि तू मेरे ड्राइवर से क्या बोल रहा था? मैंने जवाब दिया कि मैडम आज अपनी गाड़ी में नहीं गईं, किसी अन्य गाड़ी में गई हैं। आरोप है कि इस बात से नाराज नायब तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार ने पहले गार्ड को थप्पड़ मारे। इसके बाद उन्होंने गार्ड रूम से डंडा उठाया और उससे मारपीट शुरू कर दी। मैडम ने गालियां भी दीं। यह पूरी घटना वहां मौजूद अन्य गार्डों ने भी देखी। मामला राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर स्थित रॉयल रेजीडेंसी का बताया जा रहा है, जहां नायब ▶▶ शेष पेज 4 पर

मेडिकल कॉलेजों की मान्यता में अनियमितताओं को लेकर एक्शन

**मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से जुड़ी जानकारी लीक करने का आरोप**

# मप्र और तेलंगाना से लेकर यूपी तक 15 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मेडिकल कॉलेजों की मान्यता में अनियमितताओं के मामले में गुरुवार को देशभर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी की।

यह कार्रवाई सीबीआई की ओर से 30 जून 2024 को दर्ज एफआईआर के आधार पर की जा रही है। इसमें आरोप है कि नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अधिकारियों सहित सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के एनएमसी-मेडिकल कॉलेजों पर आई आंच**

भारत-म्यांमार सीमा पर ड्रग्स तस्करी मामले में की गई छापेमारी



म्यांमार बॉर्डर पर मिले रुपए

इस बीच ईडी ने भारत-म्यांमार सीमा पर ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन शोधन मामले में छापेमारी की। इसके साथ ही गुजरात और असम के कुछ स्थानों की भी तलाशी ली गई। जांच के दौरान एजेंसी ने 35 लाख रुपए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एफआईआर में 34 लोग नामजद

एफआईआर में 34 लोगों को नामजद किया गया था, जिनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के आठ अधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अधिकारी और राष्ट्रीय चिकित्सा आयुक्त (एनएमसी) निरीक्षण दल के पांच डॉक्टर शामिल थे। जांच के दौरान सीबीआई ने अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन एनएमसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**गंभीर स्तर की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप**

ईडी अधिकारियों के अनुसार इस कथित रैकेट के जरिए मेडिकल कॉलेजों को पैरामीटर में बदलाव और अनुकूल रिपोर्ट पाने का मौका मिला। सीबीआई ने इस नेटवर्क को उजागर करते हुए बताया था कि इसमें केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी, एनएमसी के सदस्य, बिचौलिए और निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रतिनिधि शामिल थे, जो गंभीर स्तर की अनियमितताओं और भ्रष्टाचार में लिप्त थे।

## खबर संक्षेप

### भोपाल सिटीजंस फोरम ने सीएस को लिखा पत्र

**भोपाल।** शहर के बड़े तालाब के जलग्रहण क्षेत्र में आवास निर्माण के विरोध में भोपाल सिटीजंस फोरम ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। फोरम के संयोजक सुरेंद्र तिवारी ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि तालाबों के जलग्रहण क्षेत्र में आवासीय प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलना ठीक नहीं है। निगम द्वारा किए गए निर्माण को यदि मान्यता दी जाती है तो जलग्रहण क्षेत्र में अन्य विकास संभावना तेज हो जाएगी जो तालाब के स्वास्थ्य के लिए हानिकारण सिद्ध होगा।

### वकीलों ने कहा- डाऊ केमिकल घटना के समय अस्तित्व में नहीं थी

**भोपाल।** यूनियन कार्बाइड कारखाना गैस दुर्घटना मामले में यूनियन काबाईड कंपनी को खरीदने वाली डाउ केमिकल कंपनी की आपराधिक जिम्मेदारी निर्धारित किए जाने को लेकर जिला न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। डाउ केमिकल डाव केमिकल के अधिकृत प्रतिनिधि एमी विल्सन की ओर से वकीलों ने तर्क प्रस्तुत किए कि डाउ ने कोई अपराध नहीं किया है। क्योंकि उसने आपदा के 17 साल के बाद यूनियन कार्बाइड कंपनी को खरीदा था। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हेमलता अहिरवार के न्यायालय में सुनवाई के दौरान डाऊ केमिकल कंपनी वकीलों का कहना था कि यूनियन कार्बाइड कारखाना गैस दुर्घटना वर्ष 1984 में घटित हुई थी। इसके लगभग तीन वर्ष बाद पुलिस ने जिला न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया था। पुलिस द्वारा जिला न्यायालय में प्रस्तुत किए गए चालान में 11 आरोपी बनाए गए थे। इन 11 आरोपियों में डाऊ केमिकल कंपनी का नाम नहीं था। गैस दुर्घटना के समय डाऊ केमिकल कंपनी भारत अस्तित्व में भी नहीं थी। इसलिए डाऊ केमिकल कंपनी को आरोपी नहीं बनाया जा सकता है।

### वरिष्ठ भाजपा नेता शैतान सिंह के भाई का निधन

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल के भाई नन्नूलाल पाल का गुरुवार को राजधानी में निधन हो गया। श्री पाल 76 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 11 बजे शाहपुरा स्थित शैतान सिंह पाल मार्केट से भदभदा विश्राम घाट के लिए रवाना होगी।

## 70 करोड़ रुपए के आयुर्वेदिक महाविद्यालय की दी सौगात

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना में किया 162 करोड़ से ज्यादा के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गुरुवार को श्योपुर के बाद मुरैना पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौगातों का पिटारा खोल दिया। एसएएफ पुलिस ग्राउंड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में उन्होंने 162.55 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

इन विकास कार्यो में नया आयुर्वेदिक महाविद्यालय, 100 बिस्तरीय अस्पताल, न्यू तहसील भवन और कई शैक्षिक संस्थान शामिल हैं। इस दौरान जिले के प्रभारी मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**प्रशासनिक भवन का किया लोकार्पण, काम में आएगी तेजी**

**मुरैना के विकास कार्यों में नहीं छोड़ेंगे कोई भी कोर कसर**




मुरैना में विकास कार्यो का भूमिपूजन करते सीएम और विस अध्यक्ष।

### सौ बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल भी किया जाएगा विकसित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा मुरैना को दिया गया लगभग 70 करोड़ रु लागत का नया आयुर्वेदिक महाविद्यालय भवन प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने घोषणा की कि इसी परिसर में 100 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक आयुर्वेदिक अस्पताल भी विकसित किया जाएगा, जिससे जिले में चिकित्सा सुविधाओं में बड़ा विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि मुरैना के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### तहसील, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय लोकार्पित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में जाते समय वीआईपी रोड पर मुरैना तहसील कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन आधुनिक भवनों के शुरू होने से प्रशासनिक सेवाओं में गति आएगी और नागरिकों के कार्य अधिक सुगमता से हो सकेंगे। सभा स्थल पर पहुंचने के बाद उन्होंने विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। डॉ. यादव ने सांदीपनी उमा विद्यालय और अंबाह में 50 सीटर अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास नव-निर्मित भवनों का वर्चुअल लोकार्पण भी किया।

### प्रत्येक विद्यालय के लिए अत्याधुनिक भवन की घोषणा

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि आज मुरैना जिले को विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिल रही है। दो सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण हुआ। यहां पढ़ने वाले बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और राजनेता बनेंगे। उन्होंने मुरैना में प्रत्येक भवन विहीन विद्यालय में सर्वसुविधा युक्त भवन बनाने की घोषणा की। डॉ यादव ने सांदीपनि विद्यालय गोठ एवं अंबाह के विद्यार्थियों से वर्चुअली संवाद किया और बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते दौर में अब मुरैना उद्योग नगरी के रूप में विकसित हो रहा है। अगले महीने पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर जिलों में एक साथ विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया जाएगा।

**उद्योग नगरी के रूप में विकसित हो रहा मुरैना**

## कांग्रेस पर कसा तंज, बोले- किसानों को हक हमने दिया, कांग्रेस ने कभी नहीं ली सुध

# सीएम डॉ. यादव ने 3 लाख किसानों के खातों में अंतरित किए 238 करोड़ रुपए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के बड़ौदा में गुरुवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जब भी किसानों पर संकट आया है, भाजपा सरकार ढाल बनकर खड़ी हुई है। कांग्रेस की सरकारें 70 साल रहीं, पर किसानों के पसीने की कीमत कभी नहीं समझीं। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कान खोलकर सुन लें कांग्रेसी, उन्होंने चवन्नी कभी दी नहीं।

हम 16 हजार प्रति हेक्टेयर का लाभ दे रहे हैं। कांग्रेस तीन हजार प्रति हेक्टेयर भी नहीं देती थी। डॉ. यादव ने इस अवसर पर सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 3 लाख 5 हजार 410 प्रभावित किसानों के खातों में 238 करोड़ 78 लाख रुपए की मुआवजा राशि अंतरित की।

### श्योपुर के बड़ौदा में आयोजित हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

*70 सालों में किसानों की कीमत कांग्रेस ने नहीं समझी*

*सिंगल क्लिक के माध्यम से 5 हजार 410 किसानों को दिया लाभ*



श्योपुर मे विकास कार्यो का लोकार्पण भूमिपूजन करते सीएम और विस अध्यक्ष।

### विकास कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास

लोकार्पण में सेसईपुरा में 2.75 करोड़ का आदिवासी बालक आश्रम भवन, श्योपुर में 14.80 करोड़ की लागत से नर्सिंग कॉलेज भवन, 14.95 करोड़ की लागत से 50 बिस्तर का एकीकृत आयुष अस्पताल, 96 लाख की लागत से बागवानी एवं खाद-प्रसंस्करण ज्ञान प्रसार केंद्र, लहरौनी 2.61 करोड़, बलावनी 2.53 करोड़, डाबीपुरा 2.49 करोड़ में नए 33/11 केवी उपकेंद्रों का शिलान्यास शामिल है।

### किसान और जवान की चिंता कर रही भाजपा सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान खेत में है और जवान सीमा पर। दोनों की चिंता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करते हैं। भाजपा सरकार खेत से लेकर मंडी तक किसान का हर दर्द समझती है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ने गांवों में विकास की नई क्रांति लाई। उन्होंने नदी जोड़ो परियोजना रोकने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस कह रही थी कि हम भावांतर का पैसा नहीं देंगे। आकर देख लो कांग्रेसी, जो कहा है वो पूरा कर दिखाया है। पप्पू और पप्पू की मम्मी की सरकार खत्म हो गई। भगवान राम का प्रमाण मांगने वाले कांग्रेसी आज राम मंदिर जगमगाता देख रहे हैं।

### प्रत्येक प्रभावित किसानों को मिला राहत पैकेज का सीधा लाभ

श्योपुर, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, धार और खंडवा जिलों के 2148 ग्रामों के किसानों को इस राहत पैकेज का सीधा लाभ मिला है। श्योपुर के किसानों को मुआवजे का सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। फसल क्षति की मार झेल रहे श्योपुर जिले के 10,078 धान प्रभावित किसानों के खातों में 100 करोड़ 83 लाख रुपए पहुंचे। हरदा के 95989 किसानों को सोयाबीन क्षति पर 71.52 करोड़, विदिशा के 51830 किसानों को सोयाबीन और उड़द में नुकसान पर 29.15 करोड़, नर्मदापुरम के 22779 किसानों को 19.84 करोड़, धार के 19173 किसानों को 1031 करोड़, और खंडवा के 12961 किसानों को पीला मौजेक कीट से प्रभावित फसलों के लिए 7.13 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया।

### कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल को किया नजरबंद

बड़ौदा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन से पूर्व कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल को पुलिस प्रशासन ने सुबह ही नजरबंद कर दिया। जंडेल ने बताया कि वे मुख्यमंत्री से क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुलाकात करना चाहते थे, लेकिन प्रशासन द्वारा उन्हें समय नहीं दिया गया। उनका आरोप है कि कांग्रेस विधायक होने के कारण पुलिस ने उन्हें नजरबंद कर दिया। जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली प्रभारी सतीश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विधायक को पाली रोड स्थित उनके प्रतिष्ठान से डिटेन किया।

## एसआईआर कार्यशाला में बोले खंडेलवाल

# एसआईआर पारदर्शी चुनाव कराने के लिए आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हेमंत खंडेलवाल।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ के होटल सोनाकुंज में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोजित जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कोई राजनीतिक दल नहीं था। कांग्रेस आजादी के आंदोलन के समय एक अंग्रेज द्वारा बनाया गया एक मंच था, जिसमें सभी विचारधारा के लोग शामिल होकर देश को आजाद कराने का कार्य कर रहे थे। देश के आजाद होने के बाद महात्मा गांधी कांग्रेस को समाप्त करना चाहते थे, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने सत्ता के लिए इसका उपयोग किया।

### भाजपा ने विचारधारा से कभी नहीं किया समझौता

खंडेलवाल ने कहा कि नेहरू परिवार आज भी इसका उपयोग सत्ता के लिए कर रहा है, जबकि कांग्रेस की अपनी कोई विचारधारा ही नहीं है। भारतीय जनता पार्टी अपने गठन के समय से लेकर आज तक एक विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा ने अपने विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए आवश्यक है। एसआईआर का विरोध करने वाले कांग्रेस नेता बताएं कि देश में एसआईआर की शुरूआत कराने वाले जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी क्या गलत थे। कार्यकर्ता एसआईआर में मतदाताओं का सहयोग करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम न कटने पाए।

### एनएचएम ने एक साथ 100 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की नियुक्ति की

**भोपाल।** प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार व उन्हें और बेहतर किए जाने की दिशा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) मप्र द्वारा 100 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) की नियुक्ति की गई है। ये सीएचओ उपस्वास्थ्य केंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेवाएं देंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा इन नियुक्ति में आकांक्षी और उच्च प्राथमिकता वाले जिलों में स्वास्थ्य सेवाए सुदृढ़ करने का विशेष ध्यान रखा है। इन जिलों में बडवानी, उमरिया, शहडोल, मण्डला, छतरपुर एवं दमोह शामिल है।

## अभा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने की मांग

# बीएलओ पर कार्य का दबाव एसआईआर की तिथि बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएलओ को आवश्यक संसाधन, तकनीकी प्रशिक्षण और सहयोगी स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण उन्हें अपने निजी संसाधनों से कार्य पूरा करना पड़ रहा है। अभा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कहा है कि दूरस्थ, पहाड़ी और मरुस्थलीय क्षेत्रों में नेटवर्क की अनुपलब्धता के चलते ऑनलाइन सत्यापन और डेटा अपलोड लगभग असंभव हो जाता है।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर, महामंत्री राकेश गुप्ता और अभा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की महामंत्री प्रो. गीता भट्ट ने कहा कि बताया कि 20 वर्ष पुराने दस्तावेज मांगने पर जनता में भ्रम और असहयोग की स्थिति है, जिसके कारण कई बार बीएलओ को अभद्रता और तनावपूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। महासंघ ने भारत निर्वाचन आयोग से आग्रह किया है कि पुनरीक्षण कार्य की अंतिम तिथि को पर्याप्त आगे बढ़ाया जाए, ताकि बीएलओ बिना दबाव के गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकें। महासंघ ने इस कार्य में दबाव के कारण असामयिक मृत्यु या आत्महत्या करने वाले बीएलओ शिक्षकों के परिवारों को 1 करोड़ का अनुग्रह मुआवजा और एक आश्रित को सरकारी सेवा देने, तथा इन सभी मामलों की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, प्रत्येक बूथ और ब्लॉक स्तर पर तकनीकी सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर या बीएलओ सहयोगी उपलब्ध कराने यात्रा भत्ता आदि की मांग की गई है।

## डॉ. यादव ने किसानों को दी जाने वाली राहत राशि की जानकारी दी

# प्रदेश के विकास कार्यों और शीतकालीन सत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर बातचीत की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को किसानों को दी जाने वाली राहत राशि के बारे में जानकारी भी दी हैं।

सीएम डॉ. मोहन यादव गुरुवार को राजभवन पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल मंगूभाई पटेल से मुलाकात की। सीएम ने गवर्नर को पुष्प गुच्छ भेंट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एमपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर चर्चा की। मुलाकात के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने बताया कि शिष्टाचार भेंट हुई है। विधानसभा का सत्र शुरू होने वाला है। इसके अलावा योजनाओं और किसानों को दी जाने वाली राहत राशि की भी जानकारी राज्यपाल को दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ और भी जो विकास के कार्य हैं उनको भी बताया गया है। 8 और 9 दिसंबर को खजुराहो में कैबिनेट की बैठक होगी।




### पांच दिवसीय सत्र में कुल चार बैठकें

सरकार को घेरने की बनेगी रणनीति मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 1 दिसंबर से होने जा रही है। जो 5 दिसंबर तक चलेगी। पांच दिवसीय सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। इस सत्र में अनुपूरक बजट समेत चार विधेयक लाए जा सकते हैं। विधानसभा सचिवालय ने सत्र की तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं 8 और 9 दिसंबर को खजुराहो में मोहन कैबिनेट की बैठक होगी। जिसमें विकास योजनाओं, निवेश, पर्यटन और प्रशासनिक सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर केंद्रित चर्चा होगी।

## कर्मचारियों को हर वर्ष मिलेगा 30 दिन अर्जित अवकाश

# अब संतान पालन के लिए एक साल से अधिक अवकाश पर सिर्फ 80 प्रतिशत वेतन मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के 7 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की छुट्टियों की व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। वित्त विभाग ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा अवकाश नियम 2025 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है, जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। इसके साथ ही 1978 के पुराने अवकाश नियम समाप्त हो जाएंगे। महिला कर्मचारियों की संतान पालन अवकाश व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन किया गया है।

अब तक महिला कर्मचारियों को 2 वर्ष (730 दिन) की संतान पालन अवकाश पूर्ण वेतन के साथ दिया जाता था, लेकिन नए नियमों में पहले 365 दिन 100% वेतन और उसके बाद अगले 365 दिन केवल 80% वेतन देने का प्रावधान किया गया है। महिला कर्मचारी यह अवकाश एक बार में लें या अलग-अलग हिस्सों में, 365 दिनों के बाद 80% वेतन ही मिलेगा। नियमों में सरोगेसी से जन्मे बच्चे की देखभाल करने वाली महिला कर्मचारी को भी चाइल्ड केयर लीव का लाभ मिलेगा।

### दत्तक संतान पर भी मिलेगी छुट्टी

नए अवकाश नियमों में दत्तक संतान ग्रहण अवकाश भी शामिल किया गया है। दत्तक लिए गए बच्चे की एक साल की उम्र तक कर्मचारी अवकाश ले सकेंगे। नए नियमों में कर्मचारियों को हर वर्ष 30 दिन का अर्जित अवकाश देने का प्रावधान किया गया है। ये दो किस्तों में (6 माह पर 15-15 दिन) होगा। किसी भी कर्मचारी को एक साथ 5 साल से अधिक का लगातार अवकाश मंजूर नहीं होगा। वित्त विभाग ने साफ कर दिया है कि अवकाश मांगना कर्मचारी का अधिकार नहीं माना जाएगा। यानी अब अंतिम निर्णय स्वीकृत देने वाले अधिकारी का होगा।

चिकित्सा अवकाश के नियम भी सख्त
- नए नियम के अनुसार मेडिकल सर्टिफिकेट अवकाश की गारंटी नहीं रहेगी।

**स्टडी लीव का भी प्रावधान**

कर्मचारियों को अध्ययन के लिए भी अवकाश की सुविधा मिलेगी। सामान्यतः 1 वर्ष तक की स्टडी लीव दी जाएगी। पूरे सेवाकाल में अधिकतम 24 महीने की छुट्टी मिलेगी पर फीस तथा अन्य खर्च कर्मचारी को स्वयं वहन करने होंगे। यात्रा भत्ता नहीं मिलेगा।

## आरजीपीवी:ऑडिट रिपोर्ट सार्वजनिक करने और भ्रष्टाचार में सीबीआई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में बीते पांच वर्षों से जारी वित्तीय अनियमितताओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार और तकनीकी शिक्षा विभाग के मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की ऑडिट रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक करने की मांग की। अभाविप के प्रान्त मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार शीघ्र विवि को हस्तगत करते हुए धारा 54 लागू करे एवं ऑडिट रिपोर्ट सावज़्जनिक करते हुए उसकी सीबीआई जांच सुनिश्चित कराए। अन्यथा अभाविप उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।



## पुलिस विभाग के अफसरों पर जताई नाराजगी, मुख्यालय के अफसर भी अलर्ट

# कानून व्यवस्था पर डीजीपी के निर्देश- हालात पर दें ध्यान, रात में गश्त पर निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जिलों में पदस्थ ऐसे पुलिसकर्मी और अधिकारी जो शाम होते ही क्रिकेट और टेनिस खेलना शुरू कर देते हैं। उन तमाम अधिकारियों को डीजीपी कैलाश मकवाना ने चेतावनी भरे हुए लफ्जों में हिदायत दी है।

डीजीपी ने कहा कि रात में गश्ती के लिए निकल जाए। हालातों पर ध्यान दें और खेलकूद से जरा दूरी बनाएं। हालांकि ऐसा है कि पुलिस अधीक्षकों का ही यही रवैया है। मुख्यालय की भी यही स्थिति है। डीजीपी बातों से कई बड़े अफसर भी अलर्ट हो गए है। अधीक्षकों को डीजीपी कैलाश मकवाना ने पाइंट आउट कर लिया है। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जो शाम होते ही अपने पसंद के खेल को खेलने के लिए निकल जाते हैं। इन सभी को डीजीपी ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि शाम और रात में अपनी खेलने की आदत और शौक को फिलहाल दूर रखे। यह समय सिर्फ फील्ड में काम करने का है। यह बात उन्होंने ने बुधवार रात को पुलिस मुख्यालय से वीडियो क्रॉफ्रेंसिंग कर सभी रेंज के आईजी, डीआईजी और पुलिस अधीक्षकों से कही है। दरअसल पुलिस मुख्यालय के पास बार-बार यह शिकायतें आ रही है कि कुछ अफसर अपने शौक के लिए खेल को इतनी तवज्जो दे रहे है कि कई बार वे ऑफिस में ही नहीं बैठते।

### कुछ अफसरों की लापरवाही के चलते सभी अफसरों पर जताई अप्रसन्नता

सूत्रों की मानी जाए तो डीजीपी ने कहा कि कुछ अफसर काम के समय क्रिकेट, स्विमिंग, टेनिस खेलने के लिए चले जाते हैं। वे यह समझ लें कि यह समय खेलने का नहीं होता है। इस समय हमें फील्ड में रहना चाहिए। अपने शौक बाद में पूरे करें या दिन भर में ऐसा कोई समय निश्चित करें, जिसमें कामकाज कम हो, लेकिन शाम के समय यह नहीं चलेगा। शाम और रात को सभी अफसर को अलर्ट मोड पर रहना होगा। एसपी, एडिशनल एसपी, सीएसपी और टीआई सभी फील्ड में रहें या कंट्रोल रूम में रहें।

### वीसी में अफसरों को दी नसीहत

*शाम होते ही वे सब काम काज छोड़कर क्रिकेट, बेडमिंटन और टेनिस खेलने, स्विमिंग करने या जिम करने के लिए निकल जाते हैं। इन शिकायतों के बाद डीजीपी ने अपने स्तर पर पता लगाया कि प्रदेश के कौन-कौन अफसर ऐसा कर रहे हैं। जबकि डीजीपी चाहते हैं कि शाम से देर रात तक अफसर फील्ड में रहें, ताकि कानून-व्यवस्था कायम रहे, और पुलिस अफसर क्षेत्र में निकल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। बुधवार को जब डीजीपी वीसी के जरिए अफसरों से बात कर रहे थे, तब उन्होंने इसका जिक्र कर दिया।*

7 ट्रक से इंदौर जा रही सवा करोड़ की अवैध...

8 यूक्रेन में बमबारी से बचने के लिए हमने...


# एसआईआर ने बिगाड़ी बीएलओ की सेहत, बीस घंटे काम, चार घंटे आराम... घर के काम से बनाई दूरी

## अफसरों के दबाव में दिन का खाना भी छूटा, चाय पीकर चला रहे काम सिरदर्द समेत बीमारियों ने छीना चैन

1 बीएलओ के लिए सुबह जल्दी उठकर पोलिंग बूथ पर पहुंचना बना चुनौती

2 सात से आठ घंटे तक बीएलओ को खड़े रहना पड़ रहा है

3 2003 की वोटर लिस्ट में मतदाताओं का नाम खोजने में हो रहे परेशान

4 दिन में कार्य के बाद रात में डिजिटाइजेशन वर्क निपटाना पड़ रहा

5 काम की अधिकता से बीएलओ के स्वास्थ्य पर पड़ रहा बुरा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के गणना पत्रक बांटने का काम भले ही 4 नवंबर से शुरु हुआ है, लेकिन बीएलओ ने पंद्रह दिन पहले से काम शुरु कर दिया था। ऐसे में बीएलओ को एसआईआर का काम करते हुए महीना बीत गया है। सुबह जल्दी उठकर पोलिंग बूथ जाना, घर-घर दस्तक देना। सात से आठ घंटे तक लगातार खड़े रहने की वजह से बीएलओ की सेहत बिगड़ गई है। पिछले एक हफ्ते से अफसरों का दबाव बढ़ने की वजह से बीएलओ को बीस घंटे तक काम करना पड़ रहा है। चार घंटे आराम करने के साथ घर के कामों से भी दूरी बनाना पड़ रही है। हरिभूमि की टीम ने गुरुवार को शहर के नरेला, उत्तर और मध्य के बीएलओ से मिलकर उनके काम के बारे में जानकारी ली।

### रात-दिन एक किए, जब भी खुली नींद, फार्म लेकर किए डिजिटाइज


बूथ पर एसआईआर के काम में जुटी बीएलओ शमा बानो।

नरेला विस बूथ नंबर-33 की बीएलओ शमा बानो

नरेला विस के राजीव कॉलोनी इलाके में बूथ नंबर-33 की बीएलओ शमा बानो पिछले एक महीने से एसआईआर के काम में जुटी हैं। गणना पत्रक बांटने के बाद पत्रकों में सही जानकारी दर्ज करने और उनके डिजिटाइज करने के काम को लेकर शमा ने रात-दिन एक कर दिया है। उनका कहना है कि गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन को लेकर जब भी मेरी रात में नींद खुलती है, तो फार्म लेकर बीएलओ एप पर काम शुरु कर देती हूं। एक महीने से चल रहे इस काम को लेकर रात में मुश्किल से चार घंटे की नींद हो पा रही है। काम निपटाने की फिक्र की वजह से घर के कामों से भी दूरी बनानी पड़ी है।

### मध्य विस के बूथ नंबर-5 के बीएलओ मोहम्मद लईक › रात में थकावट की वजह से दवाई लेना पड़ रही पैदल चलने से मिला फायदा, काम बना चुनौती

मध्य विस के लक्ष्मी टॉकीज एरिया स्थित बूथ नंबर-5 के बीएलओ मोहम्मद लईक ने चार नवंबर के पहले ही टेबल टॉप पर आधा काम निपटा लिया था। उन्होंने वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में पहले से दर्ज मतदाताओं के नाम सर्च कर लिए थे। जिसकी वजह से इन मतदाताओं के डिजिटाइजेशन में दिक्कत नहीं आई। लेकिन मतदाताओं ने गणना पत्रक लेने के बाद कई बार घर के चक्कर कटवाए हैं। कई मतदाता तो ऐसे हैं, जिन्होंने अब तक गणना पत्रक भरकर नहीं दिए हैं। यहां की गलियों में लगातार पैदल घूमकर काम करना पड़ा। जिससे कहीं न कहीं सेहत को फायदा मिला है। हालांकि रात में थकावट की वजह से दवाई लेना पड़ती है।


पैदल घूमकर मतदाता को गणना पत्रक देते मोहम्मद लईक।

### उत्तर विस के बूथ नंबर-101 के बीएलओ जिया उद्दीन › सिर दर्द की गोलियां खाकर करना पड़ रहा काम, घर-घर लगाने पड़ रहे कई चक्कर


बूथ पर मतदाताओं के गणना पत्रक एकत्रित करते जिया उद्दीन।

उत्तर विस के पुतली घर एरिया में बूथ नंबर-101 के बीएलओ जिया उद्दीन की सेहत भी एसआईआर ने बिगाड़ दी है। उनका कहना है कि मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाने में खासी जद्दोजहद करना पड़ रही है। लोगों के दरवाजे पर तीन बार नहीं, छह बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वर्ष-2003 की वोटर लिस्ट में नाम खोजने में परेशानी हुई है। दिन भर गणना पत्रक एकत्रित करने के बाद रात में डिजिटाइजेशन का काम निपटाना पड़ रहा है। काम निपटाने की चिंता में रात में सिर दर्द करने लगता है। दवाई खाने के बाद ही नींद आ पा रही है।

### डॉक्टर्स की टीम लगाई

जिले के 2029 बीएलओ के साथ उनके



सहायक भी तैनात किए गए हैं। इन लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए डॉक्टर्स की टीम तैनात की गई है। कर्मचारियों की किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या पर टीम भेजी जाएगी।

कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर

### मतदाताओं की परेशानी बढ़ी, बीएलओ एप में दूसरे के नाम पर कर दी मैपिंग, अब अनमैपिंग का इंतजार

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की शुरुआत से ही बीएलओ एप मतदाताओं के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। एप पर लोड अधिक होने की वजह से जब बीएलओ गणना पत्रक को अपलोड करता है, तो बफरिंग शुरु हो जाती है। काफी देर तक एप सर्च करता रहता है। इधर नरेला क्षेत्र के कई मतदाताओं को जबलपुर और विदिशा के कुरवाई क्षेत्र में मैप कर दिया गया है, जिससे उनकी मैपिंग यहां नहीं हो पा रही है। ऐसे में इन लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। इधर अब तक महाराष्ट्र के एसआईआर में जुड़े मतदाताओं की मैपिंग भी अब तक शुरु नहीं हुई है, जिससे हजारों मतदाताओं को डर सता रहा है कि कहीं हमारा नाम वोटर लिस्ट से नहीं कट जाए।

### जिले में 11 लाख 95 हजार 669 वोटर्स का डिजिटाइजेशन किया जा चुका

राजधानी की बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं की वोटर लिस्ट का गहन परीक्षण किया जा रहा है, जिससे वोटर लिस्ट को अपडेट किया जा सके। बीएलओ जब फील्ड में उतरे तो करीब 80 हजार मतदाता ऐसे मिले हैं, जो अपने तय पते पर नहीं रहते हैं। उनकी तलाश की कोशिश अब तक जारी है। प्रयास किया जा रहा है कि किसी भी पात्र मतदाता का वोटर लिस्ट से नाम नहीं काटा जाए। इधर अब तक जिले में 11 लाख 95 हजार 669 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। जबकि 9 लाख मतदाताओं का डिजिटाइजेशन बाकी है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि कई जगहों से दूसरी जगहों पर मतदाता का नाम मैप करने की जानकारी मिली है। इसके लिए संबंधित बीएलओ को अनमैप करने के लिए कहा गया है। जिसके बाद यहां के मतदाताओं की मैपिंग कर दी जाएगी।




## फरियादी सीधे पुलिस कमिश्नर से शिकायत दर्ज कर सकेंगे

# राजधानी में नए शहर के 38 थानों में लगेंगे क्यूआर कोड, दो दिन में लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अच्छी खबर

राजधानी की पुलिसिंग अब हाईटेक होने जा रही है। पुलिसिंग में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए पुलिस कमिश्नर ने अहम कदम उठाया है। राजधानी के सभी 38 थानों के बाहर अब क्यूआर कोड चिपकाएं जाएंगे। इस क्यूआर कोड से फरियादी सीधे पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र से शिकायत दर्ज कर सकेंगे।

यह व्यवस्था इसलिए की जा रही है, क्योंकि कुछ थानों की लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ फरियादियों की सुनवाई नहीं होती है। कुछ थानों में लापरवाही और दुर्व्यवहार होता है। इस तरह की समस्या से निपटने कमिश्नर ने नई व्यवस्था लागू की है। व्यवस्था के तहत दो दिन के भीतर सभी थानों के बाहर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे।



फाइल फोटो

### पुलिसिंग तेज होगी

कमिश्नर मिश्र ने बताया कि इस नई तकनीक से पुलिसिंग तेज और अधिक जिम्मेदार बनेगी। चारों जोन के सभी थाने इसके दायरे में हैं और अगले दो दिनों के भीतर सभी थानों में यह व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्यूआर कोड से मिलने वाली शिकायतें सीधे उच्च अधिकारियों तक पहुंचेंगी, जिससे थानों में लापरवाही की संभावना घटेगी और कार्रवाई अधिक पारदर्शी होगी।

### इस तरह दर्ज होगी शिकायत

क्यूआर कोड थाने के मुख्य गेट पर लगाया जाएगा, जिसे मोबाइल से स्कैन करते ही शिकायत और सुझाव का पेज खुल जाएगा। इस पेज के माध्यम से फरियादी अपनी समस्या, फोटो, दस्तावेज या वीडियो सीधे अपलोड कर सकेंगे। इस पूरे सिस्टम की निगरानी सीधे पुलिस कमिश्नर मिश्र करेंगे।

### आम जनता को सुविधा मिलेगी, संवाद भी बढ़ेगा

नई क्यूआर पहल से आम जनता को न सिर्फ सुविधा मिलेगी, बल्कि पुलिस-जन संवाद भी मजबूत होगा। थानों से लेकर ट्रैफिक तक अब हर शिकायत सीधे अधिकारियों के पास पहुंचेगी। जिससे हर कार्रवाई पर रहेगी जनता की नजर।

हरिनारायणचारी मिश्र , पुलिस कमिश्नर भोपाल

### मेट्रो स्टेशन के एक पियर आर्म के नीचे निकासी 5.5 मीटर करने का काम पूरा

**भोपाल।** मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर के 140 मीटर लंबे केवी मेट्रो स्टेशन के एक पियर आर्म के नीचे निकासी 5.5 मीटर करने का काम गुरुवार को पूरा हो गया। पूर्व में यह निकासी 5.0 मीटर थी। काम पूरा होने के बाद एकलेन आवाजाही के लिए खोल दिया गया। जबकि दूसरे लेन पर निर्माण तेजी से चल रहा है। मेट्रो प्रशासन के अनुसार यह काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। मेट्रो प्रशासन के अनुसार 140 मीटर लंबा मेट्रो स्टेशन यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और तकनीकी मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। निर्माण कार्य के पूर्व स्टेशन के नीचे स्थित सड़क की स्थिति उतार-चढ़ाव थी। इसे ध्यान रखते हुए यहां रोड खोदकर निर्माण किया गया। स्टेशन के 10 में से 9 पियर आर्म के नीचे 5.5 मीटर की मानक निकासी (क्लीयरेंस)है।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा — सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222. संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## जैकेट का शेष....

### सेंसेक्स पहली बार...

बनाया। निफ्टी पर बजाज फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, और लॉर्सन एंड टुब्रो के शेयरों में 2% तक की तेजी देखने को मिली।

### तेजी की वजहें...

0.48% फिसलकर 62.83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट भारत के लिए आमतौर पर फायदेमंद मानी जाती है।

◀ आईएमएफ ने 26 नवंबर को जारी अपनी स्टाफ कंसल्टेशन रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि भारत वित्त वर्ष 2029 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

### ट्रंप आगबबूला...

क्लब में थे। ट्रंप ने एक वीडियो संबोधन में कहा कि थैंक्सगिविंग अवकाश की पूर्व संध्या पर वॉशिंगटन डीसी में सेवारत नेशनल गार्ड के दो सदस्यों को व्हाइट हाउस से कुछ ही कदम की दूरी पर भयानक घात लगाकर किए गए हमले में गोली मार दी गई। उन्होंने कहा कि यह हमारे पूरे राष्ट्र के विरुद्ध अपराध है और ये मानवता के विरुद्ध अपराध है। 29 वर्षीय रहमानुल्लाह लकनवाल नाम के एक संदिग्ध को गोलीबारी में घायल होने के बाद हिरासत में ले लिया गया है। अफगान नागरिक लकनवाल कथित तौर पर 2021 में अमेरिका आया था।

### खाद के लिए दो...

मिलते ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अधिकारियों को तत्काल गांव पहुंचने और व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर मृतका के परिजनों से मिले। परिवार को संबल योजना से 2 लाख और रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## पेज एक का शेष....

### छह दिन बाद...

गांधीनगर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सलमान को दबोच लिया। गांधीनगर पुलिस ने आरोपी को सुल्तानगंज पुलिस के हवाले कर दिया है। सुल्तानगंज पुलिस आरोपी को लेकर निकल गई है। आगे की कार्रवाई वहीं से की जाएगी। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वो गौहरगंज से जंगल-जंगल पैदल चलकर भोपाल पहुंचा था। सलमान के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही जय मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए थे। लेकिन, उससे पहले ही उसे सुल्तानगंज पुलिस को सौंपा जा चुका था। बताया गया है कि आरोपी मुस्लिम बस्ती में किराए का मकान ढूंढ रहा था, तभी लोगों ने उसे पहचान लिया और उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। वह भोपाल में दो दिन से पनाह लिया हुआ था।

### 21 नवंबर को...

मासूम को चॉकलेट दिलाने के बहाने जंगल की ओर ले गया और बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची खून से लथपथ जंगल में पड़ी मिली। परिजनों ने उसे तुरंत भोपाल एम्स पहुंचाया, डॉक्टरों का कहना है कि बच्ची की हालत स्थिर है लेकिन घाव गहरे हैं।

### आक्रोशित लोग कर ....

में बाजार और स्कूल बंद हैं। बच्चे, महिलाएं और पुरुष सड़कों पर उतर आए हैं। वहीं रायसेन के वकीलों ने भी ऐलान किया है कि वह आरोपी सलमान का केस नहीं लड़ेंगे।

### सीएम ने लिया ...

से सस्पेंड करने या फिर परीक्षा में नंबर कम करने की धमकी दी जाती है। इधर, वीआईटी कॉलेज में हुए इस बड़े बवाल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तुरंत संज्ञान लिया। सीएम के निर्देश पर गुरुवार को जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर को सीहोर भेजा गया। मंत्री कृष्णा गौर ने जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में जिला प्रशासन के अफसरों के साथ विस्तृत बैठक की और पूरी घटना की जानकारी ली। इसके बाद प्रभारी मंत्री खुद वीआईटी कॉलेज भी पहुंचीं, जहां उन्होंने परिसर का जायजा लिया और कॉलेज प्रबंधन से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने साफ कहा कि मामले में प्रबंधन की स्पष्ट चूक है और सरकार हर हाल में छात्रों की सुरक्षा व स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रही है। देर रात हुए हंगामे, मारपीट और आगजनी के बाद अब पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। इस मामले में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित की है।

### प्रशासन का डबल....

दर्ज किया है। जबकि घटना के वीडियो फुटेज में कुछ वार्डन/गार्डस द्वारा छात्रों के साथ मारपीट करने के फुटेज सामने आए हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए थाना आष्टा में प्रशांत कुमार पांडे एवं अन्य के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### बेटी 10 दिन....

मृत्यु प्रमाण पत्र भी संलग्न किया, जिसमें मृत्यु का कारण सेप्टिक शॉक, एक्यूट पल्मोनरी ट्यूबरकुलोसिस और आंत में ट्यूबरक्युलर परफॉरेशन बताया गया है।

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी...

भगवान राम की मूर्ति बनाई है। मंत्री ने कहा कि यह दुनिया में श्री राम की सबसे ऊंची मूर्ति होगी। श्रीनिवास डेंपो ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी एक जनसभा को संबोधित करने से पहले मठ में बने मंदिर भी जाएंगे। उन्होंने बताया कि गोवा के राज्यपाल अशोक गजपति राजू, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक तथा राज्य के कैबिनेट मंत्री इस समारोह में शामिल होंगे। मठ परंपरा के 550 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 27 नवंबर से 7 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डेंपो ने बताया कि गोवा में मठ परिसर का निर्माण 370 साल पहले कैनाकोना (दक्षिण गोवा जिला) के पार्टागल गांव में किया गया था। उन्होंने बताया कि इन दिनों में कई कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है और प्रतिदिन 7,000 से 10,000 लोगों के मठ परिसर में आने की उम्मीद है। कामत ने कहा कि सदियों से आध्यात्मिक केंद्र के रूप में सेवारत मठ के परिसर का पूरा नवीनीकरण किया गया है और इसे आधुनिक रूप दिया गया है।

### एसआईआर में 100....

अन्य जिलों को भी प्रेरित करेगी, जिससे मतदाता सूची प्रबंधन और चुनावी कामकाज अधिक पारदर्शी और सटीक बन सकेगा। इस उपलब्धि का श्रेय जिले की उन सभी टीमों को दिया गया है, जिन्होंने मतदाता सूची अपडेट, रिकॉर्ड सत्यापन, डिजिटल डाटा एंट्री, आईटी मॉड्यूल्स के उपयोग और फील्ड स्तर पर समन्वय को कुशलतापूर्वक पूरा किया। इसी के साथ मध्यप्रदेश में चुनावी कार्यों के डिजिटलीकरण को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अशोकनगर कलेक्टर आदित्य सिंह खुद वार्डों, गलियों और ग्रामीण इलाकों में जाकर काम का निरीक्षण कर रहे थे। उनकी मेहनत और बेहतर कार्यप्रणाली को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने भी उनकी सराहना की है। वहीं, कलेक्टर ने अपर कलेक्टर एवं देवकी नंदन सिंह, समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों, बीएलओ सुपरवाइजरों, बीएलओ और जिले के सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी।

### चुनाव आयोग दफ्तर....

घेराव करने निकले,तो पुलिस ने व्यापमं चौराहे पर बेरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। आगे बढ़ने को लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच टकराव भी हुआ। पुलिस ने वाटर कैनन की तेज बौछार फेंककर उन्हें रोक दिया। वाटर कैनन से कई कार्यकर्ता बेरिकेड से गिर गए। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया। हालांकि, किसी को चोट नहीं आई। इस बीच नोक-झोंक भी हुई। पुलिस के मुताबिक ये प्रदर्शन दोपहर 3 बजे शुरु हुआ और शाम 5 बजे तक चलता रहा। प्रदर्शन में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, पीसीसी प्रमुख जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पकड़कर बस में बैठाया, तो कई कार्यकर्ता खुद ही बस के ऊपर चढ़ गए। तादात से ज्यादा कार्यकर्ताओं के भर जाने से बस एक तरफ झूल गई। बस के पलटने की आशंका के चलते पुलिस ने कार्यकर्ताओं को उससे बाहर निकाला।

### थप्पड़ के बाद....

तहसीलदार ज्योति लाक्षाकार निवास करती हैं। कोतवाली टीआई अमित भदौरिया ने बताया कि गार्ड के द्वारा मारपीट का आवेदन दिया गया। शिकायत मिलने पर दीवान ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। टीआई ने बताया कि नायब तहसीलदार ने भी आवेदन देकर गार्ड पर अनर्गल बात करने का आरोप लगाया है।

### मप्र और तेलंगाना...

गई थी। सीबीआई के अनुसार उन्होंने मेडिकल कॉलेजों के निरीक्षण से जुड़ी गोपनीय जानकारी बिचौलियों और कॉलेजों से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों को लीक की, जिसके बाद निरीक्षण के मानकों में हेरफेर कर अकादमिक कोर्स चलाने की मंजूरी हासिल की गई। एजेंसी जिन ठिकानों पर तलाशी ले रही है, उनमें कई राज्यों में स्थित सात मेडिकल कॉलेजों के परिसरों के अलावा एफआईआर में नामजद निजी व्यक्तियों के ठिकानें भी शामिल हैं।

### भारत-म्यांमार सीमा ....

नकद और कुछ डिजिटल उपकरण भी जब्त किए। अधिकारियों ने बताया कि मिजोरम के आइजोल और चम्फाई, असम के श्रीभूमि (करीमगंज) और गुजरात के अहमदाबाद में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है। यह कार्रवाई मिजोरम पुलिस की ओर से छह लोगों से 1.41 करोड़ रुपए मूल्य की 4.72 किलोग्राम हेरोइन जब्त करने के मामले में दर्ज एफआईआर से शुरू हुई है। अधिकारियों ने बताया कि भारत-म्यांमार सीमा (चंफाई) पर एजेंसी द्वारा की गई यह पहली तलाशी है। भारत अपने पूर्वी भाग में म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।

### एफआईआर में 34....

डॉक्टर भी शामिल हैं। आरोप है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ के एक मेडिकल कॉलेज को अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए 55 लाख रुपए की रिश्वत ली। एफआईआर में कहा गया था कि यह सिंडिकेट स्वास्थ्य मंत्रालय के भीतर गहराई तक फैला हुआ था, जहां कुछ अधिकारी गोपनीय फाइलों और संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच, अवैध कॉपी और लीक कर रहे थे। यह डेटा बिचौलियों के नेटवर्क के जरिए मेडिकल कॉलेजों तक भारी रकम लेकर पहुंचाया जाता था।

## विदेशी संपत्तियों का खुलासा नहीं

# 25000 करदाताओं पर 30

हरिभूमि ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने गुरुवार को कहा कि लगभग 25,000 करदाताओं के अधिक-जोखिम वाले मामलों को चिन्हित किया गया है जिनमें उन्होंने अपने आयकर रिटर्न में विदेशी परिसंपत्तियों का विवरण नहीं दिया है। विभाग ने कहा कि इन चिह्नित लोगों को 28 नवंबर से एसएमएस एवं ईमेल भेजना शुरू किया जाएगा और उन्हें दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए 31 दिसंबर, 2025 तक संशोधित आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की सलाह दी जाएगी। दिसंबर मध्य से शुरू होने वाले अभियान के दूसरे चरण में दूसरे मामलों को भी शामिल करने के लिए इसका दायरा बढ़ाया जाएगा। विदेशी संपत्तियां न बताने पर 10 लाख का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा 30% टैक्स और टैक्स देनदारी पर 300% पेनल्टी का प्रावधान है।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने एक किता मकान, प्लाट 07, ब्लॉक नम्बर 02 सेक्टर-ई पर निर्मित भवन में से केवल ग्रांउड फ्लोर भूतल का हिस्सा मकान (दक्षिण भाग) जिसकी पहचान हेतु जी-02, दिया गया है जो कि इन्द्र बिहार कॉलोनी ग्राम सिगांरचौली भोपाल प.ह.नं.-04, तिलक सहकारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित नगर निगम सीमाओं के अंदर वार्ड क्र 06, तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है जिसका कुल विक्रय हिस्सा 480 वर्गफिट है, को क्रय करने का विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया है तथा पंजीकृत विक्रय पत्र का पंजीयन होना शेष है। उपरोक्त संबध में यदि किसी व्यक्ति संस्था, वित्तीय संस्था, इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें अन्यथा मेरा पक्षकार समयावधि गुजरने के पश्चात अपने पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेगा।

भवदीय मो. फीरोज खान एडवोकेट
पता-शॉप नं. 05, प्रथम तल, रहबर अपार्टमेंट, पीरगेट भोपाल म.प्र. मो. नं. 9826011872

### संचालनालय
### खेल और युवा कल्याण
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल, मध्यप्रदेश

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **'प्रदेश के विभिन्न जिलों में टेनिस सिंथेटिक कोर्ट (सरफेस) प्रदाय/स्थापना कार्य हेतु'** निर्माता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें **www.mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/123250/2025 — संचालक

### M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
(Government of M.P. Undertaking)
Office of Dy.General Manager (STM-STC) Divsion Guna
Railway Station Road, Guna, E-mail : mpczdgmstcguna@gmail.com

**NOTICE INVITING E-TENDERS**

Online tenders are invited from eligible bidder's Electrical Contractors who are registered under relevant category on company Online QC portal as per tender specification for following electrical works :-

| Tender Reference No. | Short Description | Appx. Value of Tender (In Lakh.) | Cost of Tender Form |
|---|---|---|---|
| DGM/STCSTM/ GNA/2025-26/ 85/2917 GUNA Dated 25.11.2025 | Providing Additional 100 KVA DTR S/S for Location (Valmiki Wala DTR) Under Raghogarh DC Under (O&M) Division Raghogarh. | 1.57 | 200+18% GST 36=236/- |
| DGM/STCSTM/ NA/2025-26/ 86/2918 GUNA Dated 25.11.2025 | Create for Installation of 15 No. DTR Fancing as per Letter Num. 569 Dt. 29.9.25 at various Location Under Ruthiyai DC Under (O&M) Division Raghogarh. | 4.83 | 500+18% GST 90=590/- |
| DGM/STCSTM/ GNA/2025-26/ 87/2919 GUNA Dated 25.11.2025 | Create for Installation of 11 No. DTR Fancing as per Letter Num. 392 Dt. 26.09.2025 at various Location Under Ruthiyai DC Under (O&M) Division Raghogarh. | 3.54 | 500+18% GST 90=590/- |

**Date of Sale of Tender : 25.11.2025, 18:00 Hrs. up to 02.12.2025, 11:00 Hrs.**
**Due Date for Online Submission of Tender : 02.12.2025 up to 11:00 Hrs.**
**Opening of Tender : 03.12.2025 at 12.00 Hrs.**
Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https:// mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/123242/2025 — DGM (STM & STC)



हरिभूमि क्लासीफाइड — आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन — संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि — रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर — साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद — सफेद दाग गारंटेड इलाज — Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC — कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



M : 9009231973, 9424467620 — HÄFELE, Sleek, Godrej, Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS — Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन • बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर • रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

**आवश्यकता**
प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143 BSP-28-11-25 to 04-12-2025

हरिभूमि — आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना @ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm — अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm — 1 अप्रैल 2025 से लागू


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6061



**बाएँ से दाए**
1.राजा का पुत्र-5
4.मन को हरने वाला-4
7.काल,समय,पीरियड-2
8.खोदना-3
9.मोटा आटा-2
10.पशु,मवेशी-4
11.जलापूर्ति का साधन-2
13.पुत्र,बेटा-3
14.क्षार,खारा-2
15.दर,मूल्य-3
17.नौका-2
19.नारायण-नारायण रटनेवाले देवर्षि-5
22.लालन-पालन-5
25.अच्छा,भला-2
26.पूर्ण करना-3
28.गोष्ठी,सम्मेलन-2
29.हुनरमंद-3
30.पिता का भाई -2
32.कुरुपता-4
34.इसाई साध्वी -2
36.टेंशन,परेशानी-3
37.खुजली -2
38.अशक्त,निर्बल-4
39.नगर में रहनेवाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.झगड़ा, बैर,द्वेष-2
2.सद्पुरुष,अच्छे कुल का-3
3.सार-संभाल-2,3
4.विचार करना-3
5.प्रत्येक-2
6.परंपरा,धर्मविधी-4
7.आवास, गरीबखाना-5
10.संपत्ति-4
12.भाग्यशाली (अंग्रेजी-2)
16.भालू-बंदर नचाने वाला-3
17.मां की मां-2
18.भय,खौफ-2
20.वेग,गति-3
21.मुंह,चेहरा-2
22.पैर,ओहदा-2
23.वर्धनशील,बढ़नेवाला-4
24.शकरगंजी,कंद-5
25.सभागार,सभाकक्ष-5
26.भयंकर,खतरनाक-4
27.मोड़-2
31.कायर,डरपोक-3
33.तीन घंटे का समय,प्रहर-3
35.भीगा हुआ-2
37.नौकरानी-2

**शब्द पहेली- 6060 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | क | पू | र | ■ | अ | च | र | ज |
| ज | य | ■ | रा | ■ | क्षि | ति | ज | ■ | त | ला |
| ना | ■ | अ | मा | न | त | ■ | र | वा | ■ | व |
| न | सी | ह | | ■ | व | ह | ■ | म | का | न |
| खा | ■ | म | ■ | र | न | र | ■ | ■ | ल | ■ |
| ना | म | क | र | ण | ■ | स | ला | ह | का | र |
| ■ | हा | ■ | ■ | वी | रा | ना | ■ | र | ■ | ज |
| का | न | न | ■ | र | ज | ■ | | जा | प्र | त |
| म | ■ | र | ज | ■ | घ | ब | रा | ना | ■ | प |
| का | र | ■ | ग | ज | रा | ■ | ज | ■ | प | ट |
| ज | न | म | त | ■ | ना | ट | क | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6071

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6070 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# भारत बनेगा 'दूध शक्ति' का ग्लोबल हब

# 2026 तक 24.20 करोड़ टन दूध उत्पादन का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते एक दशक में भारत में दूध का उत्पादन तेजी से बढ़ा है और आगे भी इसमें वृद्धि जारी रह सकती है। अगले साल तक कुल वैश्विक दूध आपूर्ति में भारत की हिस्सेदारी करीब एक तिहाई हो सकती है। भारत में दूध प्रसंस्करण क्षमता भी अगले कुछ सालों में तेजी से बढ़ सकती है।

वर्ष 2028-29 तक यह क्षमता बढ़ाकर 10 करोड़ लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य है। दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 124 ग्राम से बढ़कर 471 ग्राम प्रति दिन पर पहुंच गई।

## पुनर्गठित एनपीडीडी के तहत 31,908 डेयरी समितियों का गठन हुआ

### खास बातें

- भारत में श्वेत क्रांति के जनक माने जाने वाले डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जाता है
- देश में 12 लाख महिलाएं दूध उत्पादक
- यह सेक्टर 8 करोड़ से ज्यादा किसानों को सीधे रोजगार दे रहा है।


फाइल फोटो

### भारत में दूध उत्पादन का परिदृश्य

भारत में श्वेत क्रांति के जनक माने जाने वाले डॉ. वर्गीज कुरियन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जाता है। केंद्र सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत में वर्ष 2014-15 में दूध का उत्पादन 14.63 करोड़ टन था, जो वर्ष 2023-24 में 63.56 फीसदी बढ़कर 23.93 करोड़ टन हो गया। इसके अगले साल यानी 2026 में बढ़कर 24.20 करोड़ टन होने का अनुमान है। इतना उत्पादन होने पर भारत की वैश्विक दूध आपूर्ति में करीब एक तिहाई (32 फीसदी) हिस्सेदारी होगी।भारत के डेयरी सेक्टर की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी करीब 5 फीसदी है और यह सेक्टर 8 करोड़ से ज्यादा किसानों को सीधे रोजगार दे रहा है। बीते 10 साल के दौरान प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 124 ग्राम से बढ़कर 471 ग्राम प्रति दिन पर पहुंच गई।

### डेयरी सेक्टर में महिलाओं की अहम भूमिका

कोऑपरेटिव डेयरी सेक्टर में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिलाएं इस इकोसिस्टम का सेंटर बनी हुई हैं, जो डेयरी वर्कफोर्स का लगभग 70 प्रतिशत और कोऑपरेटिव मेंबर का 35 प्रतिशत हिस्सा हैं। 48,000 महिला सहकारी समितियां सक्रिय हैं और देश में 12 लाख महिला दूध उत्पादक हैं।

### एनपीडीडी से डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत

राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) से डेरी इंफ्रास्ट्रक्चर काफी मजबूत हुआ है। पुनर्गठित एनपीडीडी के तहत 31,908 डेरी समितियों का गठन/पुनर्जीवन हुआ और इससे 17.6 लाख नए दूध उत्पादक जुड़े। साथ ही इससे दूध की खरीद बढ़कर 120 लाख किलो प्रति दिन हो गई है। इस कार्यक्रम की वजह से 61,677 गांव में दूध टेस्टिंग लैब, लगभग 6,000 बल्क मिल्क कूलर बनाए गए हैं, जिनकी कुल चिलिंग कैपेसिटी 149.35 लाख लीटर है और 279 डेयरी प्लांट लैब को एडवांस्ड मिलावट का पता लगाने वाली टेक्नोलॉजी से अपग्रेड किया गया है।भारत के कोऑपरेटिव डेयरी सेक्टर में 22 मिल्क फेडरेशन, 241 जिला यूनियन, 28 मार्केटिंग डेयरियां और 25 मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन शामिल हैं। ये सब मिलकर 2.35 लाख गांवों को सर्विस देते हैं और 1.72 करोड़ डेयरी किसानों को जोड़ते हैं, जिससे सही दाम और अच्छी मिल्क प्रोसेसिंग पक्की होती है।

## राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर 'सांची परिवार' ने 11-11 हजार रूपए नगद, उपहार रूवरूप साड़ियां सहित अन्य सामग्री सौंपी

### जीएम क्षेत्र संचालन विजयवर्गीय एवं प्रबंधक भाग्यश्री ने दिया मायरा का थाल

**भोपाल।** भोपाल सहकारी दुग्ध संघ द्वारा चलाई गई सांची भात (मायरा) योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ अंतर्गत जिला शाजापुर कैम्प शुजालपुर की महिला दुग्ध सहकारी समिति नयापुरा नांदनी में समिति की सदस्य कृष्णा बाईं राजपूत की सुपुत्री पूजा राजपूत की शादी समारोह मे सांची परिवार ने सांची मायरा सौंपा है। सौंपे गए थाल में 11-11 हजार रूपए नगद, उपहार रूवरूप साड़ियां, कपड़े, सांची गिफ्ट पेक, फल-श्रीफल व मिठाईयां शामिल है। राजेश विजयवर्गीय, महाप्रबंधक क्षेत्र संचालन एवं श्रीमती भाग्यश्री बजाज प्रबंधक द्वारा लेकर शादी समारोह में सांची मायरा का थाल सांची परिवार की तरफ से लेकर शामिल हुए। सांची भांत मायरा योजना का लाभ प्राप्त कर श्रीमती कृष्णा बाईं राजपूत एवम् पारिवारिक सदस्यों के द्वारा भोपाल दुग्ध संघ द्वारा चलाई जा रही योजना का आत्मीय धन्यवाद दिया गया।



आत्मीय धन्यवाद देते हुए लाभान्वित

### समारोह में यह लोग रहे मौजूद

इस अवसर पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीईओ प्रीतेश जोशी सहित नितेश अलावा जिला नोडल अधिकारी शाजापुर, समिति अध्यक्ष श्रीमति उर्मिला बाई मेवाड़ा, ग्राम सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम, समिति दुग्ध प्रदायक समिति पर्यवेक्षक रानी डांडोलिया, नरेंद्र परमार, प्रदीप वर्मा समिति सचिव श्याम मेंवाड़ा सहायक सचिव बंटीं मेवाड़ा,अन्य समिति सचिव अन्तर सिंह मेवाड़ा, एलमसिंह, रामबाबू मेवाडा नरेंद्र परमार, बनवारी चंद्रवंशी, मनोज चंदेल, सुरेश परमार, अरुण मेवाड़ा मोहन मीना, भगवान सिंह एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### एचडीएफसी बैंक वैल्यूएबल ब्रांड माना गया

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक को कांतार ब्रांड्स की टॉप 100 सबसे वैल्यूएबल इंडियन ब्रांड्स रिपोर्ट के अनुसार देश का सबसे वैल्यूएबल ब्रांड माना गया है। यह वैल्यूएशन बैंक के डिजिटल इनोवेशन और कस्टमर-सेंट्रिक स्ट्रेटेजी के प्रति कमिटमेंट की वजह से है। एचडीएफसी बैंक की ब्रांड वैल्यू 2024 में 38.3 बिलियन डॉलर से 18 परसेंट बढ़कर 44.9 बिलियन डॉलर हो गई। 2014 में जारी पहली ब्रांड्स इंडिया रिपोर्ट के बाद से इसमें 377 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड और चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, रवि संथानम ने कहाकि हमें कांतार द्वारा देश के टॉप ब्रांड के रूप में पहचाने जाने पर खुशी है।

### प्रावेग की कुल आय 28.94 फीसदी बढ़ी

**अहमदाबाद।** प्रावेग लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने दूसरी तिमाही कुल आय 37.84 करोड़, एबिटडा 3.96 करोड़, 1.40 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ । प्रावेग लिमिटेड के चेयरमैन विष्णु पटेल ने कहाकि एकीकृत कुल आय 28.94 फीसदी बढ़कर 77.71 करोड़ हो गई है। यह वृद्धि हमारे हॉस्पिटैलिटी पोर्टफोलियो के निरंतर विस्तार और हमारे इवेंट्स तथा विज्ञापन व्यवसायों के स्थिर प्रदर्शन से प्रेरित रही है।

### क्लियर का आईपीओ खुलेगा 1 दिसंबर से

**मुंबई।** क्लियर सिक्योर्ड सर्विसेज लिमिटेड ने अपना आईपीओ सोमवार, 1 दिसंबर 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 85.60 करोड़ जुटाने का है। कंपनी का यह निर्गम 64,85,000 इक्विटी शेयरों का है, प्रत्येक का फेस वैल्यू 10, जबकि प्राइस बैंड 125 से 132 प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर पोर्शन 28 नवम्बर 2025 को खुलेगा, जबकि पब्लिक इश्यू 1 दिसम्बर 2025 से खुलेगा और 3 दिसम्बर 2025 को बंद होगा।

### लीफोर्ड का पोस्चर करेक्टर बेल्ट ऑर्थोपेडिक का हल

**मुंबई।** लीफोर्ड हेल्थकेयर लिमिटेड का पोस्चर करेक्टर बेल्ट एक ऑर्थोपेडिक समाधान है, जिसे पोस्चर सुधारने और स्पाइनल एलाइनमेंट को ठीक करने के लिए बनाया गया है। यह बेल्ट कंधों को हल्के से पीछे खींचकर और ऊपरी या निचले पीठ को सहारा देकर रीढ़ को उसकी प्राकृतिक स्थिति में संरेखित करती है, साथ ही बगलों पर पड़ने वाले दबाव को भी कम करती है। यह पोस्चर सुधारने के लिए एक पैसिव तरीका अपनाता है और पीठ की जकड़न, कंधे का दर्द और मांसपेशियों में खिंचाव जैसी समस्याओं को संबोधित करता है, जो दैनिक गतिविधियों, काम, हल्की रीढ़ की चोटों या सर्जरी के बाद रिकवरी के दौरान हो सकती हैं।

## खरीफ में कुल खाद्यान्न 17.3 करोड़ टन का अनुमान

# रिकॉर्ड बना चावल उत्पादनः 12.45 करोड़ टन पहुंचा, दाल-तिलहन घटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अक्तूबर में समाप्त खरीफ सीजन में चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 12.45 करोड़ टन तक पहुंच गया है। यह पिछले वर्ष के खरीफ सीजन के 12.28 करोड़ टन की तुलना में 1.4 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, दलहन, तिलहन और कपास का उत्पादन कम हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, खरीफ 2025-26 सीजन के लिए कुल खाद्यान्न उत्पादन 17.3 करोड़ टन होने का अनुमान है। यह एक साल पहले समान सीजन में 16.9 करोड़ टन था। मंत्रालय ने अपने अनुमान में कहा, प्रमुख खरीफ फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हो सकती है।

खरीफ फसलें मानसून की शुरुआत में जून से जुलाई के बीच बोई जाती हैं। यह सितंबर-अक्तूबर में काटी जाती हैं। चावल, कुछ दलहन और तिलहन के साथ मुख्य खरीफ फसल है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, देश के कुछ इलाकों में अत्यधिक बारिश से फसलें बहुत ज्यादा प्रभावित हुईं। लेकिन अधिकांश इलाकों को अच्छे मानसून से काफी फायदा भी हुआ है। इससे कुल मिलाकर फसल की अच्छी वृद्धि हुई है।


फाइल फोटो

### 2025-26 में ऐसा है उत्पादन का अनुमान

- मक्का- 2.83 करोड़ टन
- मोटा अनाज- 4.14 करोड़ टन
- दाल- 74 लाख टन
- अरहर- 35 लाख टन
- उड़द- 13 लाख टन

### सोयाबीन का उत्पादन घटेगा

सोयाबीन उत्पादन के 1.52 करोड़ टन से घटकर 1.42 करोड़ टन रहने का अनुमान है। तिलहन उत्पादन 2.8 करोड़ टन से घटकर 2.75 करोड़ टन रह सकता है। मूंगफली का उत्पादन एक करोड़ टन से बढ़कर 1.1 करोड़ टन रह सकता है। इसी तरह गन्ने का उत्पादन पहले के 45 करोड़ टन से बढ़कर 47 करोड़ टन होने का अनुमान है।

मंत्रालय ने जारी किए फसल वर्ष के अंतिम उत्पादन आंकड़े के चार अग्रिम अनुमान

### कपास में आएगी गिरावट

कपास का उत्पादन पिछले वर्ष के 2.97 करोड़ गांठों की तुलना में इस सीजन में घटकर 2.92 करोड़ गांठ रह गया है। एक गांठ का मतलब 170 किग्रा है। मंत्रालय किसी फसल वर्ष के अंतिम उत्पादन आंकड़े जारी करने से पहले चार अग्रिम अनुमान जारी करता है।

## 'गोदरेज जर्सी इंडिया लैक्टोग्राफ फाइंडिंग्स वित्त वर्ष 25–26' स्टडी जारी

**भोपाल ।** गोदरेज जर्सी ने 'गोदरेज जर्सी इंडिया लैक्टोग्राफ फाइंडिंग्स वित्त वर्ष 25–26' नाम से एक स्टडी जारी की है। इसमें बताया गया है कि भारत में लोग अब दूध किस तरह से और क्यों पी रहे हैं, और उनके दूध पीने का तरीका कैसे बदल रहा है। यह रिसर्च आठ बड़े शहरों में हुई है, जिससे पता चलता है कि दूध लोगों की लाइफस्टाइल के हिसाब से उनकी रोज़ाना की ज़िंदगी में कैसे फिट हो रहा है। मौसम भी यहां खपत को प्रभावित करता है। सर्दियों में फ्लेवर्ड दूध की खपत सबसे ज़्यादा (करीब 50 फीसदी) होती है, जो इसे गर्माहट, सुकून और पुरानी यादों से गहरे जुड़ाव का संकेत देती है।

## टैक्स लॉ बार एसोसिएशन की कार्यशाला

# युवा अधिवक्ता पस्तोर ने बेची जानी वाली प्रॉपर्टी गाइडलाइन मूल्य के बारे में बताया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कोई व्यक्ति गाइडलाइन मूल्य से कम राशि पर कोई संपत्ति नहीं बेच सकता, अन्यथा उसे एवं खरीदार दोनों को अंतर की राशि पर कर का भुगतान करना पड़ेगा। यह बात टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यशाला में युवा अधिवक्ता सानिध्य पस्तोर ने आयकर विषय पर कहा।

उन्होंने बताया कि किसी प्रॉपर्टी को बेचते समय गाइडलाइन मूल्य से कम पर बेचने पर अंतर की राशि पर आयकर अधिनियम की धारा 50 सी में बेचने वाले को कर चुकाना पड़ेगा, साथ ही यह माना जाएगा कि खरीदार को वह राशि दान के रूप में प्राप्त हुई है जिस पर उसे भी कर का भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि किसी संपत्ति को 24 माह से पहले बेचने पर अल्पकालीन पूंजीगत लाभ कर लगता है एवं उसके बाद दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर लगता है, अन्य संपत्ति जैसे शेयर म्युचुअल फंड आदि पर यह समय सीमा 12 माह है। आज संविधान दिवस है इस पर उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों की याद दिलाई जिसके अनुसार उन्हें किसी भी देय कर का समय से भुगतान सरकार को करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, सचिव मनोज पारख, सह सचिव संदीप चौहान, कोषाध्यक्ष धीरज अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य गोविंद वसंता, हेमंत जैन , राजेश्वर दयाल आदि उपस्थित थे।



कार्यशाला

## महिंद्रा ने पेश की इलेक्ट्रिक 7-सीटर एसयूवी, कीमतः 19.95 लाख रुपए से शुरू

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

महिंद्रा ने एक्सईवी 9एस के रूप में भारत की जमीन से बनी असली इलेक्ट्रिक 7-सीटर एसयूवी है, जिसे इंग्लो आर्किटेक्चर पर तैयार किया गया है।

इसकी कीमत 19.95 लाख रुपए से शुरू है। एक्सईवी 9एस, भारत की 'बिग न्यू इलेक्ट्रिक' के तौर पर आई है — यह एक दमदार सोच है जिसे एक समझदार और विशाल एसयूवी का रूप दिया गया है। यह उन लोगों के लिए है जिनकी जिंदगी, सपने और रोज़ की यात्राएं बड़ी होती जा रही हैं। भारत के सबसे तेज़ ऑटोमोटिव दिमाग एमएआईए से संचालित और महिंद्रा की ख़ास डिज़ाइन फिलॉसफी से बनी एक्सईवी 9एस, सिर्फ एक नई गाड़ी नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक आज़ादी का एक नया अहसास देती है।



एक्सईवी 9एस कार

## एयरटेल एमडी का अलर्टः मुख्य बैंक खाते से यूपीआई भुगतान करना बढ़ा रहा है डिजिटल फ्रॉड का जोखिम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन स्कैम तेजी से बढ़ते हुए भारत के लिए एक बड़ी चिंता बन गए हैं। हर रोज कोई ना कोई डिजिटल धोखाधड़ी का मामला जगह जगह देखने को मिल रहा है, जिसका शिकार छोटे बड़े सभी लोग हो रहे हैं। ऐसे में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का एक तरीका सेकंड बैंक अकाउंट हो सकता है जिससे आप रोजमर्रा के लेनदेन कर सकते हैं और जिसमें आवश्यकता अनुसार थोड़ा धन सेविंग के रूप में रखा जा सकता है, और जिसमें ग्राहकों को ब्याज भी मिलेगा।


गोपाल विट्ठल

इसी का एक बेहतर विकल्प एयरटेल पेमेंट बैंक के रूप में एयरटेल ने ग्राहकों के लिए पेश किया है। जो ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ ही पूरी तरह से सुरक्षित और आसान बैंकिंग सुविधा मुहैया कराएगा। कंपनी ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने डिजिटल भुगतान के लिए एक सुरक्षित "सेकंड अकाउंट" बनाएं, जिससे मुख्य बैंक खाते को किसी भी ऑनलाइन खतरे से बचाया जा सके। एयरटेल के वाईस चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल विट्ठल ने अपने ग्राहकों को डिजिटल फ्रॉड से सजग रहने की अपील करते हुए एक चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने कहा कि डिजिटल ठगी आजकल फर्जी पार्सल डिलीवरी, पुरस्कार जीतने के नाम पर लिंक भेजने तथा डिजिटल गिरफ्तारी के डर जैसी नई-नई तरकीबों के सहारे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एयरटेल नेटवर्क पर होने वाला कोई भी धोखाधड़ी का मामला हमें दुख पहुंचाता है।

## टाटा मोटर्स ने लांच की ऑल-न्यू सिएरा, 11.49 लाख रुपए से शुरू




**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने ऑल-न्यू टाटा सिएरा को लांच किया है। इसकी शुरूआती की11.49 लाख रुपए है यह एक आइकॉन का पुनर्जन्म है जिसने तीन दशकों से अधिक समय से आकांक्षाओं, पहचान और यादों को आकार दिया है। नए ज़माने के लिए दोबारा सोचकर बनाई गई सिएरा ने अपनी पुरानी शानदार विरासत और खास पहचान को बरकरार रखा है, साथ ही इसने आधुनिकता को भी अपनाया है। शैलेश चंद्रा, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने कहाकि नई सिएरा के साथ हम भारतीय मोबिलिटी के लिए एक नया मापदंड तय कर रहे हैं। टाटा सिएरा यह साबित करती है कि ग्राहक अब साधारण से कहीं अधिक की अपेक्षा रखते हैं उन्हें ऐसा इनोवेशन चाहिए जो प्रेरित करे।

## नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई, सेबी ने 68 निवेश सलाहकारों के पंजीकरण रद्द किए

सलाहकारों के पंजीकरण प्रमाणपत्र पहले ही समाप्त हो चुके थे

इसलिए रद्द किया जाना आवश्यक, ताकि निवेशकों गुमराह नहीं हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को नवीनीकरण शुल्क का भुगतान नहीं करने पर 68 निवेश सलाहकारों के पंजीकरण रद्द कर दिए। सेबी की नामित प्राधिकारी सोमा मजूमदार ने आदेश में कहा कि इंटरमीडियरीज रेगुलेशंस, 2008 के तहत नोटिसी नंबर 1 से 68 के निवेश सलाहकार पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किए जाते हैं।



फाइल फोटो

### रद्द की गई संस्थाओं की सूची में ये कंपनियां शामिल

रद्द की गई संस्थाओं की सूची में टूनॉर्थ लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, इक्विटी मंत्रा, सौरभ मुंद्रा, शीतल अग्रवाल, अतीत हेमंत वाघ, गेटबेसिस सिक्योरिटीज एंड टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ल्यूसिड टेक्नोलॉजीज और एवेन्यू वेंचर पार्टनर्स इन्वेस्टमेंट एडवाइजर एलएलपी सहित कई अन्य शामिल हैं।

### हर पांच वर्ष में नवीनीकरण शुल्क जमा करना अनिवार्य

*सेबी के नियमानुसार हर पंजीकृत निवेश सलाहकार को पंजीकरण की तिथि से हर पांच वर्ष में नवीनीकरण शुल्क जमा करना अनिवार्य है। नियामक ने कहा कि संबंधित सलाहकारों को इस चूक की जानकारी पहले ही दी गई थी, लेकिन उन्होंने शुल्क जमा नहीं किया। सेबी ने फरवरी से जून 2025 के बीच इन संस्थाओं को कई कारण बताओ नोटिस भी जारी किए थे। बाजार नियामक ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि इन सलाहकारों के पंजीकरण प्रमाणपत्र पहले ही समाप्त हो चुके थे, इसलिए उनका रद्द किया जाना आवश्यक था ताकि निवेशकों को गुमराह करने के लिए रजिस्ट्रेशन के किसी भी संभावित दुरुपयोग को रोका जा सके।*

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 8वें संस्करण के दौरान देश के 3.65 लाख किसानों से किया संवाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 03 से 15 नवंबर 2025 तक आयोजित अपनी विशिष्ट ग्रामीण संवाद पहल, 'बड़ौदा किसान पखवाड़ा' के 8वें संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। इस पखवाड़े के दौरान, बैंक ने देश भर में 3.65 लाख से अधिक किसानों से संपर्क स्थापित किया तथा 5,636 करोड़ रुपये से अधिक के कृषि ऋण मंजूर किए।

इस वर्ष की थीम, 'आत्मनिर्भरता की ओर' वित्तीय समावेशन के विस्तार और भारत के कृषक समुदाय के लिए सहयोग को बढ़ाने पर केंद्रित है। बैंक ने देश भर में किसान मेलों, किसान बैठकों, चौपाल, क्रेडिट शिविरों और वित्तीय साक्षरता सत्रों सहित कई जमीनी स्तर की पहलों का आयोजन किया। इस दौरान किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों और कृषि औजारों, ड्रोन तकनीक और एफपीओ तथा एसएचजी ऋणों के विवरण से संबंधित जानकारी प्रदान की गई एवं उनमें से कुछ को कार्यक्रम के दौरान ही स्वीकृति पत्र भी दिए गए। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह ने कहाकि बड़ौदा किसान पखवाड़े का 8वां संस्करण डिजिटल समाधानों की मदद से भारत के किसानों को सुलभ, विश्वसनीय और त्वरित सेवाएं प्रदान करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## ओकले मेटा एआई फीचर्स के साथ 1 दिसंबर को होगा लांच

**नई दिल्ली।** ओकले मेटा एचएसटीएन एआई ग्लासेस भारत में 1 दिसंबर से उपलब्ध होंगे, जो एथलीटों, खेल के शौकीन लोगों और रोजमर्रा के चैंपियनों के लिए बनाए गए परफॉर्मेंस पर फोकस करने वाले एआई आईवियर की एक नई श्रेणी पेश करते हैं।

यह कलेक्शन आज से सनग्लास हट पर प्री-सेल के लिए उपलब्ध होगा और इसे पूरे देश में सनग्लास हट तथा प्रमुख ऑप्टिकल और आईवियर रिटेलर्स से खरीद सकते हैं, इसकी कीमतें 41,800 रुपए से शुरू होती हैं। ओकले मेटा एचएसटीएन को एथलीटों और खेल के शौकीन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है और यह एआई ग्लासेस को एक नया साहसिक आयाम प्रदान करता है।

## आईआईटी में विंटर ब्रेक 2025 के लिए स्किल विकास कोर्स, आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने अपने सेंटर फ़ॉर कंटिन्यूइंग एजुकेशन के माध्यम से शीतकालीन सेमेस्टर अवकाश 2025 के लिए अल्पकालिक, उच्च-प्रभावशीलता वाले सर्टिफ़िकेट कोर्सेज की एक नई श्रृंखला की घोषणा की है। उद्योग-उन्मुख प्रतिभा को विकसित करने की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए, ये कोर्स दिसंबर 2025 के दूसरे सप्ताह से आईआईटी मंडी कैंपस में आयोजित किए जाएंगे। सीसीई द्वारा प्रस्तुत यह कार्यक्रम प्रतिभागियों की व्यावहारिक क्षमताओं को बढ़ाने तथा हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण के माध्यम से गहन तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह कार्यक्रम भारत के विभिन्न हिस्सों से आने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और पेशेवरों के लिए डिज़ाइन किया।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
अंचल कार्यालय : ऑफिस काम्पलेक्स प्रथम तल, ब्लॉक-सी, गौतम नगर, भोपाल-462023
e-mail: zobhopal@indianbank.bank.in

**शाखा/कार्यालय परिसर हेतु इलेक्ट्रिक ऑडिट एवं ऊर्जा ऑडिट करने के लिए एजेंसी की नियुक्ति**

इंडियन बैंक, इंडियन बैंक के आंचलिक कार्यालय भोपाल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत शाखाओं/कार्यालयों/एटीएम साइटों के इलेक्ट्रिकल ऑडिट और ऊर्जा ऑडिट करने के लिए पात्र एजेंसियों से तकनीकी बोली/वित्तीय बोली प्रणाली के तहत पैनलबद्ध सह दर अनुबंध के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है विस्तृत विवरण के लिए बैंक अंचल कार्यालय, प्रथम तल, ऑफिस काम्पलेक्स, ब्लॉक-सी, गौतम नगर, भोपाल-462023 या बैंक की वेबसाइट www.indianbank.bank.in. से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफे में (टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड) जमा करने की अंतिम तिथि **22.12.2025** सुबह 11.30 बजे उपरोक्त वर्णित पते पर जमा कर सकते हैं। बिना किसी कारण या किसी भी आधार पर कोई या सभी निविदाओं/सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने के अधिकार बैंक के पास सुरक्षित होंगे।
दिनांक 27.11.2025
उप अंचल प्रबंधक

चिंतन

# प्रदूषण से निपटने को कड़े कदम उठाने की जरूरत

एक समय था जब जहरीली हवा के मामले में चीन का शहर बीजिंग दुनिया भर में बदनाम था। एक्यूआई 500 को भी पार कर चुका था। चौतरफा प्रदूषण को लेकर चीन निशाने पर था। विदेशी कंपनियां निवेश करने से हिचकने लगीं थी। चीनी अमीर दूसरे देशों में बसने के बारे में सोचने लगे। वायु प्रदूषण की समस्या चीन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बन गई थी। बीजिंग में 2007 से एयर पॉल्यूशन शुरू हुआ तो 2011 तक पहुंचते-पहुंचते हालात दिल्ली से भी बदतर हो गए थे। शहर घने ग्रे स्मॉग से ढका रहता था। पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक हो गया। 2013 में बीजिंग में एक्यूआई 755 तक दर्ज किया गया। उस साल कई रिपोर्टों में बीजिंग को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर और चीन के इतिहास में सबसे प्रदूषित साल करार दिया गया। तब ड्रैगन ने आक्रामक, सख्त और सुनियोजित नीतियां व योजनाएं बनाईं। इस पर तुरंत अमल शुरू किया गया। चीन सरकार ने 2013 में 5 साल के लिए एयर पॉल्यूशन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल एक्शन प्लान बनाया। इसमें बीजिंग-तियानजिन-हुबेई क्षेत्र के लिए पीएम 2.5 कम करने के सख्त लक्ष्य तय किए गए। सरकार ने उद्योगों, ईंधन मानकों और शहर नियोजन के लिए कठोर नियम लागू किए। साल 2018 से ब्लू स्काई प्रोटेक्शन कैंपेन शुरू हुआ, जिसने नियमों को और कड़ा कर दिया गया। सरकार ने बीजिंग के आसपास के हजारों छोटे और अत्यधिक प्रदूषक कारखानों को या तो बंद कर दिया था या फिर दूर के प्रांतों में शिफ्ट कर दिया। स्टील, सीमेंट और कोयला पर चलने वाले बिजली संयंत्रों जैसे भारी उद्योगों को क्लीन एनर्जी और टेक्नोलॉजी अपनाने या फिर बीजिंग छोड़ने को मजबूर किया गया। साल 2017 में अपना आखिरी कोयला-आधारित बिजली संयंत्र भी बंद कर दिया। इसी के साथ प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर रुख किया। तभी सरकार ने तय किया कि बीजिंग में बिजली आधारित वाहनों का उपयोग सबसे ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए जगह-जगह चार्जिंग प्वाइंट लगाए गए, ताकि लोगों में बिजली वाहनों के प्रति भरोसा जगाया जा सके। इसका खासा असर भी दिखाई दिया। महज तीन साल में ही 30 फीसदी बिजली के वाहन शहर की सड़कों पर दौड़ने लगे, जिनका नतीजा है कि आज उसकी हवा साफ हो चुकी है। एक्यूआई लेवल 100 तक आ पहुंचा है। इसी के साथ अब बीजिंग एयर पॉल्यूशन से जूझ रहे शहरों के लिए उदाहरण बन गया है। अगर चीन ऐसा कर सकता है तो हम क्यों नहीं। बस जरूरत केवल इस बात कि है कि प्रदूषण के कारकों की पहचान करके उसका निदान किया जाए। आज दिल्ली-एनसीआर का एक्यूआई 699 को भी पार कर चुका है। सांसें जहरीली होती जा रही हैं। हर घर में खांसी और आंख में जलन के मरीज हैं। हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली। सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेप-3 लागू कर दिया है। सभी सरकारी और निजी दफ्तरों को 50 फीसदी कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम करने को कह दिया गया है। इतना सब होने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है। हर साल होने वाली इस परेशानी के निदान के लिए रोड मैप बनाकर उसका सख्ती से पालन करने की जरूरत है। आज सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। अगर हम ऐसा कर पाए तो एक बार फिर से देश की राजधानी दिल्ली दिल वालों की कहलाएगी।



चिंतन
मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में मां के दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के दूध में यूरेनियम पाया जाना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है।

# हे राम! दूध भी सुरक्षित नहीं

सृष्टि की शुरुआत से यह माना जाता है कि मां का दूध नवजात बच्चों के लिए अमृत समान है, क्योंकि इसमें प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जो उन्हें संक्रमण के प्रभाव से बचाता है। जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं कि चिकित्सकों की राय के अनुसार नवजात मां का दूध शिशु के जीवन के लिए न सिर्फ पहली ढाल होता है, बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। साथ ही मस्तिष्क के विकास में सहयोगी और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की प्राकृतिक शक्ति प्रदान करता है, लेकिन सोचिए, अगर वही दूध किसी जहर के साथ मिलकर बच्चे तक पहुंचे, तो कितना खतरनाक हो सकता है। यह विचार ही किसी भी माता-पिता या समाज को हिलाने के लिए काफी है।

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में स्तन दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के स्तन दूध में यूरेनियम मिलना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। यह अध्ययन अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच बेगूसराय, भोजपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, कटिहार और नालंदा जिलों में 17 से 35 वर्ष की 40 महिलाओं पर किया गया। जांच में पाया गया कि सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) मौजूद था। यह मात्रा 5.25 जी/एल तक दर्ज की गई। ब्रिटिश जर्नल 'साइंटिफिक रिपोर्टस' में प्रकाशित इस शोध में कहा गया है कि ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों में 5 पीपीवी (प्रति अरब भाग) तक यूरेनियम पाया गया। यूरेनियम एक रेडियोधर्मी तत्व है, जो लंबे समय तक शरीर में रहने पर किडनी, हड्डियों और कोशिकाओं को प्रभावित कर सकता है। स्टडी में स्पष्ट किया गया है कि इस स्तर का तत्काल प्रभाव कम हो सकता है, परंतु शिशु यूरेनियम के एक्सपोजर के प्रति वयस्कों की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनके शरीर में डिटॉक्सिफिकेशन क्षमता सीमित होती है, जिससे कोई भी रेडियोधर्मी तत्व अधिक तेजी से नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि इस रिसर्च में बताया गया है कि 40 माताओं के दूध में यूरेनियम मिला, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका स्तर अनुमेय सीमा से नीचे था। लगभग 70 प्रतिशत शिशुओं में संभावित गैर-कार्सिनोजेनिक जोखिम देखा गया, पर इसका वास्तविक स्वास्थ्य प्रभाव कम होने की संभावना है। इसके बावजूद, यह तथ्य कि सभी महिलाओं के दूध में यूरेनियम मौजूद है, अपने आप में एक गंभीर चेतावनी है। परमाणु वैज्ञानिक और एनडीएमए के सदस्य डॉ. दिनेश के. असवाल का कहना है कि इसमें डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पाया गया स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से छह गुना कम है। डब्ल्यूएचओ पीने के पानी में यूरेनियम की सुरक्षित सीमा 30 पीपीबी तक मानता है, जबकि बिहार के नमूनों में सिर्फ 5 पीपीबी पाया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं के शरीर में गया अधिकांश यूरेनियम मूत्र के जरिए बाहर निकल जाता है, और स्तन के दूध में इसकी मात्रा बहुत कम होती है।



लेकिन यहां बड़ा सवाल यह नहीं कि स्तर सुरक्षित सीमा से कम है या ज्यादा। असली चिंता यह है कि आखिर महिलाओं के दूध में यूरेनियम पहुंच क्यों रहा है? यह संकेत है कि भूजल में यूरेनियम की उपस्थिति लगातार चढ़ रही है। शोध में बताया गया है कि भारत के लगभग 151 जिलों और 18 राज्यों में भूजल यूरेनियम प्रदूषण पाया जा चुका है। यह आंकड़ा सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शिशु अपने शरीर से यूरेनियम को तुरंत बाहर नहीं निकाल पाते, इसलिए वे अपनी माताओं की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनका शरीर विकसित हो रहा होता है और किसी भी रेडियोधर्मी तत्व का असर उन पर अधिक तेजी से पड़ सकता है। बच्चों पर यूरेनियम का असर सबसे खतरनाक इसलिए भी होता है, क्योंकि उनके शरीर में हेवी मेटल्स को बाहर निकालने की क्षमता बेहद कम होती है। इसके कारण किडनी का विकास प्रभावित हो सकता है, न्यूरोलॉजिकल विकास रुक सकता है, आईक्यू कम हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दीर्घकालिक असर पड़ सकता है। यह सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा सवाल है। इस स्थिति पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरतापूर्वक सोचना होगा। अगर भूजल में भारी धातुओं और रेडियोधर्मी पदार्थों का स्तर बढ़ रहा है, तो इसका असर सिर्फ दूध पर नहीं, बल्कि पेयजल, फसलों और पूरे खाद्य चक्र पर भी पड़ेगा।

असली समाधान भूजल की गुणवत्ता सुधारने, जलस्रोतों के परीक्षण को मजबूत करने और प्रदूषण के स्रोतों का पता लगाने से होगा। सरकार को चाहिए कि तत्काल उन इलाकों में पानी की जांच शुरू कराए जहां से नमूने लिए, गए थे। पानी शुद्धिकरण की योजनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को माताओं और बच्चों की नियमित जांच करानी चाहिए। साथ ही, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों को मिलकर यह समझना होगा कि भूजल में यूरेनियम आखिर क्यों बढ़ रहा है, क्या यह प्राकृतिक कारण हैं, औद्योगिक प्रदूषण है, या किसी और बजह से मिट्टी और पानी में बदलाव हो रहा है? इस समस्या को हल्के में लेना भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय होगा। यह सिर्फ एक शोध नहीं, बल्कि चेतावनी है कि हमारा पर्यावरण धीरे-धीरे प्रदूषण के ऐसे स्तर तक पहुंच रहा है जो मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए सरकारों को तुरंत कदम उठाने होंगे। स्तनपान आज भी शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार है और इसे किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन साथ ही, यह भी जरूरी है कि महिलाएं जिस वातावरण में रहती हैं, यह सुरक्षित हो। पानी, हवा और मिट्टी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना किसी भी समाज का सबसे बड़ा कर्तव्य है। देखा जाए तो यह अध्ययन देश के स्वास्थ्य ढांचे को आईना दिखाता है। यह बताता है कि पर्यावरण संकट सबसे पहले और सबसे ज्यादा बच्चों को प्रभावित है। आज अगर बिहार के 40 नमूनों में यूरेनियम पाया गया है, तो कल यह संख्या बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका, कनाडा और चीन जैसे देशों के भूजल में यूरेनियम मिलने की खबरें आती रही हैं, लेकिन बिहार में इसका ब्रेस्ट मिल्क में पाया जाना समस्या को एक नए और गंभीर स्तर पर ले जाता है। हालांकि, इन चौंकाने वाले नतीजों के बावजूद शोधकर्ताओं ने माताओं को सलाह दी है कि वे स्तनपान कराना बंद न करें, क्योंकि मां का दूध शिशुओं के लिए पोषण का सबसे सर्वोत्तम स्रोत है, लेकिन सरकार को इसके स्रोतों का पता लगाकर जल्द रोकथाम करनी होगी। ताकि मां का दूध अमृत बना रहे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

हालात
ऋतुपर्ण दवे



# युवाओं पर कसता जा रहा डिजिटल लत का शिकंजा

आज दुनियाभर में सबसे ज्यादा चिंता का विषय बच्चों को बढ़ती डिजिटल लत से बचाना है। वैसे यह वह मानसिक बीमारी है जो आहिस्ता-आहिस्ता लोगों को मानिसक रूप से जकड़ रही है। लोग खुद पर नियंत्रण खोते जा रहे हैं। आने वाले दिनों में इसको लेकर बद से बदतर हालात दिखने लगेंगे। दरअसल, मोबाइल फोन वह नशा बनता जा रहा है, जिसके आगे बड़े से बड़ा नशा काफूर हो रहा है। परेशान करने वाली सच्चाई यह है कि 3 से 12 साल की उम्र के बच्चे सोशल मीडिया से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। जो उम्र उनके दिमाग के तेजी से विकास की है उसमें ज्यादा वक्त स्क्रीन पर बिताकर सामाजिक गतिविधियों, खेल-कूद व रचनात्मक सोच से बच्चे दूर हो जाते हैं। सभी ने बच्चों के बदलते व्यव्हार को भांपा है। आखिर इसका समाधान क्या होगा? शुकून की बात यह है कि कुछ देश आगे बढ़कर पहल कर रहे हैं। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने और साइबर बुलिंग व दूसरे अपराधों से बचाने के लिए अपनी-अपनी तरह से कुछ सरकारों की पहल अच्छी है। इस पर अलग-अलग देशों में कानून भी अलग हैं। फ्रान्स में 200 स्कूलों में स्मार्टफोन पर पाबंदी लगाने के बाद आई सफलता के 'डिजिटल ब्रेक' प्रयोग से छात्र और स्कूल स्टाफ, दोनों ही संतुष्ट हैं। नार्वे और स्पेन में बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट खातिर डेटा प्रोटेक्शन सहमति की उम्र पहले क्रमशः 13,14 थी, जिसे बढ़ाकर 16 कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया ने स्कूल, क्लासरूम में फोन प्रतिबंधित करने वाला कानून बना दिया। इसी साल 26 अगस्त को 163 में 115 सांसदों की मुहर से लागू कानून मार्च 2026 से लागू होगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई,उनके सामाजिक मेल-जोल और बर्ताव में सुधार आ सके। फिनलैंड में छोटे बच्चों के लिए मोबाइल प्रतिबंधित है तो इटली, नीदरलैंड्स में कक्षाओं में मोबाइल फोन, टैबलेट और स्मार्टवॉच पर रोक है तो चीन में, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी बिना अभिभावक लिखित इजाजत स्कूल में फोन नहीं ले जा सकते, जबकि डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने इसी 8 अक्टूबर को संसद में कहा कि वहां 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की योजना बनाई जा रही है, क्योंकि हमने एक राक्षस को जन्म दिया है जो मोबाइल के रूप में हमारे बच्चों का बचपन छीन रहा है। जर्मनी में 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया उपयोग के लिए अभिभावक की अनुमति जरूरी होगी। यूरोपियन यूनियन स्तर पर जनरल डेटा प्रोटेक्शन कहता है कि सदस्य देश प्लेटफॉर्म के लिए यूजर की सहमति की कम से कम उम्र तय कर सकते हैं, बशर्ते वह 13 साल से ज्यादा हो। जबकि ईरान कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स या तो प्रतिबंधित हैं या उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। म्यांमार और उत्तर कोरिया में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लगभग पूर्ण प्रतिबंध है और सरकारी नियंत्रण वाले प्लेटफॉर्म ही वहां हैं। रूस और तुर्किए में विशेष परिस्थितियों जैसे राजनीतिक विरोध या अशांति में सोशल मीडिया बैन लगते हैं। डेनमार्क पहले ही स्कूलों में मोबाइल पर बैन लगा चुका है और अब सोशल मीडिया पर भी बच्चों के लिए सख्त प्रतिबंध और सर्विस प्रोवाइडर पर भारी भरकम जुर्माने की योजना बना रहा है।

बीते नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का बिल संसद पक्ष और विपक्ष दोनों की सहमित से पारित हुआ। वहां के प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को टेंशन बढ़ाने वाला, ठगों और ऑनलाइन अपराधियों का हथियार बताया था। ऑस्ट्रेलिया ऐसा बिल पारित करने वाला दुनिया का पहला देश भी बना। बिल के अनुसार एक्स, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों को अकाउंट रखने से रोकने में नाकाम रहते हैं, तो उन पर 275 करोड़ रुपए (32.5 मिलियन डॉलर) जुर्माना लग सकता है। रोक की मंशा यह है कि आस्ट्रेलियाई युवक फोन छोड़कर फुटबॉल, क्रिकेट और टेनिस खेलें।ऑस्ट्रेलिया के नक्शे कदम पर, ब्रिटिश सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन पर विचार कर रही है। सरकार का मानना है कि ऑनलाइन सुरक्षा के लिए जो भी करना होगा, करेंगे उसमें बच्चों के लिए विशेष। गनीमत है कि कई देशों की सरकारें मोबाइल फोन और अन्य स्मार्ट डिवाइस को लेकर बच्चों की चिंता करने लगी हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि मोबाइल-इण्टनेट को लत कहें या खुमारी पूरी मानवता पर पड़ रही है भारी। अभी भी वक्त है चेतने का, अगर आलम यही रहा तो आने वाले चंद वर्षों में दुनिया कितनी और कैसी बदलेगी, सोचकर ही सिरहन होती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

## मंत्र का असर



संकलित
प्रेरणा

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## सटाका




## आज की पाती

### अन्याय कभी भी सहन मत करो

यदि आज हम किसी अन्य के साथ हो रहे अन्याय का विरोध नहीं करते, तो यकीन मानिए एक दिन हम स्वयं भी उसी अन्याय का शिकार अवश्य ही होंगे। यही समय है, यही पल, यही क्षण है। ये इंतजार कभी भी नहीं कीजिए, कि केवल हमारे ही साथ कहीं कभी अन्याय होगा, तभी हम किसी सड़ी हुई विकृत व्यवस्था का विरोध करेंगे। फिर उस वक्त व्यर्थ के रुदन, रोने-धोने से कोई लाभ, कोई सकारात्मक प्राप्ति होना अत्यंत ही कठिन या संभवतः असंभव हो सकता है। एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है कि न्याय में देरी, लगभग अन्याय के ही बराबर है। देश, समाज, दुनिया में कहीं एक जगह, किसी एक के साथ हो रहा अन्याय, हर जगह अन्याय होना भी माना जा सकता है। आम तौर पर लोग अन्याय का विरोध नहीं करते हैं, जिसके परिणाम भयंकर होते हैं।

*- प्रवीण पांडे, धमतरी*

## करंट अफेयर

### फ्रांस में नई स्वैच्छिक सैन्य सेवा की घोषणा करेंगे मैक्रों

यूरोपीय राष्ट्रों के लिए रूस के बढ़ते खतरे को देखते हुए फ्रांस ने अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने का फैसला किया है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बृहस्पतिवार को नयी राष्ट्रीय स्वैच्छिक सैन्य सेवा योजना की घोषणा करेंगे। मैक्रों के फ्रांसीसी आल्प्स में वार्स सैन्य अड्डे पर जाने से पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह 'बढ़ते खतरों के लिए राष्ट्र को तैयार करने की आवश्यकता' पर जोर देंगे। इस साल की शुरुआत में मैक्रों ने फ्रांसीसी युवाओं को स्वेच्छा से सैन्य सेवा में शामिल होने का एक नया विकल्प देने की मंशा जाहिर की थी। उल्लेखनीय है कि फ्रांस 1996 में अनिवार्य सैन्य भर्ती को समाप्त कर चुका है, और इसे दोबारा लागू करने पर विचार नहीं किया जा रहा है। मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन में रूस के युद्ध ने यूरोपीय महाद्वीप को 'बड़े जोखिम' में डाल दिया है। उन्होंने मंगलवार को रेडियो आरटीएल को बताया, 'रूस को जिस दिन आपने कमजोरी का संकेत दिया, वह आगे बढ़ता ही रहेगा।' राष्ट्रपति ने अगले दो वर्षों में सैन्य खर्च में 6.5 अरब यूरो की अतिरिक्त वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य 2027 तक वार्षिक रक्षा खर्च को बढ़ाकर 64 अरब यूरो करना है, जो 2017 के खर्च का दोगुना होगा।



## ऑफ बीट

### कुत्ते खाना और खिलौने कैशिंग के लिए छिपाते हैं

क्या आपने कभी किसी कुत्ते को कंबल के नीचे, सोफे के पीछे, या घर के पिछले हिस्से में खोदे गए गड्ढे में अपना पसंदीदा खाना छिपाते हुए देखा है? आपको लग सकता है कि वे किसी ऐसे व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं, जो प्रलय आने की आशंका से डरा हुआ हो, लेकिन कुत्ते आसन्न आपदा की चिंता में अपना खाना जमा नहीं कर रहे हैं। वे यह बता रहे हैं कि कैसे उनका विकासवादी अतीत आज भी आधुनिक व्यवहारों को आकार दे रहा है। यह दूरदर्शी रणनीति हमें एक अनोखी झलक देती है कि हम उन्हें अच्छी तरह जीने में कैसे मदद कर सकते हैं। कुत्ते भोजन, सामान और खिलौने क्यों छिपाते हैं- आपने 'कैशिंग' के बारे में सुना होगा, जिसका वैज्ञानिक अर्थ है भोजन को बाद में इस्तेमाल के लिए गुप्त स्थानों पर संग्रहित करना। यह व्यवहार गिलहरियों से लेकर कौवों और भेड़ियों तक, सभी जानवरों में व्यापक रूप से पाया जाता है। 'कैशिंग' व्यवहार सामान्यतः दो श्रेणियों में से आता है। इनमें से एक को 'लार्डर होर्डिंग' के नाम से जाना जाता है। इसे एक गिलहरी के उदाहरण से समझा जा सकता है, जो लंबी सर्दियों के दौरान एक या दो स्थानों पर मेवे जमा करके रखती है।



## ट्रेंड

### उत्कृष्ट परिणाम

टोक्यो में आयोजित 25वें डेफलंपिक्स 2025 में 9 स्वर्ण पदकों सहित 20 पदकों की ऐतिहासिक सर्वश्रेष्ठ पदक तालिका के साथ, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और समर्पण से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### शानदार फिल्म

सच्ची घटना पर आधारित '120 बहादुर' जैसी देशभक्ति की फिल्म हर सच्चे देशभक्त को देखनी भी चाहिए और दूसरों को देखने के लिए कहना भी चाहिए। जिससे नई पीढ़ी भी सैनिकों के बलिदान की गौरव गाथा से परिचित हो सके। अभिनेता से लेकर फिल्म से जुड़े हर पक्ष का काम सराहनीय है।

**- अखिलेश यादव, सपा नेता**



### कार्रवाई की ज़रूरत

निर्मम हत्या कर दिए गए दो राष्ट्रीय रक्षकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। हमारी चरमराई व्यवस्था को सुधारने के लिए कितने निर्दोष लोगों की जान लेनी पड़ेगी? कठोर कार्रवाई की ज़रूरत है।

**- एलन मास्क, उद्योगपति**



### मेरे लिए बहुत कुछ

वह मेरे लिए बहुत कुछ थे। एक प्यारे पति, हमारी दोनों बेटियों, ईशा और अहाना, के लाड़ले पिता, दोस्त, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि, हर मुश्किल घड़ी में मेरे लिए सबसे मददगार - दरअसल, वह मेरे लिए सब कुछ थे! हमेशा अच्छे-बुरे समय में मेरे साथ रहे।

**- हेमा मालिनी, अभिनेत्री**



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### मन्नत क्लब ने जरूरतमंद बच्चों को बांटे वस्त्र

**संतनगर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतर्गत लायंस क्लब मन्नत क्लब की वर्ष 2025-26 की अधिकारिक बैठक जोन आशा लालवानी, रीज़न राम बाबू शर्मा की उपस्थिति में संत नगर स्थित होटल में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत नैना वाधवानी सभा प्रारंभ करके की। सीमा शिवेंद्र ने ध्वज वंदना प्रस्तुत की व शशि शर्मा ने तलब की गतिविधियों की जानकारी सदन को दी। अतिथियों का स्वागत क्लब सदस्यों ने किया फूल मालाओं से किया। साथ ही किरण श्रीवास्तव द्वारा जरूरत मंद बच्चों को वस्त्र वितरित किए गए। क्लब की किरण वाधवानी ने मंच संचालन किया। जोन और रीज़न ने क्लब की सेवा गतिविधियों को सराहाना की।

### अशोक सेठी का धूमधाम से मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** व्यापारी महासंघ के संरक्षक एवं बहावलपुरी समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक सेठी का जन्मदिन व्यापारियों ने उनके निवास पर पहुंच कर धूमधाम से मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा, अशोक मित्तल, अशोक कामरा ने शुभकामनाएं दी। व्यापारी महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, किराना संघ के अध्यक्ष विक्रम धाड़ी, नीरज चावला, रतन मेघानी, बल्लू अरोरा, पूर्व नपा अध्यक्ष सुरजीत सिंह बिल्ले, मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, सोनू मित्तल, टोनी जैन, विजय जैन, पप्पू भैया, विक्की कामरा, गिरीश चावला, कालू वासवानी, बाला सैनी, बागीश अग्रवाल, नरेश सेठी, भारत सेठी, विनोद सेठी, हरीश सेठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा के लोकेश का मनाया जन्मदिन

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा आईटी सेल के लोकेश परमार का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया।



उनके जन्मदिन पर विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, विक्रम यादव, नरेश सेठी, मनोज चौरसिया, सुरजीत चौहान बीलखेड़ी, राहुल प्रजापति, राजेंद्र गुड्डू साहू, दीपू परमार आदि ने बधाई दी।

### तीन साल तक लिव इन में रहने के बाद शादी से मुकरा

**भोपाल।** बागसेवनिया पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके लिवइन पार्टनर पर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म और शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली 23 साल की युवती प्रायवेट काम करती है। करीब तीन साल पहले सोशल मीडिया से उसकी दोस्ती अनिमेष चौकसे से हो गई। कुछ दिन चेटिंग और मोबाइल पर बातचीत होने के बाद दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इस बीच अनिमेष ने शादी का प्रलोभन दिया और शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिया। दोनों लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। तीन साल तक दैहिक शोषण करने के बाद युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी शादी करने की बात से मुकर गया और अलग किराए से रहने लगा। पीड़िता ने उसे मनाने की कोशिश की, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। लिहाजा परेशान होकर युवती ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस पीड़िता की शिकायत के बाद कार्रवाई शुरू कर दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0538 | | |
| दिन: | 458 | 79 | 180 |
| रात: | 127 | 03 | 247 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 599 | 33 | 445 |
| रात: | 249 | 52 | 138 |

## ट्रक से इंदौर जा रही सवा करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

### प्लास्टिक दाना बताकर भेजी जा रही थी 1200 पेटी शराब

**ट्रक में स्कायलैंड गार्डन के पास खजूरी सड़क से शराब की पेटियां लोड की थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क पुलिस ने गुरुवार तड़के भोपाल-इंदौर हाइवे पर एक ट्रक को रोककर उसमें रखी 1200 पेटी अवैध शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत 1 करोड़ 20 लाख रुपए बताई जा रही है, जबकि शराब तस्करी में इस्तेमाल ट्रक की कीमत 40 लाख रुपए है। आरोपी चालक का कहना है कि उसे नहीं पता था कि ट्रक में इतनी बड़ी मात्रा में शराब रखी है। उसे कहा गया था कि प्लास्टिक का दाना है। इंदौर में उसे एक व्यक्ति मिलेगा। वो माल अनलोड करा लेगा। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी विभाग को सूचना दे दी है।

डीसीपी जितेन्द्र सिंह पवार के मुताबिक विगत 27 नवंबर को नाइट गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 6305 में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन किया जा रहा है। यह ट्रक स्कायलैंड गार्डन की ओर से इंदौर तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने भोपाल-इंदौर हाइवे पर थाने के सामने नाकाबंदी कर दी। गुरुवार तड़के करीब 4 बजे उक्त ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकना चाहा तो ड्रायवर ने गच्चा देकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक जब्त कर लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम जाकिर शेख (50) निवासी मीना पैलेस भंवरकुआ थाना भंवरकुआ जिला इंदौर का होना बताया। उसने बताया कि ट्रक में स्कायलैंड गार्डन के पास खजूरी सड़क से शराब की पेटियां लोड कराई गई हैं। शराब की पेटियों को इंदौर ले जाना था। चालक जाकिर के पास से शराब परिवहन के कोई दस्तावेज नहीं मिले। उसकी जगह फर्जी दस्तावेज की बिल्टी पेश की। लिहाजा पुलिस ने ट्रक जब्त कर तलाशी ली। ट्रक में अंग्रेजी शराब की 1200 पेटियां और 10592 लीटर शराब रखी मिलीं। पुलिस ने एक करोड़ 20 लाख रुपए की अवैध शराब और ट्रक का मूल्य 40 लाख रुपए समेत कुल एक करोड़ 60 लाख 42 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया गया।

**पुलिस ने ट्रक रोकना चाहा तो ड्राइवर ने भागने की कोशिश की**



बड़ी मात्रा में अवैध शराब के साथ खजूरी सड़क थाना के पुलिस कर्मचारी।

**मुझे नहीं मालूम था कि पेटियों में शराब है**

आरोपी चालक जाकिर शेख से पूछताछ की जा रही है। उसका कहना है कि उसे नहीं मालूम था कि पेटियों में शराब रखी है। उससे कहा गया था कि इसमें प्लास्टिक आयटम बनाने वाला प्लास्टिक दाना है। इंदौर में उसे कोई व्यक्ति मिलेगा। वहीं उसे किसी स्थान पर ले जाकर माल अनलोड कराएगा। एसआई का कहना है कि आरोपी चालक ने जो दस्तावेज दिखाए हैं वो सभी फर्जी हैं।

| शराब की कंपनी | पेटी की सख्या | कीमत |
|---|---|---|
| बेगपाइपर | 202 | 1414000 |
| रायल चैलेंज | 143 | 1859000 |
| रायल चैलेंज | 150 | 1950000 |
| ओल्ड मोंक | 312 | 2184000 |
| ओल्ड मोंक क्वार्टर में | 79 | 553000 |
| रायल स्टेज | 148 | 1924000 |
| की बाटल में | | 1911000 |
| सिगनेचर बोतल में | 19 | 247000 |

### परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित कस्बे का मामला

## दिव्यांग से अप्राकृतिक कृत्य, सीने पर बैठकर की मारपीट, वीडियो वायरल

**वीडियो वायरल होने पर दर्ज कराई एफआईआर, दो पर प्रकरण दर्ज, एक अन्य बन सकता है आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में दिव्यांग युवक से दुष्कर्म और मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। 11 नवंबर की रात करीब दस बजे हुए अप्राकृतिक कृत्य और मारपीट से भयभीत दिव्यांग ने शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। बाद में जब मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो आत्मगिलानी होने पर दिव्यांग ने परिवार के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उक्त मामले में मारपीट और अड़ीबाजी का मामला दर्ज है। पुलिस ने अप्राकृतिक कृत्य, मारपीट करने वाले युवक और वीडियो बनाने वाले युवक पर की तलाश शुरू कर दी है।

**अप्राकृतिक कृत्य किया: नागर**

थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि दिव्यांग ने शिकायत में बताया कि उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य और मारपीट की गई। इधर कुछ लोगों का कहना है कि विकास मीणा ने दिव्यांग पर पेशाब की है, लेकिन दिव्यांग ने पेशाब करने की बात से इंकार किया है। पैसों की अड़ीबाजी करने की बात दिव्यांग ने बताई थी। लिहाजा मारपीट और अड़ीबाजी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

थाना प्रभारी रोहित नागर ने बताया कि 23 साल का युवक दिव्यांग है और एक कस्बे में रहता है। इसी कस्बे में 25 साल का विकास मीणा रहता है। विकास मीणा उसका साथी कमल और दिव्यांग सहित एक अन्य कस्बे का युवक सभी एक-दूसरे के दोस्त हैं। गत 11 नवंबर को एक युवक का बर्थ-डे था। बर्थ-डे पार्टी में विकास मीणा, कमल और दिव्यांग गए थे। चारों दोस्त शराब पी रहे थे। इस दौरान मजाक मस्ती में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर विकास मीणा ने दिव्यांग के साथ मारपीट शुरू कर दी। वह दिव्यांग के सीने पर बैठकर उससे मारपीट करने लगा। इसी दौरान उसने दिव्यांग से अप्राकृतिक कृत्य भी किया। आरोप है कि विकास के साथी कमल ने मारपीट और अप्राकृतिक कृत्य का वीडियो अपने मोबाइल से बना लिया था।

## एक्सीडेंट में घायल बाइक सवार युवक की मौत

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित झिरनिया में बुधवार शाम मामा ढाबा के पास बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। फिलहाल टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान के प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार नफीस खान पिता मखमल खान (37) बंजारा बस्ती, अब्बास नगर, गांधी नगर का रहने वाला था। वह ग्राम सतपोन, थाना दोहारा जिला सीहोर स्थित अपनी ससुराल में रहता था। बुधवार शाम कारीब पौने सात बजे वह बाइक से भोपाल से अपने घर दोराहा लौट रहा था। ग्राम झिरनिया कलाखेड़ी जोड़ स्थित मामा ढाबा के पास पहुंचते ही उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल नफीस को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां बुधवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक टक्कर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है।

**गंभीर रूप से घायल नफीस को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था**

### आरोपी का नहीं लगा था सुराग, लोगों में बढ़ता जा रहा था आक्रोश

## पुलिस की 20 टीमें आरोपी की तलाश में भटक रही थी जंगल-जंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गौहरगंज में गुरुवार को स्थिति सामान्य रही। वहीं एम्स अस्पताल में भर्ती दुष्कर्म पीड़िता बच्ची के स्वास्थ्य में भी सुधार होना बताया है। नए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता गौहरगंज में जमे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस की 20 टीमें आरोपी की तलाश में लगी है, शीघ्र की आरोपी की गिरफ्तारी होगी।

ज्ञात हो कि 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के मामले में बुधवार को सकल हिंदू समाज द्वारा धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया और आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और उसे इस हैवानियत कृत्य के लिए फांसी की मांग की। इसके बाद क्षेत्र में जगह-जगह पुलिस बल तैनात है। पुलिस अधिकारी जंगलों में तलाशी अभियान चला रहे हैं, वहीं पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव एवं एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस आरोपी की तलाश कर रहे हैं।




जंगल में आरोपी सलमान की तलाश करती पुलिस की टीम।

## कोकता चौराहा वाइन शॉप पर दो लोगों में मारपीट, पथराव में एफआरवी का कांच टूटा

**पत्थर मारने वाले युवक पर पुलिस ने किया केस दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना के कोकता चौराहा पर बुधवार शाम नशे में धुत दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची एफआरवी डायल 112, एफआरवी ने दोनों युवकों का समझाइश दी। इसी बीच एक युवक ने दूसरे युवक पर पत्थर फेंका और पत्थर एफआरवी लगा, जिससे उसका आगे का कांच टूट गया। पुलिस ने पत्थर मारने वाले युवक पर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार कोकता चौराहा पर बुधवार शाम वाइन शॉप के सामने मिथुन कुमार डेहरिया का एक युवक से विवाद हो गया। नशे में विवाद होने के बाद दोनों वाइन शॉप के सामने एक दूसरे से मारपीट करने लगे। दोनों के बीच होती मारपीट को देख किसी ने डायल 112 पर कॉल कर दिया। इवेंट मिलने पर डायल 112 में पायलेट दीपक राजपूत और पुलिसकर्मी पहुंचा। पुलिसकर्मी आपस में मारपीट कर रहे युवकों को समझाइश देने लगा। इसी बीच मिथुन कुमार ने पत्थर उठाकर विवाद कर रहे युवक पर फेंका।

पत्थर उसे न लगते ही एफआरवी में लगा और सामने का कांच टूट गया। पुलिस पत्थर मारने वाले मिथुन को लेकर थाने पहुंची। वह अत्यधिक नशे में था। पुलिस ने उसके परिजन को थाने बुलाया और उनके हवाले कर दिया। पुलिस ने पायलट दीपक राजपूत की शिकायत पर मिथुन कुमार डेहरिया पर तोड़फोड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## अवैध शराब की दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का दिलाया भरोसा

**गौहरगंज कांड के बाद एसपी आसुतोष गुप्ता ने ली शांति समिति बैठक**

◆ *पुलिस अधीक्षक से पहले हिंदू पक्ष और दूसरे चरण में मुस्लिम पक्ष से अलग-अलग की चर्चा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

शहर के उद्योग भवन में गुरुवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में नवोदित पुलिस अधीक्षक आसुतोष गुप्ता ने अवैध शराब की दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

बैठक में मौजूद नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने एसपी से रूबरू होकर नगर में फैली अवैध शराब की दुकानों के खिलाफ आवाज बुलंद की। दरअसल, गौहरगंज क्षेत्र में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई हैवानियत के बाद प्रशासन ने शांति बनाए रखने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की। बैठक में पुलिस अधीक्षक आसुतोष गुप्ता ने पहले चरण में हिंदू पक्ष और दूसरे चरण में शाम 6 बजे मुस्लिम पक्ष से अलग-अलग चर्चा की गई।



क्षेत्र में शाति बनाए रखने के लिए गुरुवार को पुलिस अधीक्षक बैठक लेते हुए।

**महिलाओं-बच्चियों पर नशेड़िए कसते हैं फब्तियां**

प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि नगर में जगह-जगह अवैध शराब की दुकानें खुली हुई हैं। इन शराब के अड्डों पर खड़े नशेड़ी महिलाओं और बच्चियों पर फब्तियां कसते हैं, छेड़खानी करते हैं। इससे महिलाएं और बच्चियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

## सड़कें जगह-जगह से उखड़ीं, नालियां भी जर्जर, क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य ठप

**ग्राम पंचायत तामोट पर ठेकेदार और दलालों का कब्जा, हो रही कार्य में गड़बड़ी**

**तामोट पंचायत के 90 फीसदी भाजपा के नेता, पंचायत की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

ग्राम पंचायत तामोट सबसे बड़ा ग्राम है। यहां लगभग 9000 की अवादी निवास करती है। तामोट के राजकुमार, बाबूलाल और पंचायत के अन्य सदस्य तामोट को सुंदर, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त ग्राम बनाने में लगे हुए हैं, लेकिन तामोट पंचायत में 3 साल से आए बजट को उड़ाने में लगी है। यहां की न तो सड़कें मजबूत बनी, न ही नाली। सिंधी कैंप की सड़कें, नालिया जर्जर हालत में हैं।

तामोट पंचायत के 90 फीसदी भाजपा के नेता, पंचायत की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हैं। क्योंकि पंचायत पर ठेकेदार और दलालों का कब्जा है। इसीलिए तामोट में अतिक्रमण लगातार बढ़ रहे हैं। पंचायत कार्यालय में मनमानी चल रही है। ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का कार्य भी ठप है। सड़कें जगह-जगह से उखड़ रही हैं, उसमें बड़ी-बड़ी दरारे आ गई हैं। वहीं पंचायत के जिम्मेदार पंचों को न तो कार्य एवं बजट की जानकारी देते हैं न ही पंचों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर कार्य करते हैं।





ग्राम पंचायत तामोट में सड़क किनारे फैली गंदगी।

**मैं खुद तामोट जाकर मामले की जांच करुंगा**

जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने कहा कि तामोट कि बहुत शिकायतें आ रही है, मैं खुद तामोट जाकर जांच करुंगा। वहीं तामोट की जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने फोन पर बताया कि तामोट ग्राम पंचायत दफ्तर में कोई सुनने वाला नहीं है। न ही पंचायत में क्या हो रहा है, इसकी जानकारी देता।

**जांच करेंगे**

हमें तामोट की कई शिकायतें हमें मिली है। मैंने पंचायत सचिव को फोन पर कहा कि पंचायत का रिकॉर्ड जनपद कार्यालय में लाओ में उसकी जांच करुंगा।

**उमाशंकर आर्य,** जनपद, एसडीओ

### जागरुकता कार्यक्रम में 150 से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की

## नवांकुर संस्था का नवाचार, पानी बचाने के लिए कराया सामूहिक भोज, बोरी बंधान कार्यक्रम में शामिल हुए लोग

**नवाचार का उद्देश्य अधिक से अधिक ग्रामीणों को जोड़कर जल संरक्षण करना है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जल संरक्षण को लेकर जन जागरुता बढ़ाने एवं समुदाय को जोड़ने अनेकों गतिविधियां मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा की जा रहीं हैं। इसी कड़ी में नवांकुर संस्था सेक्टर मंडीदीप द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम दाहोद में नवाचार किया। जहां जल पर संवाद एवं बोरी बंधान कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोज का कार्यक्रम भी किया गया। इस भोज का उद्देश्य अधिक से अधिक ग्रामीणों को जोंड़कर जल संरक्षण की दिशा में मोड़ना था। ग्रामीणों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि हम पहली बार ऐसा देख रहे हैं कि कोई संस्था पानी बचाने के लिए सामूहिक भोज करवा रही है। सभी ने पानी संरक्षण पर अपने-अपने विचार भी रखे।



जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य करते हुए लोग।

**ग्रामीणों से जल संरक्षण पर किया संवाद**

संवाद एवं बोरी बंधान कार्यक्रम में परिषद के जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी नवांकुर संस्थाओं एवं मेंटर की समीक्षा बैठक ली और ग्रामीणों से जल संरक्षण पर संवाद किया। बोरी बंधान एवं जल संवाद कार्यक्रम में 150 से अधिक नागरिकों ने सहभागिता की एवं ग्राम के जलस्त्रोत नाले पर बोरी बंधान किया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार, ग्राम की सरपंच ओमवती महेश पटेल, समिति अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य सज्जन सिंह नागर,नवांकुर सेक्टर प्रमुख वीर सिंह चौहान, समाजसेवी नितीन जैन, समाजसेवी करण सिंह नागर, चिरौंजी लाल राठौर, पूर्व रेंजर गुलाब सिंह नागर, कृष्ण गोपाल नागर, इमरत सिंह, आशीष तिवारी, उपसरपंच शैलेन्द्र नागर, धमेन्द्र गोस्वामी, नवांकुर संस्था के सुनील सेरिया, बारेलाल नायक, हरनाम सिंह, प्रियंका गौर, मेंटर प्रेमनाराण सोनी, राहुल नागर, रीना पवार, सिद्धार्थ चौहान सहित समिति के अन्य सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

### सिक्योरिटी हाइजीन विषय पर कार्यशाला

## डिजिटल युग में स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए दें विशेष ध्यान



संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में शिक्षक और विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के कंप्यूटर साइंस विभाग ने एनसीसी इकाई के सहयोग से 'डिजिटल सिक्योरिटी हाइजीन' विषय पर एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता शान्तनु तारे, सीईओ एवं संस्थापक, डिजिटल फ्लिक्स रहे।

कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल युग में स्वयं को सुरक्षित रखने, साइबर सुरक्षा के नवीनतम खतरों को समझने और ऑनलाइन कार्य करते समय सुरक्षा उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यशाला में कंप्यूटर साइंस विभाग की छात्राओं समेत एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वक्ता के साथ प्रश्नोत्तर सत्र में सक्रिय सहभागिता दिखाई।

# यूक्रेन में बमबारी से बचने के लिए हमने बंकरों या तहखानों में की नाटक की रिहर्सल...

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

## विश्वरंग में नाट्य प्रस्तुति देने आए यूक्रेनी छात्र व उनकी प्राध्यापिका से खास संवाद

2008 से हिंदी सीख रही हूं और 2017 से यूक्रेन के तारास शेवचेंको नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ में हिंदी की प्राध्यापिका के रूप में की काम कर रही हूं। हिंदी के प्रति मेरे लगाव की वजह भारतीयों की जड़ों से जुड़ी हुई संस्कृति है, जो युगों युगों पुरानी है, तो इस संस्कृति को जानने और समझने के लिए हिंदी जानना जरूरी है, लेकिन अभी कई सालों से युक्रेन के हालात काफी खराब हैं, हमारा सामान्य जीवन ही बेहद मुश्किल हालातों में गुजर रहा है। ऐसे में हमनें 29 नवंबर को विश्वरंग में मंचित होने वाले हिंदी नाटक की रिहर्सल बंकरों या तहखानों में की, ताकि किसी भी प्रकार की बमबारी से बचे रहें। यह कहना है युक्रेन से आईं प्रध्यापिका और रंगकर्मी अन्ना पोनोमारेंको का, जो अपने युक्रेनी छात्रों के साथ रविंद्र भवन में आयोजित विश्व रंग में अपनी नाट्य प्रस्तुति देने आईं। इस अवसर पर हरिभूमि ने अन्ना और उनके छात्रों से बातचीत कर युक्रेन के हालातों के बारे में जाना।

अभी कई सालों से युक्रेन के हालात काफी खराब हैं, हमारा जीवन मुश्किल हालातों में गुजर रहा है

अन्ना ने कहा अपने छात्रों के साथ रवींद्र भवन में नाट्य प्रस्तुति देने आए हैं


बांए से दाएं- अन्ना पोनोमारेंको- सहायक प्रोफेसर, अनास्तासिया बेजवेर्खनिया, येवहेनिया मालचेव्स्का और मैक्सिम आर्टियोमोव।

### युक्रेन में कभी भी हो सकता हैं मिसाइल अटैक, भारत पहुंचकर ली सुकून की नींद

अलग खबर

करीब 25 यूक्रेनी बच्चों को हिंदी सिखाने वाली अन्ना ने कहा कि करीब चार सालों से रूस यूक्रेन युद्ध की वजह से युक्रेन के हालात भयंकर त्रासदी पूर्ण हैं, हमारा जीना दुभर है, चेन और सुकून की नींद भी नहीं ले सकते, कि कब मिसाइल अटैक हो जाए, इसके बाद भी अगले दिन सुबह काम पर जाते हैं, इन हालातों में भी हमारे बच्चे पढ़ने जाते है, हमें बंकर या तहखानों में जीवन बिताना पड़ रहा है। हमारी इस कथन का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बुधवार शाम हम भारत पहुंचे और यहां आकर हमनें चैन की नींद ली।

### भारत आने में लगा 30 घंटे से अधिक का समय

अन्ना के छात्र मैक्सिम आर्टियोमोव ने कहा कि करीब पांच हजार किमी की दूरी पर बसे भारत आने में हमें 30 घंटे से अधिक का समय लगा, क्योंकि युक्रेन में फ्लाइट बंद है, हम पहले पोलेंड आए और फिर यहां आए और हम विश्वरंग जैसे भव्य आयोजन के लिए उन्हें धन्यवाद देंगे कि उन्होंने हमें यहां आमंत्रित किया। वहीं अनास्तासिया ने कहा कि हमारे साथ चार ओर प्रतिभागी आ रहे थे, लेकिन किन्ही कारणों से उनका वीसा नहीं हो पाया और अब हम चार ही अन्य किरदारों को निभाएंगे, इससे हमारी प्रेक्टिस को हमें और सुदृढ़ करना होगा।

### भारत से 'जियो और जीने दो' की सीख लेनी चाहिए

उन्होंने कहा कि हम अपने मुल्क और पूरी दुनिया को भारत से सीख लेने की बात करते हैं, कि कैसे विविध धर्मों का अस्तित्व बनाए रखते हुए भारत देश अनेकता में एकता का संदेश देता है और यहां सभी धर्माम्वलंबियों को अपने अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है साथ ही यह देश पंचशील सिद्धांत की भी बात करता है, यही वजह ह कि भारत पूरे विश्व में सनातन धर्म और संस्कृति का संरक्षक देश है। यह देश जियो और जीने दो का संदेश देते हुए सभी को एकसूत्र में बांधता है। इसलिए विश्व युद्ध के कगार पर खड़े सभी देशों में सबसे सुरक्षित देश भारत ही है।

## रवींद्र भवन में अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला महोत्सव विश्व रंग 2025 के सातवें संस्करण का भव्य शुभारंभ

# साहित्य कला का महोत्सव नहीं... बल्कि सभ्यता, समन्वय बहुभाषिकता और वैश्विक सौहार्द्र का जीवंत मंच है 'विश्वरंग'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विश्व रंग केवल साहित्य कला का महोत्सव नहीं, बल्कि सभ्यता, समन्वय, बहुभाषिकता और वैश्विक सौहार्द्र का जीवंत मंच है, जो भारतीय सांस्कृतिक आत्मविश्वास और रचनात्मक चेतना को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। यह कहना है रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि के कुलाधिपति और विश्व रंग के महानिदेशक डॉ. संतोष चौबे का, जो गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला महोत्सव विश्व रंग 2025 के सातवें संस्करण के शुभारंभ अवसर पर रविन्द्र भवन में दर्शक दीर्घा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। विश्वरंग समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मॉरीशस के पूर्व राष्ट्रपति पृथ्वीराज सिंह, स्कोप के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे। इस अवसर पर विश्वरंग हिंदी रिपोर्ट और विश्वरंजन क्लॉज का लोकार्पण भी हुआ।


विश्व रंग 2025 के सातवें संस्करण में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

### सांस्कृतिक संतुलन का अद्भुत दृष्टिकोण देता भारतीय साहित्य

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि साहित्य और संस्कृति को समाज की नैतिक दिशा को निर्धारित करने वाली शक्ति बताते हुए विश्व रंग की प्रशंसा की और इसे भारतीय परंपरा और आधुनिक विचारधारा के बीच एक सशक्त सांस्कृतिक सेतु बताया। इस अवसर पर पृथ्वीराज सिंह ने भारतीय भाषाओं की विश्व व्यापी क्षमता और संवेदनशील दृष्टिकोण पर बात करते हुए कहा कि भारतीय साहित्य वैश्विक समाज को मानवीय संवेदना और सांस्कृतिक संतुलन का अद्भुत दृष्टिकोण प्रदान करता है।

### कृष्णा जीवन की सहज सच्चाइयों को व्यक्त करता 'कृष्णा'

कार्यक्रम की सबसे आकर्षक प्रस्तुति श्रीराम भारतीय कला केंद्र की प्रस्तुति में श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा भगवान कृष्ण की लीलाओं को दर्शाने वाली 'कृष्णा' नृत्य प्रस्तुति रही, जिसमें 3,000 साल पहले की कृष्ण की कथा को मंच पर जीवंत किया गया। 48वें संस्करण के रूप में मंचित इस नृत्य नाटिका के ढाई घंटे के मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पद्मश्री शोभा दीपक सिंह द्वारा निर्देशित नृत्य नाटिका कृष्णा जीवन की सहज सच्चाइयों को व्यक्त करती है, उनकी आवश्यक सादगी के साथ प्रतिध्वनित होती है, जैसा कि भगवान कृष्ण ने स्पष्ट किया था।


नृत्य नाटिका कृष्णा की प्रस्तुति देते कलाकार।



विश्वरंग हिंदी रिपोर्ट और विश्वरंजन क्लॉज का लोकार्पण करते अतिथि।

### यह हुए अलंकृत

इस अवसर पर प्रतिष्ठित रचनाकार ममता कालिया, हरीश मीनाश्रु, चन्द्रभान ख्याल, एच.एन. शिवप्रकाश, लक्ष्मण गायकवाड़ और परेश नरेन्द्र कामत को विश्वरंग मानद अलंकरण से सम्मानित हुए। भारतीय डाक विभाग द्वारा विश्वरंग के सातवें अध्याय पर आधारित विशेष अलंकरण का विमोचन भी इस अवसर पर किया गया।


कृष्ण की कथा को मंच पर जीवंत करते कलाकार।

### वातावरण को बनाया बहुरंगी उत्सव

उद्घाटन से पूर्व निकली भव्य शोभायात्रा ने महोत्सव के वातावरण को एक बहुरंगी उत्सव में बदल दिया। असम, मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश तथा विभिन्न विदेशी संस्कृतियों के प्रतिनिधि दलों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा, सुरझलय और लोकधुनों के साथ सहभागी होकर भारतीय सांस्कृतिक विविधता को जीवंत रूप दिया।

### पारंपरिक और समकालीन दोनों संदर्भों में प्रेरणा का एक सतत स्रोत 'कृष्णा'

इस प्रस्तुति में दिखाया कि कृष्ण से जुड़े ये सत्य अनगिनत उपाख्यानों में गुंथे हुए हैं। जो पारंपरिक और समकालीन दोनों संदर्भों में प्रेरणा का एक सतत स्रोत हैं। प्रस्तुति में अत्यंत सटीकता के साथ, कुशल दृष्टि और निष्पादन भगवान कृष्ण के अवतार के हर पहलू को सामने लाया। असाधारण कोरियोग्राफी, प्रकाश व्यवस्था, वेशभूषा, ध्वनि, तकनीकी कौशल की प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया।



रवींद्र भवन में गुरुवार को प्रसिद्ध साहित्यकार ममता कालिया को पुरस्कृत करते राज्यपाल मंगुभाई पटेल, डॉ. संतोष चौबे और अन्य अतिथि।

# बचपन से मैं पिता की भक्त थी, तो सोचा कुछ बनो न बनो, लेखक जरूर बनो...

हरिभूमि चर्चा

विश्वरंग शुभारंभ अवसर पर आईं प्रसिद्ध साहित्यकार ममता कालिया से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरे पिता से मिलने बहुत से हिंदी लेखक जैसे विष्णु प्रभाकर आते थे। घर मे साहित्यिक माहौल था तो लगा लेखक बन जाने से काफी इज्जत मिलती है... बड़ी हुई थोड़ी 10 साल की थी तो नागपुर शिफ्ट होने पर गजानन माधव मुक्तिबोध घर आते रहे। वो रात भर पिताजी से बात करते... तो एक प्रकार से मैं पिता की भक्त थी तो सोचा कुछ बनो न बनो लेखक जरूर बनो... यह कहना है बेघर, दौड़, नरक दर नरक, एक जगह खड़े लोग जैसी साहित्य का लेखन करने वाली प्रसिद्ध साहित्यकार ममता कालिया का, जो गुरुवार को विश्वरंग शुभारंभ अवसर पर आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### जीवन से जुड़ी परिस्थितियां प्रभावित करती है

उन्होंने कहा मुझे जीवन से जुड़ी घटनाएं खासकर सम विषम परिस्थितियां प्रभावित करती है, जिनमें से विषम परिस्थितियों से ज्यादा प्रभावित होती हूं। ममता ने कहा कि समाज, परिवार के कंट्राडिक्शन के साथ ही स्त्री खुद भी दोषी होती है अपनी स्थिति के लिए।

# आज से शुरू हो रहा है भोज कला राष्ट्रीय नाट्य समारोह

**भोपाल।** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से भोज कला एवं शिक्षा संस्थान द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन लिटिल बैलेट टूप के रागबंध सभागार में होने जा रहा है। समारोह में पहले दिन मुंबई के कलाकारों द्वारा सआदत हसन मंटो की फेमस कहानी, मंटो के मम्मद भाई का मंचन होगा। इसमें बॉलीवुड फिल्म राइटर अमित तिवारी अभिनय करेंगे, जिन्होंने टिकू वेड्स शेरू फिल्म लिखी है और निर्देशन किया है योगेंद्र विक्रम सिंह ने। दूसरे दिन भटिंडा पंजाब की टीम नाट्यम द्वारा 'फादर इन लव' का मंचन होगा। इसके लेखक हैं अतुल सत्य कौशिक और निर्देशन किया है कीर्ति किरपाल सिंह ने। समारोह में अंतिम दिन मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के रंग प्रयोग शाला के कलाकार विजयदान देठा की कहानी रिजक की मर्यादा को सच्चा स्वांगी के नाम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसका निर्देशन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर अजय कुमार ने किया। सभी प्रस्तुतियां शाम को सात बजे से होगीं और प्रवेश निःशुल्क रहेगा ।

# हमारा आहार संपूर्ण और न्यूनतम प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों पर आधारित होना चाहिए

हरिभूमि चर्चा

प्रसिद्ध डाइटीशियन ऋतिका समद्दार से हरिभूमि की खास बातचीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारा आहार संपूर्ण और न्यूनतम प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों पर आधारित होना चाहिए, हमारी थाली का आधा हिस्सा रंग-बिरंगे फलों और विभिन्न प्रकार की सब्जियों से भरा हुआ, कुछ हिस्सा दालों जैसी हेल्दी प्रोटीन से और शेष हिस्सा ब्राउन राइस, मिलेट्स जैसे साबुत अनाजों से पूरा करें। साथ ही, स्वस्थ वसा के लिए नट्स-विशेषकर कैलिफोर्निया बादाम-शामिल करने से आहार और अधिक संतुलित बनता है। ये बादाम प्रोटीन, आहार फाइबर और विटामिन ई, मैग्नीशियम, फाइबर और पोटैशियम सहित 15 आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। दिन की शुरुआत एक मुट्ठी कैलिफोर्निया बादाम के साथ करने से पूरे दिन के लिए स्वास्थ्यपूर्ण शुरुआत मिल सकती है। यह कहना है प्रसिद्ध डाइटीशियन ऋतिका समद्दार का, जिन्होंने हरिभूमि से बातचीत में डाइट से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

### स्वास्थ्य, स्थिरता और करुणा की दिशा में एक सार्थक कदम वीगन बनना

उन्होंने कहा कि वीगन जीवनशैली अपनाना बेहतर स्वास्थ्य, स्थिरता और करुणा की दिशा में एक सार्थक कदम हो सकता है। वीगन बनना केवल जानवरों से प्राप्त खाद्य पदार्थों को हटाने भर का विषय नहीं है, बल्कि विविध पौध-आधारित खाद्य पदार्थों से भरपूर, संपूर्ण और पौष्टिक थाली बनाना है।

## मप्र उर्दू अकादमी ने 'साहित्य में अनुवाद परम्परा' विषय पर आधारित सेमिनार एवं काव्यांजलि का किया आयोजन

# मेघदूत के पूर्वमेघ से अंश, बहती हुई कुछ आगे ही क्षिप्रा नदी भी है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेघदूत के पूर्वमेघ से अंश, बहती हुई कुछ आगे ही क्षिप्रा नदी भी है, जिसके सबब हवाओं में इक रागिनी सी है, ठंडी महकती सीनों में खुशबू बिखेरती, चारों तरफ फिजाओं में जादू बिखेरती, हमराह सारसों की सदाएं लिए हुए चलती है यूं कि जैसे शराबी कोई चले... जैसी दिल को रुहानियंत से भरी कविता सुनने को मिली गुरुवार शाम हिंदी भवन में, जिसमें मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मप्र संस्कृति परिषद द्वारा 'साहित्य में अनुवाद परम्परा' विषय पर सेमिनार एवं काव्यांजलि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य अनुवाद की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाना और उर्दू-हिंदी के सांस्कृतिक सेतु को और मजबूत करना है।




हिंदी भवन में आयोजित सेमिनार एवं काव्यांजलि समारोह में उपस्थित अतिथि।

### भारत और दुनिया के अन्य देशों में भी अनुवाद की परंपरा बहुत प्राचीन है

नुसरत ने कहा कि 21वीं शताब्दी में जब दुनिया ग्लोबल विलेज बन गई है तो आज उर्दू अनुवाद के क्षेत्र में कई मसाइल का भी सामना करना पड़ता है, क्यूंकि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण मशीनी अनुवाद भी होने लगा है, लेकिन मशीनी अनुवाद कभी भी इंसान द्वारा किए जाने वाले अनुवाद की जगह नहीं ले सकता। वहीं दिनेश मालवीय ने कहा कि भारत और दुनिया के अन्य देशों में भी अनुवाद की परंपरा बहुत प्राचीन है। भारत के अनेक ग्रंथों का चीनी और अरबी में सदियों पहले हुआ। अनुवादक ज्ञानमार्ग का साधक है। एक भाषा में उपलब्ध ज्ञान को दूसरी भाषा के जरिए अन्य लोगों तक पहुंचाकर वह ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### समारोह में यह रही खास रचनाएं

संतों की कोई जात न कोई
बरादरी
संतों के दिल में सबके लिए है बराबरी

मजहब का कोई फर्क न कौमों
का फर्क है
इंसानियत की राह में हर कोई
गर्क है

हिंदू भी एक और मुसलमान
एक हैं
इक ही खुदा के बंदे हैं इंसान
एक हैं
हाशिम रजा जलालपुरी

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्रालय को दी सलाह

# दिव्यांगों की गरिमा की रक्षा को एससी-एसटी एक्ट जैसा प्रावधान करें

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिव्यांग लोगों की गरिमा की रक्षा के लिए सख्त कानून की जरूरत पर जोर दिया। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा कि वह ऐसा कानून बनाने पर विचार करे, जिसमें दिव्यांगों या दुर्लभ अनुवांशिक बीमारी के पीड़ितों का मजाक उड़ाने या अपमान करने करने को ठीक उसी तरह अपराध बनाया जाए, जैसे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम में प्रावधान है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमल्या बागची की बेंच ने कहा कि आप अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अधिनियम जैसा कड़ा कानून क्यों नहीं बना सकते, जिसमें अपमान करने पर सजा है? शीर्ष कोर्ट एसएमए क्योर फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

### ऑनलाइन अवैध सामग्री पर नियंत्रण के लिए स्वायत्त संस्था बने


भारत का सुप्रीम कोर्ट

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता केंद्र की ओर से पेश हुए। उन्होंने कहा कि किसी की गरिमा की कीमत पर हास्य नहीं हो सकता। उन्होंने कोर्ट की इस टिप्पणी की सराहना की। बेंच ने यह भी कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील, आपत्तिजनक या अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त संस्था की जरूरत है।

**सार्वजनिक चर्चा के लिए दिशा-निर्देश जारी करे मंत्रालय**

दिव्यांग व्यक्तियों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी पर दिशानिर्देश बनाने के मुद्दे पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बताया कुछ दिशानिर्देश तैयार किए जा रहे हैं। बेंच ने कहा दिशानिर्देशों को सार्वजनिक चर्चा के लिए जारी करें।

## मजाक उड़ाने पर सख्त प्रावधान तैयार किए जाएं

### समय रैना को करना होगा दिव्यांग लोगों के लिए कॉमेडी शो

कोर्ट ने समय रैना और अन्य कॉमेडियन्स को दिव्यांग लोगों के लिए शो करने का आदेश दिया है।



कोर्ट ने कहा कि यह रैना और बाकी कंटेंट क्रिएटर्स पर निर्भर है कि वे दिव्यांग व्यक्तियों को कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए राज़ी करें। इसके अलावा विपुल गोयल, बलराज परमारजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर, आदित्य देसाई और निशांत जगदीश तंवरको भी कहा है। कोर्ट ने आदेश दिया कि वे हर महीने कम से कम दो कार्यक्रम करें, ताकि दिव्यांगों के इलाज के लिए कोष में मदद मिले।

**अगली सुनवाई से पहले कुछ यादगार कार्यक्रम हो जाएंगे**

हम यह काम प्रतिवादी नंबर 6 से 10 पर छोड़ते हैं कि वे दिव्यांग व्यक्तियों को अपने प्लेटफॉर्म पर आमंत्रित करें, ताकि फंड जुटाने की इस मुहिम को आगे बढ़ाया जा सके। हम उम्मीद करते हैं कि अगली सुनवाई से पहले कुछ यादगार कार्यक्रम हो जाएंगे। हर महीने दो कार्यक्रम किए जाएं।


### 1 दिसंबर तक करें इंतजार कुछ बड़ा बदलाव होगा

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा है कि एक दिसंबर से कुछ नया होने वाला है। उन्होंने केस मेंशन करने आए एक वकील की दलील सुनने के बाद कहा कि एक दिसंबर तक रुकिए। हम कुछ प्लान कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में सुधारों का पहला सेट 1 दिसंबर से लागू होगा।जस्टिस कांत की यह टिप्पणी केस मेंशनिंग सिसटम में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने इसी संकेत को डिकोड करते हुए कहा कि मैं 1 दिसंबर से कुछ कर रहा हूं।

## 'सर' पर सुनवाई के दौरान किया सवाल

### घुसपैठियों को 'आधार', क्यों मिले वोट देने का अधिकार

एसआईआर को लेकर पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में बवाल हो रहा है। इस बीच एसआईआर पर सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने घुसपैठियों या गैर-नागरिकों द्वारा



लंबे समय तक रहने के कारण आधार कार्ड बनवाने पर चिंता जताई। सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने ज़ोर दिया कि आधार सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुंच प्रदान करता है, लेकिन इससे गैर-नागरिकों को स्वतः ही मतदान का अधिकार नहीं मिल जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### 305 करोड़ की टैक्स सैम्प्स योजना को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को टैक्स रैम्प्स योजना को मंजूरी दे है। इस पहल का उद्देश्य भारत के



टेक्सटाइल सेक्टर में शोध, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत बनाना है। यह योजना 2025-26 से 2030-31 की अवधि के लिए लागू होगी और लागत 305 करोड़ रुपए है। यह बात केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कही।

### पीएम कल डीजीपी आईजीपी सम्मेलन में

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी 29-30 नवंबर को भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में महानिदेशक/



पुलिस महानिरीक्षक के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। 'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम' विषय पर इस सम्मेलन में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद पुलिसिंग में फोरेंसिक विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर चर्च होगी।

### संभल में एक परिवार के 6 लोगों की मौत

**संभल।** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा के नजदीक गंगा एक्सप्रेस-वे पर सब्जी से भरी



पिकअप और ऑल्टो कार में आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इसमें अमरोहा के आदमपुर निवासी रोहित की पत्नी रेनू, बेटा भास्कर, बेटी रिया, बहन देववती, भाभी गीता और साले किशन का बेटा कपिल की मौत हो गई। रोहित और गंभीर हैं।

### दुमका में पैसेंजर ट्रेन के 2 डिब्बे पटरी से उतरे

**दुमका।** झारखंड के दुमका में एक रेल दुर्घटना में रामपुरहाट-जसीडीह मेमू लोकल पैसेंजर ट्रेन के दो डिब्बे



पटरी से उतर गए। यह हादसा तब हुआ जब ट्रेन स्टेशन पर आ रही थी। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह हादसा दोपहर करीब 2.10 बजे ईस्टर्न रेलवे के स्टेशन के पास हुआ।

## भाजपा ने कांग्रेस पर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया

# देश को अपमानित कर रही राहुल की टीम विदेशी मीडिया अकाउंट्स से हो रही साजिश

**पात्रा ने कहा कि 2014 से लगातार कांग्रेस विशेषकर राहुल गांधी और उनकी टीम, सोशल मीडिया टीम, एडवाइजरी कमेटी की टीम और लेफ्ट के जाने-माने चेहरे प्रधानमंत्री और भारत को अपमानित करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे**

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

भाजपा ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस पर विदेश से संचालित होने वाले खातों के जरिए भारत की छवि खराब करने का आरोप लगा दिया। पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि लगभग 2014 से लगातार कांग्रेस पार्टी विशेषकर राहुल गांधी और उनकी टीम, सोशल मीडिया टीम, एडवाइजरी कमेटी की टीम और लेफ्ट के जाने-माने चेहरे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतवर्ष को अपमानित करने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं।

कांग्रेस के अकाउंट्स की दिखती है विदेशी लोकेशन

**2014 से लगातार कांग्रेस कर रही देश का अपमान**

पात्रा ने कहा कि एक्स में कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है। इसके माध्यम से आप जान सकते हैं कि जो अकाउंटधारी है, वो किस देश का है, अर्थात उसकी लोकेशन क्या है। कांग्रेस के बड़े नेता पवन खेड़ा का अकाउंट अमेरिका आधारित है। महाराष्ट्र कांग्रेस का अकाउंट आयरलैंड में आधारित है, लेकिन अभी इन्होंने इसे बदलकर इंडिया कर दिया है। हिमाचल कांग्रेस का हैंडल एट द रेट आईएनसी हिमाचल अकाउंट कनेक्टेड वाया एंड्रॉयड एप थाईलैंड दिखाता है।

### पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस पर उठाए सवाल


भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा


नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी

### विदेश में जाकर भारत का विरोध कर रहे

पात्रा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही इसके लिए विदेशी ताकतों की मदद लेनी पड़े, भले ही विदेश में जाकर भारत के विरोध में कहना पड़े और भले ही विदेश से अपने अकाउंट्स का संचालन करके भारत में नैरेटिव गढ़ने की कोशिश की जाए। कांग्रेस कहीं से भी पीछे नहीं है।

### 'एक्स' पर नया फीचर सब कुछ दिखा रहा

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कुछ दिन पहले एक नया फीचर आया है, जिसके माध्यम से यह पता लगाया जा सकता है कि किसी अकाउंट का उपयोगकर्ता किस देश में स्थित है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का आधिकारिक अकाउंट, भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय का अकाउंट और उनका (संबित पात्रा ) व्यक्तिगत अकाउंट, सभी भारत का ही लोकेशन दिखाते हैं।

### अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में नैरेटिव सेट कर रहे

पात्रा ने कहा कि राहुल केवल विदेश जाकर देश के खिलाफ ही नहीं बोल रहे हैं। वे केवल जेन-जी से मिलकर देश के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश नहीं करते हैं बल्कि कांग्रेस में काम का बंटवारा है। इनके लोग अलग-अलग देशों में बैठकर भारत में नैरेटिव सेट कर रहे हैं। वोट चोरी और ऑपरेशन सिंदूर का नैरेटिव सेट किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर में प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना को आत्मसमर्पण की स्थिति में दिखाया गया था। राहुल गांधी केवल विदेश जाकर देश के खिलाफ ही नहीं बोलते, बल्कि उन्होंने किस योजना और डिजाइन के साथ इस काम को विदेश से करवा रहे हैं।

### तीन नैरेटिक को सामने रखा

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया, यूरोप और अमेरिका में बैठे उनके लोग, जिनका भारत से कोई लेना-देना नहीं है, वो भारत में नैरेटिव सेट करते हैं। भारत में कुछ ऐसे नैरेटिव जो राहुल , कांग्रेस और लेफ्ट ईकोसिस्टम के कहने पर सेट किए गए, ऐसे तीन नैरेटिव के उदाहरण मैं दूंगा। पहला - वोट चोरी का नैरेटिव सेट किया गया। दूसरा - ऑपरेशन सिंदूर में जो मोदी जी और भारत की सेना को एक तरह से दुर्बल दिखाने की कोशिश की गई, उसके पीछे भी पाकिस्तान, बांग्लादेश और पश्चिम एशिया में बैठे कुछ कांग्रेसी और उनके शुभचिंतकों के हैंडल हैं। तीसरा- संघ, संघ परिवार और मोदी जी पर व्यक्तिगत हमला करने का नैरेटिव भी विदेश से ही संचालित हुआ।

### राहुल और कांग्रेस विदेशों से फर्जी सूचनाएं फैलाने के दावों को दोहरा रहे

संबित पात्रा ने आगे कहा कि डॉ. कालिका नाम के उपयोगकर्ता के सिंगापुर स्थित अकाउंट ने भारतीय चुनाव आयुक्त की गिरफ्तारी का झूठा दावा किया और मनगढ़ंत तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा कि ये उदाहरण एक चिंताजनक पैटर्न की ओर इशारा करते हैं, जिसमें राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी विदेशों से फर्जी सूचनाएं फैलाने वालों के दावों को दोहराते हैं।

## शिवराज ने गांव में जायजा लिया

# रणसिंह कलां में पराली प्रबंधन को जाना, किसानों से की बात


कृषि मंत्री ने जमीन पर बैठक किया भोजन

एजेंसी ⏩ मोगा

पंजाब के मोगा जिले के अंतर्गत आने वाला रणसिंह कलां गांव पराली प्रबंधन में एक आदर्श मॉडल बना है। गांव के किसानों ने पिछले 6 साल से पराली नहीं जलाई है। गुरुवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खुद गांव में जाकर जायजा लिया।

उन्होंने किसानों से बातचीत की, ताकि वे सीधी बुवाई, कम खाद का इस्तेमाल और पराली मैनेजमेंट के उनके तरीकों को समझ सकें। शिवराज सिंह चौहान ने रणसिंह कलां गांव पहुंचने पर किसानों से मुलाकात की।

उन्होंने गांव के गुरुद्वारे में जाकर मत्था टेका और बाद में पंचायत सदस्यों और निवासियों के साथ बैठकर पारंपरिक पंजाबी खाना खाया। उन्होंने जानकारी दी कि कृषि क्षेत्र में क्या-क्या किया जा सकता है, इसके लिए योजनाएं बन रही हैं। लगातार चिंतन-बैठकें हो रही हैं और उसके बाद सभी चीजों को प्रधानमंत्री के सामने रखा जाएगा।

### गांव को मशीनीकरण का केंद्र बनाएंगे

इसके बाद कृषि मंत्रालय के अधिकारियों के साथ शिवराज सिंह चौहान खेतों में पहुंचे और फसल के साथ-साथ पराली प्रबंधन की बारीकियों को समझा। इस दौरान एक किसान गोपाल ने कृषि मंत्री को बताया कि जहां वे डीएपी पहले डेढ़ बोरी डालते थे, अब एक बोरी डाला जाता है और यूरिया भी पहले 3 बोरी डलता था, वो घटकर 2 बोरी हो गया। चौहान ने किसानों से संवाद करते हुए घोषणा की कि रणसिंह कलां गांव को मशीनीकरण का केंद्र बनाने की भी जरूरत है, इसके लिए हम पूरी योजना बनाएंगे। मैं सेवक के नाते पंजाब आया हूं। यह ऐसी पवित्र धरती है, जहां गुरुओं का आशीर्वाद बरसता है। यहां बार-बार आने का मन करता है।

### मक्के की रोटी और सरसों का साग खाकर खुशी मिली

चौहान ने गांव में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर उनके साथ पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ भी मौजूद थे। गांवों के किसानों की तारीफ करते हुए शिवराज ने कहा कि यहां के लोगों का प्यार और स्नेह सच में कमाल का है। मक्के की रोटी और सरसों का साग खाकर मुझे बहुत खुशी हुई। मैं लोगों का सेवक हूं और मैं उन्हें आदर के साथ नमन करता हूं।

## राजस्थान हाईकोर्ट का आदेश

# हाईवे के पास मौजूद शराब की दुकानों को 2 महीने में हटाएं

एजेंसी ⏩ जयपुर

राजस्थान में बढ़ते सड़क हादसों और हाईवे को 'शराब-फ्रेंडली कॉरिडोर' बनाने पर सख्त नाराजगी जताते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह हाईवे से 500 मीटर के दायरे में आने वाली 1,102 शराब की दुकानों को 2 महीने के अंदर हटा दे। यह आदेश 2023 की एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। यह याचिका चूरू के कन्हैयालाल सोनी और


राजस्थान हाईकोर्ट

मनोज नाई ने दायर की थी। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संजीत पुरोहित की बेंच ने कहा कि इस कोर्ट का मानना है कि नेशनल या स्टेट हाईवे से 500 मीटर की लिमिट के अंदर कोई भी शराब की दुकान चालू नहीं रहनी चाहिए।

## 'सर' के लिए एआई एप पर सवाल

# गोखले ने कहा- डेवलपर ने उससे जुड़ी जानकारी छिपाई

एजेंसी ⏩ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रक्रिया के बीच तृणमूल कांग्रेस सांसद साकेत गोखले ने चुनाव आयोग द्वारा उपयोग किए जा रहे एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एप पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गोखले ने कहा कि आयोग ने इस एप के डेवलपर ने अपनी कार्यप्रणाली और सुरक्षा से जुड़े किसी भी पहलू की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है जिससे इस पूरे सिस्टम पर संदेह बढ़ रहा है।



टीएमसी सांसद साकेत खोखले

गोखले ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि चुनाव आयोग एआई-आधारित तकनीक का उपयोग करके मतदाता सूची में फर्जी या मृत लोगों के नाम हटाने की बात कर रहा है, लेकिन एप को किसने बनाया? इसे कैसे परखा गया?

## 40 करोड़ के पार चढ़ावा, गिनती जारी





**सांवलिया सेठ के भंडार ने तोड़े सारे रिकॉर्ड**

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में सांवलिया सेठ के भंडार की गिनती ने सारे रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। 5 चरणों की गिनती में चढ़ावे की रकम 40 करोड़ 33 लाख 39 हजार को पार हो गई है। इस बार दीपावली के बाद खुले भंडार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। दो महीने बाद ये दान भंडार खोले गए हैं। गुरुवार को छठे चरण की गिनती की गई और अभी भी नोटों के बड़े हिस्से की गिनती बाकी है।

## बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोन 'डिटवाह'

# 2 सिस्टम उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली में करेंगे बारिश व बढ़ेगी सर्दी

### 'सेन्यार कार' निकोबार के करीब पहुंचा, पुडुचेरी में ऑरेंज अलर्ट

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी से उठा साइक्लोन डिटवाह के जल्द ही तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश और पुडुचेरी के तट पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक और कम दबाव वाला क्षेत्र एक साइक्लोनिक तूफान में बदल गया है। साइक्लोन सेन्यार कार निकोबार द्वीप समूह के सबसे उत्तरी द्वीप से 850 किमी दक्षिण-पूर्व में है। एक और वेदर सिस्टम, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व श्रीलंका और हिंद महासागर के आस-पास बना है।

### 30 तक उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी-दक्षिण आंध्र प्रदेश पहुंचेगा


साइक्लोन डिटवाह

विभाग ने कहा कि साइक्लोन डिटवाह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में बना है और तमिलनाडु के चेन्नई से 700 किमी दूर पोट्टुविल के पास है। यह सिस्टम उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा और 30 नवंबर की शुरुआत तक उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी-दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों तक पहुंचेगा।

**कई शहरों में बारिश की आशंका**

साइक्लोन डिटवाह से दिल्ली-उत्तर प्रदेश और बिहार पर असर को लेकर मौसम विभाग ने कोई जानकारी नहीं दी है। हां इतना जरूर है कि तूफान के कारण कई इलाकों में बारिश हो सकती है, जो सर्दी बढ़ा देगी।

## यूपीएससी के शताब्दी समारोह में स्पीकर बिरला ने कहा

# आयोग को देश के विकास का अहम हिस्सा बताया

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने बुधवार को संघ लोक सेवा आयोग के शताब्दी सम्मेलन में यूपीएससी को देश बनाने का एक अहम हिस्सा बताया, जिसने भारत के एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम में लोगों का भरोसा मजबूत किया है। आयोग के 'शताब्दी सम्मेलन' के पहले सेशन में बात करते हुए बिरला ने आयोग के 100 साल के सफर की तारीफ करते हुए इसे भारत के डेमोक्रेटिक और एडमिनिस्ट्रेटिव विकास का एक अहम चैप्टर बताया। उन्होंने कहा कि यह 100 साल लंबा शानदार सफर सिर्फ एक एडमिनिस्ट्रेटिव इतिहास नहीं है, बल्कि देश भर में गवर्नेंस, डेवलपमेंट और पब्लिक सर्विस डिलीवरी में यूपीएससी के खास योगदान की एक कभी न मिटने वाली गाथा है। इससे भारत के एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम में लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है।

### 'शताब्दी सम्मेलन' के पहले सेशन में यह बात कही

### भारत के वाइब्रेंट डेमोक्रेटिक स्ट्रक्चर को मजबूत किया


शताब्दी सम्मेलन में बिरला

उन्होंने कहा कि अलग-अलग सामाजिक और भौगोलिक बैकग्राउंड से आने वाले टैलेंट को बराबर मौके देकर यूपीएससी ने मेरिट, ईमानदारी और ट्रांसपेरेंसी के जरिए भारत के वाइब्रेंट डेमोक्रेटिक स्ट्रक्चर को मजबूत किया है। बिरला ने कहा कि यूपीएससी ने अलग-अलग सामाजिक, भाषाई और भौगोलिक बैकग्राउंड से आने वाले टैलेंट को एक प्लेटफॉर्म देकर एडमिनिस्ट्रेटिव सिस्टम में भारत की वाइब्रेंट डायवर्सिटी को दिखाया है।

**नई एनर्जी, दिशा और संकल्प बढ़ेगा**

उन्होंने भरोसा जताया कि यह शताब्दी वर्ष कमीशन को आने वाले दशकों के लिए नई एनर्जी, दिशा और संकल्प देगा और एक ऐसी पीढ़ी तैयार करने में मदद करेगा जो राष्ट्र-निर्माण के लिए एक शक्तिशाली ताकत बनेगी।

### मेरिट, ट्रांसपैरेंसी और नैतिक मूल्यों को प्रेरित किया

बिरला ने कहा कि मेरिट, ट्रांसपेरेंसी और नैतिक मूल्यों पर आधारित इस संस्था ने लाखों युवा भारतीयों को पब्लिक सर्विस के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित किया है। साथ ही जैसे-जैसे भारत 2047 तक एक डेवलप्ड और इनक्लूसिव देश बनने की ओर बढ़ रहा है, यूपीएससी की भूमिका और भी जरूरी हो जाती है। उन्होंने ने कहा कि डिजिटल युग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तेजी से बदलते ग्लोबल माहौल के बीच यूपीएससी ने अपने सिलेक्शन प्रोसेस को ज्यादा एडवांस्ड, साइंटिफिक और ट्रांसपेरेंट बनाकर गुड गवर्नेंस के नए बेंचमार्क सेट किए हैं।

## भारतीय सेना में होंगे अहम बदलाव! जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तय किए 4 टारगेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने चार अहम लक्ष्य तय किए हैं। उन्होंने 2047 तक तय किए गए इन 4 टारगेट को स्प्रिंगबोर्ड कहा है, जो आने वाले सालों में सेना में बड़े बदलाव लाएंगे।

गुरुवार को दो दिवसीय चाणक्य डिफेंस डायलॉग के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने बताया कि ये चारों लक्ष्य 2047 तक सेना को बदलने की तीन चरणीय योजना का हिस्सा होंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि सेना को सशक्त करने के लिए पहला लक्ष्य आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण के माध्यम सशक्तिकरण है। जिसके नतीजे रक्षा निर्माण, अंतरिक्ष में उपलब्धियां और सैन्य तकनीक को सेना द्वारा तेजी से अपनाने में दिख रहे हैं। जबकि स्प्रिंगबोर्ड में दूसरा टारगेट इनोवेशन है। इसके अलावा आर्मी चीफ ने कहा कि दुनिया में कई दशकों तक विश्वयुद्ध के बाद शांति थी, लेकिन अब शांति धीरे-धीरे खत्म होने वाली है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में दुनिया में 50 से अधिक संघर्ष चल रहे हैं, जिसका मतलब है कि दुनिया के आधे देश सेमी और फुल स्केल वॉर के करीब हैं या वॉर में हैं। जनरल ने कहा कि ऐसे में शायद यह कहना भी कमतर होगा कि हम एक अशांत समय में जी रहे हैं। स्थिति आशांति से ज्यादा बदतर है, क्योंकि देखा जाए तो अघोषित रूप से 100 देश जंग की आग में जल रहे हैं।

# युद्ध की आग में जल रहे हैं दुनिया के 100 देश भारत बना रहा विश्व की सबसे ताकतवर सेना!

रक्षा मंत्री ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया था

ये सुधार 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखने को भी मिले

### इंटरैक्टिव सेशन में प्राप्त हुए 14,600 करोड़ रुपए के निवेश



इंडियन आर्मी के इस भविष्य की रणनीतियों को लेकर मंथन वाले कार्यक्रम में जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना विजन और दुनिया भर में चल रही जंगों पर अपने विचार रखे। साथ ही इन जंगों के परिणामस्वारूप बदलती जियोपॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी। आर्मी चीफ ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया मल्टीपोलर होती जा रही है। जहां बड़ी शक्तियां लगातर टकराव और प्रतिस्पर्धा में लगी हुई हैं। उन्होंने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद शुरू हुआ कोल्ड वॉर खत्म हुई तो दुनिया एकध्रुवीय बनी, लेकिन एक बार से दुनिया कोल्ड वॉर की तरफ बढ़ रही है। इस बार का कोल्ड वॉर पहले से कहीं ज्यादा भयानक होगा।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विजन की तारीफ

*आर्मी चीफ ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि इस पूरी दिशा को और मजबूती तब मिली, जब रक्षा मंत्री ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया। ये सुधार 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखने को भी मिले, जहां तैयारियों और सुधारों ने निर्णायक नतीजे दिए।*

### 2047 का आर्मी चीफ ने बताया रोडमैप

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारतीय सेना का 2047 तक का रोड मैप बताते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया राष्ट्रीय सुरक्षा, रोक-थाम और युद्ध क्षमताओं पर ध्यान दे रही है, तो यह सवाल उठता है कि भारतीय सेना को खुद को कैसे रूपांतरित करना चाहिए। जिससे सेना बदलते वैश्विक माहौल में निर्णायक और तैयार बनी रहे। उन्होंने कहा कि इसका जवाब प्रधानमंत्री मोदी के 5एस विजन- सम्मान, संवाद, सहयोग, समृद्धि और सुरक्षा से मिलता है। ये सिद्धांत बताते हैं कि 'अमृत काल' में एक विकसित भारत बनाने के लिए पूरे देश की कार्य-प्रणाली कैसे सोचें, मिलकर काम करे और आगे बढ़े।

### विजन के अनुरूप सेना की चरणबद्ध योजना

भारत सरकार ने 2047 तक देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने में देश की संस्था को काम करना होगा। समय के हिसाब से सेना, सरकार और उद्योगों को भी बदलना होगा। सेना को लेकर जनरल द्विवेदी ने बताया कि विकसित भारत के विजन के अनुरूप भारतीय सेना तीन चरणों वाली योजना बनाई है।

**पहला चरण (2032 तक)**

यह तेज बदलाव और परिवर्तन का दशक होगा, जिसमें एक व्यापक ढांचा तैयार किया जाएगा

**दूसरा चरण (2037 तक)**

इसमें पहले चरण में मिले फायदों को मजबूत करना होगा

**तीसरा चरण (2047 तक)**

इसमें सेना को एकीकृत, भविष्य के लिए तैयार आधुनिक सैन्य शक्ति के रूप में बदलना है।

## खबर संक्षेप

### मुनीर को पाकिस्तान का पहला सीडीएफ बनाया

**इस्लामाबाद।** सेनाओं पर पूर्ण नियंत्रण के लिए पाकिस्तान की शहबाज सरकार ने आर्मी चीफ



आसिम मुनीर को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) नियुक्त कर उनकी शक्ति में भारी इजाफा किया है। यह पद भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान के समकक्ष है। अब मुनीर के अधीन थल, जल और वायु सेना का पूरा नियंत्रण आ गया है। ऑपरेशन सिंदूर में हार के बाद सरकार ने तीनों सेनाओं में समन्वय के लिए यह कदम उठाया। 27वें संशोधन बिल पारित कराया था।

### रूसः विस्फोट मामले में 8 लोगों को मौत की सजा


**मॉस्को।** रूसी अदालत ने गुरुवार को क्रीमिया पुल विस्फोट मामले में



आठ लोगों को आतंकवाद के आरोप में दोषी ठहराते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई। अक्टूबर 2022 में हुए इस हमले में ट्रक बम फटने से पुल के दो हिस्से ढह गए थे, जिससे रूस की सैन्य आपूर्ति बाधित हुई। धमाके में पांच लोग मारे गए थे। रूस ने इसे आतंकी हमला बताया गया था और जवाब में यूक्रेन की बिजली व्यवस्था पर बड़े हमले किए गए थे।

### वजन घटाने का खतरनाक चैलेंज, कोच की मौत

**मॉस्को।** मोटापा आज डायबिटीज, हार्ट अटैक और कैंसर जैसी गंभीर



बीमारियों का बड़ा कारण है। इसे नियंत्रित रखना जरूरी है, लेकिन जल्दबाजी घातक हो सकती है। रूस के 30 वर्षीय मशहूर फिटनेस कोच व सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर दिमित्री नुयानजिन ने अपने नए वेट लॉस प्रोग्राम को प्रमोट करने के लिए पहले तेजी से वजन बढ़ाया और फिर उसे तेजी से घटाने का चैलेंज लिया। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ी और कार्डियक अरेस्ट से उनकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि शरीर के लिए खतरनाक है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया, अगले साल होगी लॉन्चिंग

# भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार 300 किलो के सैटेलाइट अंतरिक्ष में ले जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है। पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है। स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी की स्थापना पवन चंदना और भरत ढाका ने 2018 में की थी। यह दोनों आईआईटी पासआउट हैं और इसरो के पूर्व साइंटिस्ट रह चुके हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का स्पेस सेक्टर तेजी से बदल रहा है और देश ने 'विश्वसनीयता, क्षमता और मूल्य' के आधार पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की नवाचार और जोखिम लेने की क्षमता नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले वर्षों में भारत सैटेलाइट लॉन्चिंग में दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि सरकार 'नेशनल रिसर्च फाउंडेशन', 'वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन' और 1 लाख करोड़ रुपए के रिसर्च और इनोवेशन फंड जैसे प्रयासों के जरिए युवाओं के लिए बड़े अवसर खोल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेस सेक्टर में भारत की क्षमताएं दुनिया के कुछ चुनिंदा देशों के बराबर हैं और पिछले छह-सात वर्षों में इस क्षेत्र को खुला और नवाचार-प्रधान बनाया गया है।

2026 में लॉन्च होने वाले रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर

स्कायरूट इससे पहले नवंबर 2022 में विक्रम-एस लॉन्च कर चुका है

### चार चरणों में बना है विक्रम-1, क्षमतानुसार दिए अलग अलग नाम



पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया

विक्रम-1 को चार चरणों में बनाया गया है। पहला चरण, कैलाम-1200, एक बड़ा सॉलिड-फ्यूल बूस्टर है जो शुरुआती थ्रस्ट प्रदान करता है। दूसरा चरण, कैलाम-250, मध्य-उड़ान में रॉकेट को आगे बढ़ाता है। तीसरा चरण, कैलाम-100, अंतरिक्ष के वैक्यूम में काम करता है और विशेष कार्बन एब्लेटिव नोजल तथा ईपीडीएम थर्मल प्रोटेक्शन से लैस है। चौथे चरण में चार रमन इंजन लगे हैं, जो हाइपरगोलिक ईंधन पर चलते हैं और कक्षा में पहुंचने के बाद बेहद सटीक दिशा नियंत्रण और उपग्रहों की सही स्थिति तय करने में मदद करते हैं। स्कायरूट ने 3डी-प्रिंटेड लिक्विड इंजनों का भी इस्तेमाल किया है, जिससे रॉकेट का वजन काफी कम हुआ है और निर्माण समय भी घटा है। कंपनी ने बताया है कि विक्रम-1 की पहली उड़ान 2026 की शुरुआत में प्रस्तावित है। यह रॉकेट प्राइवेट सैटेलाइट के लिए समर्पित लॉन्च, राइडशेयर मिशन और एक ही उड़ान में अलग-अलग कक्षाओं में उपग्रह भेजने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

### 2 लाख वर्ग फिट में है नया इन्फिनिटी कैंपस

स्कायरूट का नया इन्फिनिटी कैंपस लगभग 2 लाख वर्ग फिट में बना एक अत्याधुनिक केंद्र है, जहां रॉकेट का डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग एक ही जगह की जा सकती है। कंपनी का कहना है कि यह सुविधा हर महीने एक ऑर्बिटल रॉकेट बनाने की क्षमता रखती है। स्कायरूट एयरोस्पेस की स्थापना आईआईटी के पूर्व छात्रों और इसरो के पूर्व वैज्ञानिक पवन चंदना और भरत डाका ने की थी। विक्रम-एस मिशन की सफलता के बाद स्कायरूट भारत का पहला स्टार्टअप बना जिसने श्रीहरिकोटा से रॉकेट लॉन्च किया।

### पहला ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल

*विक्रम-1 स्कायरूट का पहला ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल है, जो छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने के लिए बनाया गया है। इसका नाम भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। 20 मीटर ऊँचा और 1.7 मीटर व्यास वाला यह रॉकेट पूरी तरह कार्बन-कॉम्पोजिट सामग्री से बना है और 1200केएन का थ्रस्ट पैदा करता है। इसकी क्षमता मिशन के आधार पर 260 से 480 किलोग्राम तक भार को लो-अर्थ या सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट में ले जाने की है।*

## दावों की बताई हकीकत

# डील रद्द नहीं हुई, आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं, एसयू-30 जेट चाहता है



एजेंसी ▶▶ येरेवन

दुबई में एयर शो के दौरान भारत के तेजस लड़ाकू विमान के क्रैश होने के बाद कई तरह की बातें सामने आई हैं। इनमें कई तेजस की डील से भी जुड़ी हैं। खासतौर से इजराइली मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में दावा किया गया है कि दुबई क्रैश के बाद आर्मीनिया ने भारत से तेजस जेट खरीदने की बातचीत रोक दी है। हालांकि इन दावों में सच्चाई नहीं है। एक्सपर्ट ने बताया है कि आर्मीनिया अपने लिए तेजस नहीं एसयू-30 जेट चाहता है। कुछ प्लेटफॉर्म ने दावा किया है कि आर्मीनिया की भारत सरकार और एयरक्राफ्ट बनाने वाली कंपनी एचएएल के साथ 1.2 अरब में 12 तेजस खरीदने की डील कैंसिल हो गई है। यह दुबई एयरशो में तेजस फाइटर जेट के क्रैश होने के बाद हुआ है। यह 24 सालों में इस एयरक्राफ्ट के हादसे का शिकार होने का दूसरा मामला है। खबरों के मुताबिक, दुबई में सिंगल-इंजन, 4.5-जेनरेशन का लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके 1 हादसे का शिकार हुआ। भारत के डिफेंस एक्सपोर्ट के लिए इसे बड़ा झटका माना गया है। दुबई एयरशो पेरिस और फार्नबोरो के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है, जहां से तेजस के संभावित खरीदारों को लुभाया जा सकता था।

### क्या-क्या हुए दावे, सभी को किया खारिज

एनालिस्ट चेतावनी दे रहे हैं कि इस दुबई के इस हादसे से दुनिया का तेजस पर भरोसा कम हो सकता है। यह इसलिए भी झटका है क्योंकि इसको चीन के जे-10सीई और पाकिस्तान के जेएफ-17 ब्लॉक 3 जैसे कॉम्पिटिटर प्लेटफॉर्म के तौर पर दिखाया गया था। चीन और पाकिस्तान के जेट भी उसी मार्केट के लिए मुकाबला कर रहे हैं। आर्मीनिया की ओर से 12 तेजस जेट के लिए भारत से डील रद्ध करने के दावे को भारतीय एक्सपर्ट ने खारिज किया है।

### क्रैश को डील से जोड़ना गलत

दूसरी ओर रॉयल यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट के वाल्टर लैडविग जैसे एक्सपर्ट का कहना है कि फाइटर जेट की बिक्री जियोपॉलिटिकल असलियत से तय होती है। उन्होंने 1999 में पेरिस में रूस के एसयू-30 के क्रैश का जिक्र किया। इस क्रैश से कोई डील पटरी से नहीं उतरी। यह तेजस क्रैश के मामले में भी हो सकता है।

## 100 रुपए की नई करेंसी में भारत के 3 क्षेत्रों पर दावा

# कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने देश का हिस्सा दिखाया

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल ने भारत से फिर पंगा ले लिया है। नेपाल ने इस बार बिलकुल चीन जैसी हरकत की है। उसने अपने 100 रुपए की नई करेंसी पर भारत के 3 क्षेत्रों को अपना दिखाकर नया विवाद पैदा कर दिया है। इससे दोनों देशों के बीच फिर से संबंधों में बड़ा तनाव आने की आशंका है।

बता दें कि नेपाल के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को 100 रुपए का नया नोट जारी किया, जिसमें देश का संशोधित राजनीतिक मानचित्र छपा है। 100 रुपए की करेंसी में छपे इस मानचित्र में नेपाल ने विवादित कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा क्षेत्रों को अपने देश के हिस्से के रूप में दिखाया है। भारत ने इस कदम को एकतरफा और कृत्रिम क्षेत्रीय विस्तार करार दिया है। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) द्वारा जारी इस नए नोट पर पूर्व गवर्नर डॉ. महाप्रसाद अधिकारी के हस्ताक्षर हैं तथा जारी करने की तिथि विक्रम संवत 2081 (2024 ईस्वी) अंकित है। तत्कालीन प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार ने मई 2020 में संसद से संविधान संशोधन पारित कर कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को अपने क्षेत्र में शामिल करते हुए नए मानचित्र को आधिकारिक मान्यता दी थी। उसी संशोधित मानचित्र को अब 100 रुपये के नोट पर छापा गया है।

भारत ने नेपाल की इस हरकत पर बहुत ही कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। भारत ने दोहराया है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा उसके अभिन्न अंग हैं और नेपाल का यह कदम तथ्यात्मक रूप से गलत तथा स्वीकार्य नहीं है। नेपाल की सीमा पांच भारतीय राज्यों- सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड- से 1,850 किलोमीटर से अधिक लंबाई में लगती है। दोनों देशों के बीच इस क्षेत्र को लेकर लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है।





नोट पर दिखाया नक्शा

### पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली की करतूत

इसे पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की करतूतों का नतीजा बताया जा रहा है, जिन्हें हाल ही में जेन-जी के आंदोलन में अपदस्थ कर दिया गया था। एनआरबी के प्रवक्ता गुणाकर भट्ट ने स्पष्ट किया कि नेपाल के बैंक नोटों में सिर्फ 100 रुपये के नोट पर ही देश का मानचित्र छपा होता है। 5, 10, 20, 50, 500 और 1,000 रुपए के नोटों पर कोई मानचित्र नहीं होता। उन्होंने कहा, पुराने 100 रुपए के नोट में भी यही मानचित्र था; अब केवल उसे सरकार के नवीनतम निर्णय के अनुरूप अपडेट किया गया है।

## 5500 के आरोप वापस जेल से हुए रिहा

# म्यांमार ने 3 हजार से ज्यादा कैदियों को दी सामूहिक माफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

म्यांमार की सेना ने एक और बड़ा फैसला करते हुए 3000 से ज्यादा कैदियों को जेल से रिहा कर दिया है। जबकि 5500 लोगों पर लगे आरोपों को वापस ले लिया है।

बैंकॉकः भारत के पड़ोसी देश म्यांमार की प्रसिद्ध इंसेन जेल से गुरुवार को बड़ी संख्या में कैदियों को क्षमादान किए जाने के बाद रिहा कर दिया गया। जेल गेट के बाहर सुबह से इंतजार कर रहे रिश्तेदारों और दोस्तों ने फूल-मालाएं पहनाकर और गले लगाकर उनका भावुक स्वागत किया। यह रिहाई अगले महीने 28 दिसंबर को होने वाले आम चुनाव से पहले सैन्य शासकों द्वारा दी गई सामूहिक माफी के तहत की गई है। जेल के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र मतदाता आगामी चुनाव में हिस्सा ले सकें। पुष्टि की कि गुरुवार से कैदियों की रिहाई शुरू हो गई है, लेकिन उन्होंने रिहा होने वाले कैदियों की सटीक संख्या या उनकी पहचान बताने से इनकार कर दिया।फिलहाल इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि रिहा किए गए कैदियों में म्यांमार की पूर्व नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता आंग सान सू ची भी शामिल हैं या नहीं। सू ची 2021 के सैन्य तख्तापलट में अपदस्थ हुई नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) सरकार की नेता थीं और फरवरी 2021 से वह पूरी तरह नजरबंद हैं; उनसे बाहर की दुनिया का कोई संपर्क नहीं है।



फाइल फोटो

## आईसीजी ने कर्नाटक के मदिकेरी में पहली बार जहाज निर्माण होगा

# तटरक्षक बल ने समुद्री क्षमता को मजबूत करने पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन कोस्ट गार्ड (आईसीजी) ने कर्नाटक के मदिकेरी में अपनी पहली जहाज निर्माण, स्वदेशी और आईटी कॉन्फ्रेंस की। यह देश की समुद्री क्षमता को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल बदलाव के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस कॉन्फ्रेंस में बड़े शिपयार्ड, इक्विपमेंट बनाने वाले, क्लासिफिकेशन सोसायटी और पूरे समुद्री इकोसिस्टम के विषय विशेषज्ञ एक साथ आए, जिससे सहयोग और नवाचार के लिए एक जबरदस्त प्लेटफ़ॉर्म बना।

अपने उद्घाटन भाषण में आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने स्वदेशी नवाचार, मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत सप्लाई चेन के जरिए शिपबिल्डिंग में आत्मनिर्भरता हासिल करने की रणनीतिक जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आईसीजी की ऑपरेशनल क्षमताओं को बढ़ाने में लगातार सपोर्ट के लिए भारतीय जहाज उद्योग और उपकरण निर्माताओं की तारीफ की।

उन्होंने 200वें स्वदेशी रूप से बन रहे जहाज (चौथा पॉल्यूशन कंट्रोल शिप) की प्रगति को सराहा, जो अभी समुद्री परीक्षण से गुजर रहा है। यह जहाज आईसीजी के टेक्नोक्रेट्स की तकनीकी समझ और बेहतर इंजीनियरिंग का सबूत है। उन्होंने प्रोजेक्ट डिजिटल कोस्ट गार्ड की लगातार प्रगति के बारे में भी बताया, जो सभी आईसीजी यूनिट्स में सुरक्षित और मजबूत डिजिटल बैकबोन बनाने के लिए डिजाइन की गई पहल है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डिजिटल विस्तार को मजबूत साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क के साथ-साथ चलना चाहिए।

शिपबिल्डिंग में आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा भारत

डिफेंस इनोवेशन एंड अटल इनक्यूबेशन सेंटर के बीच समझौता हुआ

### एआई का रोडमैप रिलीज किया





अतिथियों ने किया कांफ्रेंस का शुभारंभ

इस पार्टनरशिप का मकसद कोयंबटूर में डिफेंस इनोवेशन हब के जरिए स्ट्रक्चर्ड सहयोग को बढ़ावा देना, डिफेंस इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करना और स्वदेशीकरण की पहल को तेज करना है। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक ने ई-बुक 'इंडियन कोस्ट गार्ड में शिपबिल्डिंग का इतिहास', आईसीजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए रोडमैप और साइबर क्राइसिस मैनेजमेंट प्लान–2025 का एक टीजर भी रिलीज किया, जिसमें हर एक ने क्षमता बढ़ाने, डिजिटल विकास और भविष्य की तैयारी के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को दिखाया गया। कॉन्फ्रेंस ने हितधारकों के बीच सार्थक बातचीत को आसान बनाया, जिससे नजरिए का तालमेल, कोशिशों का तालमेल और इंडियन कोस्ट गार्ड के भविष्य के लिए तैयार जरूरतों को बताया जा सका। परिचालन और पूरी तरह से स्वदेशी समुद्री सेना के लिए रास्ता बनाने में एक अहम कदम था।

## हॉन्गकॉन्ग में 77 साल की भीषण आग

# 8 इमारतों में लगी आग, झुलसकर 65 की मौत, 280 लापता, 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हॉन्गकॉन्ग के 'ताई पो' जिले में बुधवार को एक बड़े रिहायशी कॉम्प्लेक्स में आग लग गई। यह 77 साल में लगी सबसे भीषण आग बताई जा रही है। आग इतनी तेज थी कि 24 घंटे बाद भी 8 में से सिर्फ 5 इमारतों पर काबू पा लिया गया, 3 इमारतों की ऊपरी मंजिलों में आग अभी भी जल रही है। लोग रोते और बिलखते दिख रहे हैं।

इस हादसे में अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 76 गंभीर रूप से घायल हैं। वहीं, 280 लापता हैं। ये कॉम्प्लेक्स आठ इमारतों का था, जिनमें हर इमारत 35 मंजिलों की थी। इसमें करीब दो हजार अपार्टमेंट थे। जांच में पता चला कि लिफ्ट की खिड़कियों को ढकने के लिए इस्तेमाल किया गया स्टायरोफॉम में आग तेजी से फैली। इसी वजह से आग इतनी तेजी से फैल गई। मामले में पुलिस ने ठेकेदार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है।



रोते रहे लोग

# आईओए के सीईओ अय्यर ने कहा- राष्ट्रमंडल खेल 2030 में वडोदरा में हो सकती है क्रिकेट स्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ रघुराम अय्यर ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेल 2030 के दौरान अहमदाबाद के करीब स्थित वडोदरा में क्रिकेट मैच कराये जा सकते हैं लेकिन यह भी कहा कि आयोजक एक 'कॉम्पैक्ट' टूर्नामेंट कराना चाहते हैं। अहमदाबाद को बुधवार को ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेल आमसभा के दौरान 2030 खेलों की मेजबानी दी गई। भारत में दो दशक बाद ये खेल कराये जायेंगे।

आईओए अध्यक्ष पी टी उषा की अगुवाई में ग्लास्गो में भारतीय दल में गुजरात के उप मुख्यमंत्री और खेल मंत्री हर्ष सांघवी और अय्यर भी शामिल थे। बडोदरा और अहमदाबाद में वडोदरा में दो प्रमुख क्रिकेट स्टेडियम वडोदरा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम और रिलायंस स्टेडियम हैं। अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्रमुख मैच और फाइनल हो सकता है।




## अधिकांश स्पर्धाएं गुजरात में होंगी

गुजरात के प्रमुख सचिव (खेल) अश्वनी कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि अधिकांश स्पर्धा अहमदाबाद और गांधीनगर में होंगी।



क्रिकेट के लिये हालांकि अधिक स्टेडियमों की जरूरत होगी तो आसपास के शहरों में भी मैच हो सकते हैं। राष्ट्रमंडल खेल 2030 में टी20 क्रिकेट का होना तय है। बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिला क्रिकेट शामिल था लेकिन अभी यह पता नहीं है कि 2030 में पुरूष क्रिकेट भी होगा या नहीं।

## खेल कार्यक्रम समय के साथ तय होगा : सीईओ

अय्यर ने कहा अभी कुछ तय नहीं है लेकिन आयोजक अहमदाबाद के आसपास के वेन्यू पर गौर करेंगे जैसे कि वडोदरा। अभी सिर्फ विचार हो रहा है।" वडोदरा अहमदाबाद से सौ किलोमीटर की दूरी पर है। अय्यर ने कहा खेल कार्यक्रम समय के साथ तय होगा। कई खेलों पर गौर किया जायेगा।

भारत योग, खोखो और कबड्डी को शामिल करने का प्रस्ताव रख सकता है । योग 2026 एशियाई खेलों में पदक स्पर्धाओं में शामिल होगा।



## इन खेलों में भी खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स, तैराकी और पैरा तैराकी, टेबल टेनिस और पैरा टेबल टेनिस, बाउल और पैरा बाउल, भारोत्तोलन और पैरा पावरलिफ्टिंग , कलात्मक जिम्नास्टिक , नेटबॉल और मुक्केबाजी के इन खेलों का हिस्सा होने की पुष्टि हो चुकी है । तीरंदाजी, बैडमिंटन, तीन गुणा तीन बास्केटबॉल और व्हीलचेयर बास्केटबॉल, बीच वॉलीबॉल, क्रिकेट टी20, साइकिलिंग, गोताखोरी, हॉकी, जूडो, लयबद्ध जिम्नास्टिक, रग्बी सेवंस, निशानेबाजी, स्क्वाश, ट्रायथलन और पैरा ट्रायथलन और कुश्ती इसमे शामिल होने की दौड़ में है।

## खबर संक्षेप



### नागल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के वाइल्ड कार्ड प्लेऑफ टूर्नामेंट से बाहर

**चेंग्दू (चीन)।** पुरुष एकल में भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल गुरुवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीन के युनचाओकेटे बु से सीधे सेटों में हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन एशिया-पैसिफिक वाइल्ड कार्ड प्ले-ऑफ टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त नागल को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी प्रतिद्वंद्वी से 2-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। चेंग्दू में 24 से 29 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला एकल के विजेता को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिलेगा। नागल का वीजा से जुड़े मामले के कारण एक समय इस प्रतियोगिता में खेलना अनिश्चित था लेकिन बाद में यह मसला सुलझा दिया गया था।

### क्लीन स्वीप झेलने के बावजूद बीसीसीआई नहीं करेगा कोई बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ एक और घरेलू सीरीज हार और 12 महीनों में दूसरी क्लीन स्वीप के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड किसी जल्दबाजी वाले कदम के मूड में नहीं है। बोर्ड जल्द ही चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन से बातचीत कर राय लेगा। बड़े बदलाव की संभावना न के बराबर है। माना जा रहा है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन टीम पर भरोसा बनाए रखेंगे, जिसे वे पिछले कुछ समय से लगातार समर्थन देते आ रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी सीरीज और हाल ही में वेस्टइंडीज़ पर जीत के बावजूद, दक्षिण अफ्रीका से मिली हार पिछले एक साल में गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद भारत की तीसरी टेस्ट सीरीज हार है।

### भारत ए को अफगानिस्तान ने 65 रन से हराया, दोनों के बीच फाइनल 30 को



**बेंगलुरू।** वीके विनीत का अर्धशतक बेकार गया और भारत ए को बृहस्पतिवार को अंडर 19 त्रिकोणीय श्रृंखला के औपचारिकता के आखिरी लीग मैच में अफगानिस्तान ने 65 रन से हरा दिया। यह टूर्नामेंट में भारत ए की दूसरी हार है । इससे पहले उसे इसी टीम ने छह विकेट से हराया था। कप्तान महबूब खान (50) और अजीजुल्लाह मियाखिल (60) के अर्धशतकों के दम पर अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर आठ विकेट पर 233 रन बनाये। जवाब में भारत ए टीम 30.2 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। विनीत ने 62 गेंद में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाये।

दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच रांची में 30 को

# टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद वनडे सीरीज में लय पर लौटने टीम इंडिया बहा रही पसीना

एजेंसी ▶▶| रांची

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद अब वनडे सीरीज खेली जाएगी। टेस्ट सीरीज में शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम वनडे सीरीज में अपनी इज्जत बचाने जी-जान से जुट गई है। इसकी तैयारी के लिए गुरुवार को टीम इंडिया ने रांची में प्रैक्टिस की। इस दौरान पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली नेट्स पर बल्लेबाजी करते नजर आए। उनके अलावा तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड भी नेट्स में पसीना बहाया। तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद टी-20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी।

## रोहित और कोहली ने नेट्स पर की बैटिंग

रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 9 महीने बाद भारत में इंटरनेशनल मैच खेलते नजर आएंगे। दोनों ने



इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी बार फरवरी में घरेलू मैदान पर वनडे सीरीज खेली थी। फिर दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद दोनों ने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। दोनों ही खिलाड़ी टेस्ट और टी-20 से रिटायर हो चुके हैं।



## राहुल कप्तानी करेंगे इंजर्ड गिल बाहर

वनडे टीम की कप्तानी विकेटकीपर केएल राहुल संभालेंगे। रेगुलर कप्तान शुभमन गिल इंजरी की वजह से सीरीज से बाहर हैं। राहुल तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में आखिरी बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही टीम की वनडे में कप्तानी की थी, जिसमें भारत को 8 विकेट से हार मिली थी। उन्होंने 12 वनडे में टीम की कप्तानी की है। 8 में भारत को जीत और 4 में हार मिली।

## वनडे सीरीज के लिए भारत का स्क्वॉड

केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह.

एफआईएच जूनियर विश्व कप

# भारतीय टीम का पहला मुकाबला आज चिली से



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

टूर्नामेंट के इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरी सबसे सफल टीम मेजबान भारत आज शुक्रवार को यहां पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के अपने पहले पूल मैच में चिली के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके नौ साल बाद घरेलू धरती पर खिताब हासिल करने के अपने अभियान का शानदार आगाज करने की कोशिश करेगा। दो बार के चैंपियन भारत ने पिछली बार 2016 में लखनऊ में वर्तमान में सीनियर महिला टीम के कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यह टूर्नामेंट जीता था।

इस बार विश्व कप चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। एफआईएच रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज चिली से आज भारत को खास चुनौती मिलने की उम्मीद नहीं है, लेकिन किसी भी टीम को हल्के से लेना महंगा पड़ सकता है। इसलिए भारतीय टीम ऐसा करने से बचना चाहेगी।

## टूर्नामेंट में 24 टीमें भिड़ेंगी खिताब के लिए

रिकॉर्ड 24 टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। टीमों को छह ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में चार टीमों को रखा गया है जो राउंड रोबिन आधार पर एक दूसरे का सामना करेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम तथा दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारत खिताब का प्रबल दावेदार है।

## भारत को रखा पूल बी में

मौजूदा टूर्नामेंट में भारत को पूल बी में रखा गया है और वह इस ग्रुप से आगे बढ़ने का प्रबल दावेदार है। भारत और चिली के अलावा, ओमान और स्विट्जरलैंड पूल बी में शामिल अन्य टीमें हैं। पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत का दौरा करने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसकी जगह पर ओमान को शामिल किया गया था।

विमेंस प्रीमियर लीग 2026

# 9 जनवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट मुंबई-वडोदरा में होंगे सभी मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत 9 जनवरी से हो जाएगी। दिल्ली में जारी 2026 की बड़ी नीलामी के दौरान लीग कमिश्नर जयेश जॉर्ज ने गुरुवार 7 नवंबर) को ये जानकारी दी। आगामी संस्करण का फाइनल मैच 5 फरवरी को खेला जाएगा। दिलचस्प रूप से विमेंस प्रीमियर लीग के सभी मैच मुंबई और वडोदरा के मैदान में खेले जाएंगे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

## वडोदरा में होगा फाइनल मैच

मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होगा। बता दें कि महिलाओं के विश्व कप फाइनल भी नवी मुंबई में खेला गया था । इसके बाद लीग वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में शिफ्ट होगी, जहां 5 फरवरी को फाइनल खेला जाएगा। यह पहली बार है जब विमेंस प्रीमियर लीग जनवरी-फरवरी विंडो में खेली जाएगी। बता दें कि पहले लीग के मैच फरवरी-मार्च में खेले गए थे।




## जनवरी-फरवरी में इसलिए हो रहा टूर्नामेंट

पिछले साल, विमेंस प्रीमियर लीग फरवरी-मार्च में खेला गया था, लेकिन इस बार जनवर-फरवरी में इसकी विंडो तय कर दी गई है। दरअसल, पुरुषों का टी-20 विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है। वहीं जनवरी को लेकर क्रिकेट खेलने वाले देशों में डब्ल्यूपीएल के लिए संभावित स्थायी विंडो के रूप में सहमति दी गई है ताकि अन्य लीगों और आईसीसी फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम के बीच मैचों में टकराव न हो सके।

## क्रिकेट बाद में...दोस्ती पहले, स्मृति के लिए जेमिमा ने छोड़ी बीबीएल



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी और हाल ही में वर्ल्ड कप जीत में अहम भूमिका निभाने वालीं जेमिमा रोड्रिग्स वुमेंस बिग बैश लीग 2025 के बाकी बचे सीज़न में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी फ्रेंचाइज़ी ब्रिसबेन हीट ने पुष्टि की है कि जेमिमा भारत में ही रहेंगी ताकि अपनी करीबी दोस्त स्मृति मंधाना और उनके परिवार को मुश्किल समय में सहयोग दे सकें। स्मृति के मैनेजर तुहिन मिश्रा ने इसकी पुष्टि की। इस घटना के बाद जेमिमा ने ऑस्ट्रेलिया वापस न जाने और भारत में रहने का फैसला किया।

# अजलन शाह कप : सेल्वम के गोल से भारत ने न्यूजीलैंड को दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| इपोह

आखिरी क्वार्टर में सेल्वम कार्ति के विजयी गोल की मदद से भारत ने सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी के महत्वपूर्ण मैच में बृहस्पतिवार को न्यूजीलैंड को 3-2 से हराया। भारत ने कल मेजबान मलेशिया को 4-3 से मात दी थी। भारत के लिये अमित रोहिदास (चौथा मिनट), संजय (32वां), सेल्वम (54वां) ने गोल दागे जबकि न्यूजीलैंड के लिये जॉर्ज बेकर (42वां और 48वां) ने दो गोल किये। भारत को अब शनिवार को कनाडा से खेलना है।



## न्यूजीलैंड को नहीं होने दिया हावी

न्यूजीलैंड ने शुरूआती मिनटों में मिडफील्ड में दबदबा बनाने की कोशिश की लेकिन भारतीय डिफेंडरों ने उन्हें मौका नहीं दिया। भारत को पहला मौका चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला जिस पर अनुभवी रोहिदास ने गोल कर दिया। भारतीय टीम एक और गोल करने के करीब थी लेकिन अभिषेक का शॉट कीवी गोलकीपर ने बचा लिया।

## संजय, पवन, सेल्वम ने दागे गोल

दूसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारतीय डिफेंस बेहद चौकस था। भारत ने दूसरे हाफ में कप्तान संजय के पेनल्टी कॉर्नर पर किये गए गोल के दम पर बढत दुगुनी कर ली। न्यूजीलैंड को मिले दो पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए। पवन ने गोल के सामने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन उनकी एकाग्रता टूटने का फायदा उठाकर बेकर ने 42वें मिनट में न्यूजीलैंड के लिये गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में न्यूजीलैंड के लिये उन्होंने दूसरा गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। भारत के लिये विजयी गोल आखिरी सीटी बजने से छह मिनट पहले अभिषेक के पास पर सेल्वम ने किया।

सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन

# तन्वी ने ओकुहारा को हराया मनराज ने दी प्रणय को मात




**लखनऊ।** विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा और मनराज सिंह ने सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए क्रमशः पूर्व विश्व चैम्पियन जापान की नोजोमी ओकुहारा और एच एस प्रणय को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस साल की शुरूआत में यूएस ओपन सुपर 300 के फाइनल में पहुंचने वाली सोलह वर्ष की तन्वी ने दूसरी वरीयता प्राप्त ओकुहारा को 59 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 21-19 से मात दी। उन्नीस वर्ष के मनराज ने 2023 विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता प्रणय को 43 मिनट में 21-15, 21-18 से हराया।

चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में एमबाप्पे ने लगाई दूसरी सबसे तेज हैट्रिक

# एमबाप्पे के चार गोल, रियाल मैड्रिड, पीएसजी और आर्सेनल जीते

एजेंसी ▶▶| पेरिस

काइलियन एमबाप्पे ने अपने जादुई खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में दूसरी सबसे तेज हैट्रिक सहित चार गोल दागकर अपनी टीम रियाल मैड्रिड को जीत दिलाई जबकि पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) और आर्सेनल भी जीत हासिल करने में सफल रहे।

एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड की ओलंपियाकोस पर 4-3 की जीत में 22वें और 29वें मिनट के बीच तीन गोल किए। उन्होंने 60वें मिनट में अपना चौथा गोल किया। एमबाप्पे ने छह मिनट 42 सेकंड के अंतराल में तीन गोल किए लेकिन वह मामूली अंतर से चैंपियंस लीग की सबसे तेज हैट्रिक बनाने से चूक गए। रिकॉर्ड लिवरपूल के मोहम्मद सलाह के नाम है जिन्होंने अक्टूबर 2022 में रेंजर्स के खिलाफ छह मिनट 12 सेकंड में तीन गोल किए थे।




## स्पर्धा में 5 हैट्रिक लगा चुके एमबाप्पे

एमबाप्पे की मौजूदा सत्र में चैंपियंस लीग में यह दूसरी हैट्रिक है। वह इस प्रतियोगिता में अब तक कुल पांच बार हैट्रिक लगा चुके हैं। वह वर्तमान सत्र में इस प्रतियोगिता में नौ गोल कर चुके हैं जो सर्वाधिक हैं।

## अन्य मुकाबलों का ऐसा रहा परिणाम

आर्सेनल ने बायर्न म्यूनिख को 3-1 से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन ने विटिना की हैट्रिक की मदद से टॉटेनहैम को 5-3 से हराया लेकिन लिवरपूल को एनफील्ड में पीएसवी आइंडहोवन के हाथों 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। इंटर मिलान को भी एटलेटिको मैड्रिड के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अब केवल आर्सेनल ऐसी टीम रह गई है जिसने चैंपियंस लीग में अभी तक अपने सभी पांच मैच जीते हैं।

# हर ग्राम के हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाएः सीएस

## मुख्य सचिव जैन ने की जल-जीवन मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा

## पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता

### लापरवाही के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अख्तियार की जाएः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर घर नल से जल के साथ खुशियां भी पहुंचाने के विजन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मिशन को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी पूरी तत्परता के साथ पूर्ण करने में सक्रिय हैं। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने मंगलवार को मंत्रालय में जल जीवन मिशन के कार्यों की सूक्ष्मता से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जल जीवन मिशन की शेष योजनाओं में कार्य की गति तेज़ करते हुए हर ग्राम के हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने के लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए।



सीएस अनुराग जैन

गुणवत्ता नियंत्रण एवं नियमित पुनरीक्षण की सभी प्रक्रियाओं को मजबूती से लागू किया जाए। शासन की मंशा है कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अख्तियार की जाए। उन्होंने अब तक 80 लाख 52 हजार 82 घरों तक नल कनेक्शन दिए जाने के कार्य पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि यह प्रगति 72 प्रतिशत से अधिक है और मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य बन रहा है।

#### 280 एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया : नरहरि

प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने बताया कि विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे है कि जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय - सीमा में पूर्ण हों एवं किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता न हो। कार्यों के क्रियान्वयन में विलंब करने के कारण अभी तक विभाग द्वारा कुल 280 एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट किया गया है। साथ ही 22 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टिंग के साथ उनके अनुबंधों को निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ताविहीन सामग्री आपूर्ति तथा निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करने वाले 10 अधिकारियों के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। फर्जी बैंक गारंटी जमा करने का मामला जब विभाग के संज्ञान में आया तो उस ठेकेदार के विरूद्ध विभाग ने न केवल टर्मीनेशन की कार्यवाही की बल्कि ठेकेदार के विरूद्ध सीबीआई में केस भी दर्ज कराया है। विभाग ने अब तक लगभग 30 करोड़ की पेनाल्टी भी एजेंसियों पर लगाई है।



फाइल फोटो

#### 141 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

मुख्य सचिव जैन के निर्देशानुसार प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि द्वारा पुनरीक्षित योजनाओं के योजनावार परीक्षण के लिए संबंधित मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में जिलेवार पुनरीक्षण योजना परीक्षण समिति का गठन किया गया था, जिसमें जल निगम के अधिकारियों को भी सम्मिलित किया गया। इस समिति द्वारा 8358 एकल ग्राम नल जल योजनाओं की पुनरीक्षित योजनाओं का योजनावार परीक्षण किया गया। समिति के प्रतिवेदन पर शासन ने जल जीवन मिशन जैसे जनजीवन से जुडे महत्वपूर्ण कार्यों में भी लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कठोर प्रशासनिक रूख अपनाया और उपयंत्री से लेकर कार्यपालन यंत्री स्तर तक के 141 अधिकारियों को ग्रामों की मूल योजनाओं की त्रुटिपूर्ण डीपीआर तैयार करने के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं एवं डीपीआर तैयार करने वाली 187 एजेंसियों को नोटिस जारी किए गए हैं।

#### रोड रीस्टोरेशन के कार्यों को भी उच्च प्राथमिकता

*उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2020 से जल जीवन मिशन संचालित है, जिसके अंतर्गत प्रदेशभर में भू-जल स्त्रोत आधारित एकल ग्राम नल जल योजनाएं एवं सतही जल स्त्रोत आधारित समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस महत्त्वपूर्ण मिशन अंतर्गत कुछ एकल ग्राम नल जल योजनाओं में कुछ मजरे, पारे, टोलों के छूट जाने का मामला संज्ञान में आया था, जिसके फलस्वरूप कुछ ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन प्राप्त न होने की शिकायतें आ रही थीं। इस समस्या और शिकायत मॉग के संदर्भ में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने निर्देश दिए थे कि एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनाओं के पुनरीक्षित होने के कारणों का योजनावार परीक्षण और सत्यापन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मध्यप्रदेश जल निगम के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कराया जाए। साथ ही यह निर्देश दिए गए थे कि जिन ग्रामों की मूल योजनाओं की डीपीआर तैयार करने में मैदानी अधिकारियों द्वारा लापरवाही की है, उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जाए। स्पष्ट किया गया है कि जल जीवन मिशन की किसी भी योजना में गुणवत्ता और पारदर्शिता से समझौता नहीं किया जाएगा और इस कार्य में संलग्न सभी अधिकारी एवं एजेंसियां पूरी तरह जवाबदेह होंगी। विभाग ने रोड रीस्टोरेशन के कार्यों को भी उच्च प्राथमिकता दी है तथा इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है एवं गुणवत्तायुक्त कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि विगत एक वर्ष से केंद्र से राशि प्राप्त होने की प्रत्याशा में राज्य शासन द्वारा अपने बजट से ही इन कार्यों को पूर्ण कर देश में अग्रणी राज्य बनने का गौरव प्राप्त किया है।*

---

## खबर संक्षेप

### तंदूर का उपयोग रोकने सिटी प्लानर, जेडओ और एचओ को जिम्मा

**भोपाल।** राजधानी की होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन में तंदूर का उपयोग करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके उपयोग पर निगरानी का जिम्मा सिटी प्लॉनर, जेडओ और हेल्थ ऑफिसर को दिया गया है। इसके अलावा निर्माणाधीन भवनों में लकड़ी के अलाव का उपयोग करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। निगम प्रशासन ने होटल, रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन संचालकों को इसका उपयोग नहीं करने के नोटिस जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि अगर इसका उपयोग करते पाए गए तो सख्त कार्रवाई और जुर्माना किया जाएगा। निगम प्रशासन ने यह कार्रवाई नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा अलाव एवं तंदूर पर लगाए प्रतिबंध को लेकर शुरू की है। इसके लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है। जोन स्तर पर जेडओ इस काम की निगरानी कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मौके पर सिटी प्लॉनर के साथ हेल्थ ऑफिसर और सहायक आयुक्त मौके पर पहुंचकर चालानी कार्रवाई कर रहे हैं। निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि तंदूर एवं अलाव के उपयोग पर निगरानी का जिम्मा अधिकारियों को दिया है।

### भट्टी जलाने पर आमेर बेकरी हट से वसूला 10 हजार रुपए का जुर्माना

**भोपाल।** नगर निगम के जोन-8 के अमले ने गुरुवार को सिगड़ी, भट्टी का उपयोग करने पर ई-5 अनमोल काम्प्लेक्स रविशंकर नगर स्थित आमेर बेकरी हट के संचालक से 10 हजार रूपए का जुर्माना किया। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर पूरे शहर में जोन-स्तर पर अलाव-तंदूर को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

---

### पहले दिन कई पोलिंग बूथों पर नहीं पहुंची टीम

# अंधेरे में नाइट चौपाल, मोबाइल की लाइट से किया एसआईआर का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में एसआईआर के काम में तेजी लाने के लिए गुरुवार से शहरी क्षेत्र की 1182 बिल्डिंगों के पोलिंग बूथों पर नाइट चौपाल शुरु की जानी थी, लेकिन पहले दिन इक्का-दुक्का बिल्डिंगों में ही टीम पहुंच सकी।

बताया जा रहा है कि निगम से अमला नहीं मिलने की वजह से कई पोलिंग बूथों की बिल्डिंगों में टीम ही नहीं पहुंची। इधर दक्षिण पश्चिम क्षेत्र के वल्लभ नगर के पोलिंग बूथ पर टीम को लाइट नहीं होने की वजह से मोबाइल की रोशनी में काम करना पड़ा। इसी तरह गोविंदपुरा एरिया के कई पोलिंग बूथों पर लाइट गायब रही। ऐसे में मतदाताओं की मदद के लिए लगाई गई चौपाल में अंधेरा पसरा रहा। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने एक दिन पहले ही नाइट चौपाल लगाने के आदेश जारी किए थे।

#### एसआईआर के काम में तेजी लाना लक्ष्य

गोविंदपुरा में पोलिंग बूथ पर नाइट चौपाल शुरू



#### अब सर्चिंग टीम में लगाए गए आईटी एक्सपर्ट

शहरी क्षेत्र के 1182 बिल्डिंगों में नाइट चौपाल लगाई जानी थी, लेकिन पहले दिन कई बिल्डिंगों में टीम ही नहीं पहुंची। इधर गोविंदपुरा क्षेत्र के कई केंद्रों में लाइट नहीं होने की वजह से बीएलओ, सुपरवाइजर और सहायकों को मोबाइल की लाइट में ही काम करना पड़ा। नाइट चौपाल में वर्ष-2003 में मतदाता और उसके माता-पिता, दादा-दादी का नाम सर्च करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने आईटी एक्सपर्ट को तैनात किया है।

#### जिनका नाम नहीं, उन्हें भरना पड़ेगा नया फार्म

एसआईआर के काम के दौरान कई ऐसे मतदाता भी सामने आ रहे हैं, जिनका नाम वर्ष-2025 की वर्तमान वोटर लिस्ट में नाम ही दर्ज नहीं है। ऐसे में इन मतदाताओं को नया फार्म भरना पड़ेगा। इधर, नरेला क्षेत्र में एसआईआर के काम का प्रतिशत बढ़ाने के लिए उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बूथ नंबर-131 से लेकर 140 तक के बीएलओ को एक साथ बैठाया। जिससे डिजिटाइजेशन का काम किया गया। बीएलओ ने दो घंटे में करीब पांच सौ गणना पत्रकों को डिजिटाइज किया।

---

### कोहेफिजा स्थित खानूगांव की घटना, युवक ने हर्जाना देने से मना किया

## कार ने एक्टिवा को मारी टक्कर, दस हजार रुपए का हर्जाना मांगा, तलवार से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव में बुधवार रात कार से बदमाशों ने सड़क किनारे खड़ी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बदमाश एक्टिवा सवार युवक से दस हजार रुपए का हर्जाना मांगने लगे। युवक ने हर्जाना देने से मना किया तो आरोपियों न उस पर तलवार से हमला कर दिया। तलवार का हमला हाथ से रोकने के कारण युवक के हाथ की चार अंगुलियां बुरी तरह से कटी है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस के अनुसार खानूगांव कोहेफिजा निवासी सैय्यद हुजैफा (21) कॉलेज छात्र है। 26 नवंबर की रात 8 बजे वह खानूगांव चौराहा पर चाय की होटल पर अपने दोस्त अयान के साथ बैठकर बातें कर रहा था। तभी एक सफेद रंग की कार आई और सड़क पर किनारे खड़ी एक्टिवा में टक्कर मार दी। यह देखकर अयान और हुजैफा गाड़ी उठाने लगे। इतने में कार से तीन-चार लोग गाली-गलौज करते हुए उतरे और अड़ीबाजी करने लगे। उनका कहना था कि तेरी गाड़ी की वजह से हमारी कार को नुकसान हुआ है। वे दस हजार रुपए की मांग करने लगे।

#### हमले में हाथ की अंगुलियां कटी

हुजैफा और अयान ने गाली देने से मना किया तो उनमें से एक ने कार की डिग्गी में तलवार निकाल कर हमला कर दिया। हुजैफा ने अपने हाथ से छुरी का वार रोका तो उसके हाथ की चार अंगुलियां कट गईं। इतने में मोहल्ले मे रहने वाले नसीम, जीशान और आकाश आ गए और बीच-बचाव की कोशिश की। बदमाशों ने उन पर भी छुरी से हमला करने का प्रयास किया। उन्हीं में से एक ने हुजैफा के सीने पर लात मारकर नीचे गिरा दिया। जमीन पर गिरने से उसके सिर के पिछले हिस्से में में भी चोट आ गई। हुजैफा के जमीन पर गिरते ही दो लडके उसके साथ मारपीट करने लगे। भीड़ इकट्ठा होती देख सभी आरोपी कार में बैठकर फरार हो गए। हुजैफा का कहना है कि वह कार का नंबर एमपी 04 टी ही देख सका। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आरोपियों की पहचान कर पुलिस ने रफीक अली और इमरान उर्फ अरबाज को हिरासत में लिया है। दोनों टीलाजमालपुरा के रहने वाले हैं। कैमरे के फुटेज देख अन्य आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### खुद गिरे या किसी अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही पुलिस

## बाइक सवार युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित मदर टैरेसा स्कूल के पास सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। दो दिन पहले 24 नवंबर की दोपहर घर जाते समय उनके साथ हादसा हुआ है। वह खुद बाइक से गिरे या फिर उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्करम मारी। पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है। एसआई जितेंद्र केवट ने बताया कि लैजू थॉमस पिता ईसी थॉमस (42) यूबी सिटी कोलार में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। 24 नवंबर की दोपहर वह बाइक से घर जाने के लिए निकले थे। इस दौरान मदर टैरेसा स्कूल के पास वे घायल अवस्था में मिले। परिजन उन्हें हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई।

---

## निगरानी बदमाश से देशी कट्टा और दो कारतूस किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने इलाके के निगरानी बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अवैध कट्टे के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि हबीबगंज थाने का निगरानी बदमाश बादल ठाकुर अवैध कट्टा लिए कान्हा टावर के पास खड़ा है। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने कान्हा टावर पहुंची। इस दौरान एक संदिग्ध नजर आया। उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदिग्ध ने अपना नाम बादल ठाकुर पिता चर सिंह ठाकुर (27) ईश्वर नगर, मीरा नगर हबीबगंज बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से देशी कट्टा मिला। कट्टे में एक कारतूस फंसा था, जबकि दूसरा कारतूस जैकेट की जेब में रखा मिला।

### पूर्व सीएम दिग्विजय ने कोर्ट से किया अनुरोध

## राम मंदिर चंदा मामले में लाइव स्ट्रीमिंग नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर




इंदौर हाईकोर्ट में राम मंदिर मामले में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने याचिका लगाई थी। गुरुवार को हुई सुनवाई में वे मौजूद रहे। सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग के दुरुपयोग का हवाला देकर उन्होंने उसे बंद करने का आग्रह किया। जिसे कोर्ट ने माना। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मंदिर वे भी राम मंदिर निर्माण के पवित्र काम का समर्थन करते हैं, इसके लिए उन्होंने भी राशि दी, लेकिन यह काम स्वैच्छिक होना चाहिए। दान के लिए अल्पसंख्यक वर्ग पर दबाव नहीं बनाना चाहिए। इसकी आड़ में कई जगह अल्पसंख्यक लोगों को टारगेट किया। धन संग्रह रैलियों के दौरान हिंसा भी हुई, लेकिन अफसरों ने इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया था। सिंह ने कहा कि राम मंदिर के धन संग्रह की आड़ में इंदौर, मंदसौर, उज्जैन में हिंसा की घटनाए सामने आए थे। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुना है। इस याचिका में प्रदेश सरकार, गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी के अलावा इंदौर, मंदसौर व उज्जैन के कलेक्टर, एसपी को भी पक्षकार बनाया गया है।

**आरोप- अल्पसंख्यकों को टारगेट किया गया**

## बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सुरक्षित गर्भपात सेवा अंतर्गत नवीन सेवा प्रदाताओं के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सिविल डिस्पेंसरी कमला नगर में हुई। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने आईपास डेवेलपमेंट फाउंडेशन भोपाल के सहयोग से मेडिकल मेथड ऑफ अबॉर्शन में उत्कृष्ट सेवा प्रदाय करने वाले चिकित्सा अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।



डॉक्टर को सम्मानित करते डॉ. शर्मा।

---

### एक भी पेड़ काटने का मामला आया तो इंजीनियर होंगे जिम्मेदारः संस्कृति

### बिना अनुमति पेड़ काटने वालों को अब जेल तक जाना पड़ेगा, निगम आयुक्त खुद जारी करेंगी अनुमति

## घटिया सड़क निर्माण को लेकर दो इंजीनियर किए सस्पेंड, एक को शो-काज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय में नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने गुरुवार को घटिया सड़क निर्माण को लेकर दो इंजीनियरों को टीएल की बैठक के बीच में ही सस्पेंड कर दिया, जबकि एक इंजीनियर को शो-कॉज नोटिस दिया गया है। यह कार्रवाई उन्होंने कोलार क्षेत्र में सीएम इंफ्रा के तहत निर्मित सीसी सड़क के कार्यों में लापरवाही बरतने और संतोषजनक जानकारी न देने पर की।

उन्होंने जोन-18 के प्रभारी सहायक यंत्री (यांत्रिक) मनीष सिंह एवं उपयंत्री (यांत्रिक) हरदीप सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक कार्यपालन यंत्री एसके राजेश को शो-काज नोटिस दिया। चार घंटे चली बैठक में निगम आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की।

**चार घंटे तक चली टीएल की बैठक, बिगड़ते पर्यावरण को लेकर निगम आयुक्त ने जताई नाराजगी**

**निगम आयुक्त संस्कृति ने बिना अनुमति पेड़ काटने पर अप्रसन्नता व्यक्त की, गार्डन सेक्शन के अधिकारियों को भी दी हिदायत**



बैठक में अधिकारियों से चर्चा करती निगम आयुक्त संस्कृति जैन।

#### सड़क की जांच करने के अधीक्षण यंत्री को दिए निर्देश

जैन ने निर्मित सड़क की कोर कटिंग कर गुणवत्ता की जांच करने के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए। उन्होंने बिना अनुमति वृक्ष काटने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब शहर में यदि कोई भी बिना अनुमति वृक्ष काटेगा तो उसे जेल तक भी जाना पड़ सकता है। वह स्वयं वृक्ष अधिकारी के रूप में वृक्ष काटने की अनुमति जारी करेंगी।

#### कामों में सुधार लाने तक नवंबर माह का वेतन रोकने के निर्देश

निगम के कार्यों तथा समय सीमा में प्रकरणों की समीक्षा करते हुए यांत्रिक विभाग द्वारा किए जा रहे कामों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों में सुधार लाने तक नवम्बर माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। बता दें कि वार्ड 83 के वार्ड कार्यालय के सामने मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत सीसी रोड का निर्माण जून में किया था। उक्त रोड का निर्माण मानक स्तर से नहीं होने के कारण जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। इसकी तस्वीरें भी स्क्रीन पर दिखाई गईं। सूत्रों के अनुसार एक विधायक ने गुरुवार को सुबह ही खराब रोड के फोटो निगम आयुक्त को भेजे थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930